वर्ष : 06 अंक : 296

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

शुक्रवार, 03 मई 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com     Website: jharkhanddarshan.net



## एक नजर

### बीएसएफ की गोलीबारी में एक घुसपैठिया ढेर

**जम्मू।** जम्मू संभाग के सांबा जिले की भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश करते हुए एक घुसपैठिए को मार गिराया है। बीएसएफ जम्मू फ्रंटियर के आईजी डीके बूरा ने कहा कि बीएसएफ की 125वीं वाहिनी के जवानों ने बुधवार रात सांबा में रीगल पोस्ट की जीरो लाइन के पास सीमा पर कुछ हलचल देखी और उस पर नजर रखी। इस दौरान जवानों ने एक घुसपैठिए को भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा और ललकारा। ऐसा करने पर भी जब घुसपैठिया नहीं रूका तो जवानों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस कार्रवाई में घुसपैठिया मौके पर ढेर हो गया।घुसपैठिये से कोई बड़ी बरामदगी नहीं हुई है। ऐसा लगता है कि उसे सिर्फ रेकी के लिए भेजा गया था।

### हत्या मामले में दोषी चार युवकों को उम्रकैद

**पटना।** बिहार में पटना की एक सत्र अदालत ने हत्या मामले आज चार दोषी युवकों को सश्रम आजीवन कारावास के साथ ही 15-15 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र निवासी राहुल कुमार एवं कदमकुआं थाना क्षेत्र निवासी भवानी तिवारी, सतीश कुमार उर्फ संग्राम तथा दीपक कुमार उर्फ छोटू को भारतीय दंड विधान एवं शस्त्र अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषियों को एक-एक वर्ष के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी।

### दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी हटाए गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के आदेश के बाद दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि डीसीडब्ल्यू की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर इनकी नियुक्ति की थी। डीसीडब्ल्यू के आदेश की कापी गुरुवार को एक्स पर साझा की गई। आदेश में डीसीडब्ल्यू एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन उप राज्यपाल की मंजूरी के बिना 223 नए पद बना दि गए हैं।

## पीएम मोदी का दो दिवसीय झारखंड दौरा आज से, रांची में करेंगे डेढ़ किमी लंबा रोड शो

# चाईबासा, पलामू व लोहरदगा की सभा में करेंगे चुनावी शंखनाद

संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री तीन मई को चाईबासा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह राजभवन जाने के दौरान रांची में रोड शो भी करेंगे। फिर राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन चार मई को पलामू और लोहरदगा में उनकी चुनावी सभा निर्धारित है।

इस दौरान सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक ना हो, इसको लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। प्रधानमंत्री का रोड शो जिस रास्ते से गुजरेगा, उसके दोनों तरफ बैरिकेडिंग भी की जा रही है। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में जिला पुलिस और केंद्रीय बल के जवान तैनात रहेंगे।



### भारी संख्या में सुरक्षा तैनात

इस दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात रहने वाले जवानों को सुरक्षा को लेकर अहम जानकारी दी। वहीं पीएम मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक भारी संख्या में जवानों को तैनात किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान, उनके तय रूट पर बैरिकेडिंग किया जा रहा है। 3 मई को राजधानी के ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव रहेंगे।

### रांची पुलिस करेगी मॉक ड्रिल

गुरुवार को प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक मॉक ड्रिल किया गया। एयरपोर्ट से लेकर राज भवन तक बनाए गए ड्रॉप गेट पर तैनात पुलिस कर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। शाम 6:30 बजे पीएम के कारकेड का मॉक ड्रिल किया गया। इसको लेकर सिटी एसपी सहित कई अधिकारी रांची एयरपोर्ट पहुंचे हैं। वहीं मॉक ड्रिल के दौरान राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था थम गयी।

### रांची में करेंगे रोड शो

मालूम हो कि पीएम मोदी तीन मई को चाईबासा में जनसभा कर एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा के पक्ष में प्रचार करेंगे। फिर पीएम राजभवन जाने के क्रम में राजधानी रांची में शाम 5:00 बजे एक रोड शो भी करेंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो हरमू मुक्तिधाम से रातू रोड चौक तक लगभग डेढ़ किलोमीटर का होगा। रात्रि विश्राम के बाद पीएम मोदी 4 मई को पलामू और लोहरदगा में भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

## अन्नपूर्णा व दिलीप वर्मा के नामांकन के बाद भाजपा ने की जनसभा

# मोदी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण को लेकर कटिबद्ध : मौर्य

- कैशव प्रसाद मौर्य, बाबूलाल मरांडी सहित कई विधायक व नेता हुए शामिल
- प्रचंड बहुमत के साथ मोदी के चार सौ पार के नारे को सार्थक करने का अह्वान

संवाददाता

**गिरिडीह।** भाजपा के द्वारा गुरुवार को कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के नामांकन के मौके पर शहर के सर्कस मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधान सभा के सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। जनसभा में उत्तरप्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक बाबूलाल मरांडी, सारठ विधायक रंधीर सिंह, भरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व मंत्री लूईस मरांडी, मीरा यादव, पूर्व सांसद रवीन्द्र पांडेय, सहित कई भाजपा के अलावे एनडीए गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए और जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के चार सौ पार के नारे को सार्थक करने के लिए कार्यकर्ताओं का अह्वान किया।



### तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी सरकार

यूपी के उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश में रिकॉर्ड बन रहा है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर रिकॉर्ड बनाना है। कहा कि तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ मोदी सरकार व भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करना है। भाजपा गरीबों की सेवा करने वाली पार्टी है, जबकि अन्य पार्टियां सिर्फ गरीबों का शोषण करना जानती है। कहा कि पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ साथ जनता को सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चार सौ सीटे देनी है, बाकि सारे काम मोदी जी हीं कर देंगे। कहा कि मोदी जी हीं एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो गरीब गुरबों व किसानों के साथ साथ जनमानस का सेवा करने के लिए घंटों मेहनत करते हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश की जनता को गरीबी व अव्यवस्था की ओर धकेलने का काम किया था। जबकि मोदी जी ने सिर्फ 10 सालों में देश व देश की जनता की तस्वीर बदल दी है। कहा कि मोदी जी देश की जनता के लिए 18 घंटे काम करते हैं, हमें भी मतदान तक 18 घंटे तक काम करना है।

### भाजपा ही कर सकती है राष्ट्रहित में काम

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में एक बार फिर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बिजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। इस दौरान उन्होंने गांडेय विधानसभा उपचुनाव से भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा के पक्ष में भी मतदान करने की अपील की। कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ साथ देश के विकास के लिए राष्ट्रहीत में काम करने वाली सिर्फ एक हीं पार्टी है ओर वो है भारतीय जनता पार्टी।

### मतदान करने की अपील

कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने पिछले पांच वर्षों में केन्द्र सरकार के सहयोग से कई विकास के कार्य किए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत कोडरमा के धरातल पर उतारने का काम किया है।

## इंडी गठबंधन ने गिरिडीह में किया जनसभा का आयोजन

# साउथ में हाफ और नॉर्थ में साफ के फार्मूले पर करना होगा काम : दीपांकर

संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बिनोद सिंह के नामांकन में शामिल होने गिरिडीह पहुंचे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य की जनसभा बुधवार को पपरावाटांड फुटबाल मैदान में हुई। इस दौरान जनसभा में सीएम के साथ गांडेय प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, कोडरमा प्रत्याशी बिनोद सिंह, आरजेडी नेता गौतम सागर राणा के साथ गिरिडीह इंडी गठबंधन के नेता सतीश केडिया, धनंजय सिंह, राजेश यादव, राजेश सिन्हा, कृष्ण मुरारी शर्मा समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।



### मोदी सरकार ने श्रम कानून की परिभाषा ही बदल दी : चम्पाई सोरेन

इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में झारखंड की पहचान खनिजों वाले प्रदेश के रूप में होती है। लेकिन मोदी सरकार ने श्रम कानून में बदलाव कर इस राज्य की परिभाषा हीं बदल दी है। सीएम सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद वो खुद भी प्रयास में रहें कि हेमंत सोरेन की हर योजना सही से लागू रहे। ग्रामीणों को उसका फायदा मिलता रहे। अब अबुआ आवास योजना को लेकर वो खुद भी सक्रिय है। गांव गांव तक अबुआ आवास योजना को पहुंचाने का लक्ष्य है। इस दिशा में राज्य सरकार तेजी से काम भी कर रही है।

### मोदी सरकार में देश का हाल भयावह होना तय : दीपांकर

इधर जनसभा को संबोधित करते हुए माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने 2024 के चुनाव को देश की सबसे बड़ी लड़ाई बताते हुए कहा कि हर हाल में इंडी गठबंधन को इस लड़ाई को जितना है। क्योंकि मोदी सरकार के आने के बाद देश का हाल भयावह होना तय है। राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी सरकार से अब चुनाव आयोग भी भयभीत दिख रहा है। जिसका उदाहरण है सूरत में एक कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा खुद का नामांकन रद्द हो जाना और इसी तरह मध्य प्रदेश के एक और कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा खुद का नामांकन वापस लेना। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम मोदी बड़ी बड़ी बाते करते हैं लेकिन मणिपुर भूल जाते हैं। माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर ने मौके पर मोदी सरकार पर भड़ास निकाली और कहा कि सूरत और मध्य प्रदेश जैसे मामले अभी चुनाव में आते रहेंगे। लेकिन भाजपा को साउथ में हाफ और नॉर्थ में साफ करने के फामूर्ले पर इंडी गठबंधन को काम करना होगा। तभी देश को बचाने वाली इस लड़ाई को जितना होगा। इधर जनसभा को कई नेताओं ने संबोधित किया।

## हेमंत की क्रिमिनल रीट पर 3 को फैसला सुनाएगा हाई कोर्ट

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

हेमंत सोरेन का कहना था कि उनके खिलाफ जो मामला दर्ज किया गया है, वह मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं है, जिस जमीन की बात ईडी कह रहा है वह जमीन उनके




नाम कभी रहा ही नहीं। आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला नहीं सुनाए जाने के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर ईडी से जवाब मांगा है।

## हेमंत सोरेन सहित अन्य आरोपितों की न्यायिक हिरासत 16 तक बढ़ी

संवाददाता

**रांची।** बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा



दी है। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी।

मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया गया था। मामले में ईडी ने अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

## अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट भारतीय चुनाव में हस्तक्षेप : विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की ओर से जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप है जो कभी सफल नहीं होगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर यह कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि यह आयोग पक्षपातीसंगठन है जिसका अपना राजनीतिक एजेंडा है। यह वार्षिक रिपोर्ट के बहाने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करता रहा है। हमें इस इस आयोग से यह उम्मीद नहीं है कि वह भारत के विविधतापूर्ण बहुलतावादी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कभी समझने का प्रयास भी करेगा। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट दुनिया के सबसे बड़े चुनावी आयोजन में हस्तक्षेप की कोशिश है जो कभी सफल नहीं होगी। प्रवक्ता से जब यह पूछा गया कि क्या वह अमेरिका पर चुनाव में हस्ताक्षर करने का आरोप लगा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के हर पेज पर नजर डालने से स्थिति स्वयं स्पष्ट हो जाती है।

**द्विपक्षीय वार्ता** | भारत-इंडोनेशिया क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर आज होगी वार्ता

# द्विपक्षीय संबंधों का दायरा बढ़ाने पर जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के बीच सातवीं संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की बैठक 03 मई को नई दिल्ली में होगी। बैठक की सह अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एमार्वान टौफैंटो करेंगे। दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार रखेंगे।

2018 में भारत-इंडोनेशिया मित्रता को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। इस मित्रता ने रक्षा उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में नए सहयोग की अनुमति

- भारत के रक्षा सचिव और इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव करेंगे बैठक की अध्यक्षता
- डोनी एमार्वान टौफैंटो पुणे में भारतीय रक्षा उद्योगों के साथ भी बातचीत करने जायेंगे

देने के लिए द्विपक्षीय संबंधों का दायरा बढ़ाया है। दोनों देशों के



बीच रक्षा संबंध इस बढ़ती साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है। इनमें रक्षा सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग, जहाज यात्राएं और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।

भारत और इंडोनेशिया के बीच 2001 में हस्ताक्षरित रक्षा सहयोग समझौते में सहयोग के संभावित क्षेत्रों और साझा हित के मामलों का पता लगाने एवं उन्हें चिन्हित करने, स्वीकृत सहकारी गतिविधियों को शुरू करने, समन्वय करने, निगरानी करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए जेडीसीसी की स्थापना की गई थी। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आज आए इंडोनेशिया के रक्षा महासचिव नई दिल्ली और पुणे में भारतीय रक्षा उद्योगों के साथ भी बातचीत करेंगे।

# पिपरवार में कार-बाइक की भीषण टक्कर, चार की मौत

संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में कार-बाइक की टक्कर में होमगार्ड जवान पंकज कुमार, उसकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे में घायल इस परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक है। यह हादसा बुधवार रात खलारी थानान्तर्गत भेलवाटांड़ में हुआ है। सड़क हादसे में हताहत इस परिवार के पांचों सदस्य बाइक पर थे। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने इसकी पुष्टि की है।

डीएसपी चौधरी ने बताया कि पंकज चतरा जिले में तैनात थे। हादसे में पंकज, उसकी पत्नी



गुड़िया देवी, पुत्र राजदीप और बेटी सलोनी की मौत हो गई। इस हादसे में उनके पुत्र दीपराज का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार, हादसे का शिकार हुए होमगार्ड जवान के घायल बेटे की स्थिति भी बेहद खराब है। पंकज कुमार चतरा के टंडवा सीडीपीओ के यहां ड्यूटी पर तैनात थे। बुधवार देररात टंडवा से ही रांची लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ।

एक नजर

## हाई कोर्ट में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर हुए हाजिर, अगली सुनवाई 18 जून को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और रांची नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर हाजिर हुए। अगली सुनवाई 18 जून को होगी। एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने कोर्ट को बताया कि रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज वन के लिए रांची नगर निगम को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी ) देने के संबंध में केन्द्रीय रोड ट्रांसपोर्ट एवं हाईवे मंत्रालय को पत्र भेजा गया है। वहां से अनुमति मिलते ही रांची नगर निगम को एनओसी दे दिया जाएगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि एनएचएआई जल्द फेज वन के लिए रांची नगर निगम को एनओसी दे। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने कोर्ट को बताया कि एनएचएआई से एनओसी मिलते ही फेज वन का शेष बचा 15 प्रतिशत काम जल्द पूरा कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज-टू, फेज थ्री और फेज फोर के निर्माण कार्य के संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और रांची नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को कोर्ट में उपस्थिति से छूट प्रदान की।

## जायंट्स ग्रुप ऑफ रांची ने बांटा गमछा



**रांची।** मजदूर दिवस के मौके पर बुधवार को जायंट्स ग्रुप ऑफ रांची के द्वारा मजदूरों के बीच प्रचंड गर्मी को देखते हुए धूप से बचाव के लिए सूती गमछा का वितरण राजधानी के रातु रोड स्थित पिस्का मोड़ पर किया गया। इसमें जरुरतमंद 100 लोगों को गमछा देकर लू से बचनें के उपाय के बारे में बताया गया। इस मौके पर विनोद कपूर, प्रदीप अग्रवाल, मितुल कुमार, प्रमोद रंजन, दीपक जैन, जितेन्द्र साहा, मिथिलेश साहु, धनंजय अग्रवाल, श्रीमती पायल जैन,श्रीमती ज्योत्सना देवी उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के नामांकन सभा में शामिल हुए श्रमिक और किसान



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के महामंत्री ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में गुरुवार को पंडरा बाजार समिति प्रांगण से काफी संख्या में मजदूर एवं किसान भाइयों ने रैली निकालकर मोराबादी मैदान तक भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के प्रति अपना पूर्ण समर्थन दिखाते हुए उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दी। सुबह आठ बजे से ही राजधानी के श्रमिक और ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसान भाई पंडरा मंदिर प्रांगण में जमा होने लगे थे। जहां से सभी समर्थक ऑटो, वाहनो से सवार होकर मोरहावादी मैदान पहुंचे। जहां समर्थकों ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि रांची के विकाश ने झारखंड को राष्ट्रीय फलक तक नई पहचान दिया हैं। मोदी की नीतियों से श्रमिक और किसान बंधुओ के जीवन स्तर में जो बदलाव आया है वो आजादी के बाद पहली बार देखने को मिला है । इस मौके पर संजय मिनोचा ,मदन प्रसाद ,प्रशांत राज ,रोहित साहू,संजय यादव ,मनोज पासवान ,मथुरा राय, सनोज महतो, माखन पासवान ,महेंद्र यादव गौरी शंकर राय ,परमानंद राय,संतोष राय,संतोष सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मजदूरो के बीच टीशर्ट वितरण



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से बुधवार एक मई को मजदूर दिवस के मौके पर सेवा कार्य कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मजदूरो के बीच टीशर्ट का वितरण किया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने कहा मजदूर दिन रात मेहनत करते है तब जा के कोई भी बिजनेस सफल हो पाता है। मजदूर समाज का एक अंग है। आज भी कई मजदूरों की मेहनत से कल कारखाने और कई अन्य कार्य कर देश की प्रगती में अपना योगदान देते हैं। इस मौके पर निकिता जालान ने टी शर्ट की व्यवस्था की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जन-सेवा प्रभारी -दिपीका मोतिका, कविता सोमानी, शुभा अग्रवाल , दीपिका टेकरीवाल,सोनल अग्रवाल , पायल जैन ममता, सरिता बथवाल ने सहयोग किया।

# लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जागरुकता अभियान का हिस्सा बनें : के. रवि कुमार

### सोशल मीडिया पर 7 मई को चलेगा मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कैम्पेन

संवाददाता



**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व के रूप में चल रहे लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रशासन विभिन्न स्तर पर जागरुकता अभियान भी चल रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर को सोशल मीडिया कैम्पेन चलाया जाएगा। इसमें राज्य के सभी स्कूल व कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लेंगे।

उक्त विचार गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहें हैं। बच्चों ने स्कूल एवं कॉलेजों में स्वीप सम्बंधी कई गतिविधियां कराई जा रही हैं। इन बच्चों द्वारा क्विज कंपीटिशन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन आदि कई रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आस-पास के मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैम्पेन में स्कूल प्रबंधन इन सभी गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग के साथ अपलोड करें। साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट को अवश्य टैग करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्कूल के बच्चों को 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर 'जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर लोकतंत्र के एक जागरूक मतदाता के रूप में हम उन्हें तैयार कर सकेंगें। साथ ही भविष्य में होने वाले मतदान में उनकी भागीदारी भी निश्चित कर सकेंगे। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठक में निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और संजय सेठ को जिताएं: धामी

### भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने रांची लोकसभा सीट से भरा पर्चा

संवाददाता



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार व सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकनपत्र दाखिल कर दिया। रांची में सेठ के समर्थकों पर फूलों की वर्षा की गई। नामांकन से पहले भाजपा नेताओं ने एक जनसभा को भी संबोधित किया।

गुरुवार को नामांकन से पहले मोरहाबादी मैदान में हजारों समर्थक जुटे। यहां से रैली के रूप में भीड़ समाहरणालय पहुंची। रैली के दौरान जेसीबी से उनके समर्थकों पर फूलों की बारिश की गई। संजय सेठ के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सहित शामिल हुए। नामांकन से पहले रांची के मोरहाबादी में संजय सेठ के पक्ष में एक चुनावी सभा आयोजित की गई। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और 25 मई को भाई संजय सेठ को प्रचंड मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रही है। यह आपका अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है।

### कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अगर भाजपा नहीं होती, अटल बिहारी वाजपेई नहीं होते तो आज झारखंड राज्य का निर्माण नहीं हुआ होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूसीसी लागू करने की बात करते हैं तो विरोधियों में हड़कंप मच जाता है। हेमंत सरकार पर हमला करते हुए बाउरी ने कहा कि राज्य की जनता ने उन्हें पांच साल का मौका दिया था, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण चार साल में ही उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि भाजपा की सरकार चुनें और इंडी गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंके।

### इंडी गठबंधन का बारात तैयार, लेकिन दूल्हा ही नहीं : सुदेश महतो

जनसभा में आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि रांची लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर परिणाम आएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में बाराती पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा। यह तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं। सुदेश ने कहा कि यह परिपाटी चली आ रही है कि गांधी परिवार में जन्म लेने वाला प्रधानमंत्री ही बनेगा। झारखंड प्रदेश में भी ऐसा ही चल रहा है।

### मोदी की गारंटी ही काम की गारंटी: संजय सेठ

संजय सेठ ने कहा कि देश की तकदीर और तस्वीर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदली है। मोदी की गारंटी ही काम की गारंटी है। झारखंड की जनता ने भी गारंटी दे दी है कि वह सभी 14 सीटें एनडीए को देगी। सेठ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश में इतना विकास कर दिया है, जिससे इंडी गठबंधन के लोग डर गए हैं। उनको ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग पर विश्वास ही नहीं है।

धामी ने कहा कि केन्द्र में 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है।

मोदी की कई योजनाएं गारंटी के रूप में जनता तक पहुंच रही हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सौभाग्य भी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा विकास के लक्ष्य पर काम कर रही है, दूसरी तरफ घोटालेबाज और भ्रष्टाचारियों की फौज है।

# मजदूरों के हक के लिए लड़ूंगी: यशस्विनी सहाय



संवाददाता

**रांची।** राष्ट्र के नवनिर्माण में मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनकी सहभागिता के बिना विकास की बातें नहीं की जा सकती। मजदूरों का समुचित सम्मान जरूरी है। मजदूर राष्ट्र निमार्ता हैं। उक्त बातें रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने बुधवार को एचईसी मुख्यालय के समक्ष एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित जनसभा में बतौर मुख्य अतिथि कही। सुश्री सहाय ने कहा कि उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने एचईसी क्षेत्र से ही राजनीति की शुरूआत की थी। यहां के कारखाना में कार्यरत मजदूरों से उनका विशेष लगाव रहा है। उनके हक और अधिकार के लिए हुए वह हमेशा संघर्षरत रहे हैं। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए वह भी मजदूरों की बेटी और बहन बनकर मजदूरों के हक और अधिकार के लिए सदैव संघर्षरत रहेगी। सुश्री सहाय ने मजदूर दिवस की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि 'दुनिया के मजदूरों एक हो' का नारा दिए जाने के पीछे यही उद्देश्य रहा कि मजदूरों को उनके वाजिब हक से वंचित न रखा जा सके। उन्होंने कहा कि एचईसी कारखाना देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने में सफल रहा है। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी के मजदूरों की बदौलत ही यह कारखाना देश के मातृ उद्योग के रूप में अपना स्थान बना पाया।

**इनकी रही उपस्थिति:** श्रमिक नेता लीलाधर , भवन, हरेंद्र , अर्जुन , रामकुमार , मनोज , प्रकाश , दीपक ओझा, दिलीप सिंह, एसजे मुखर्जी, ब्रजेश कुमार, सुंदरी तिर्की, कांग्रेस नेत्री नीतू देवी, कमल ठाकुर,मधुसूदन एक्का, रंगू लोहरा सहित काफी संख्या में श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि व एचईसी के मजदूर मौजूद थे।

# दोहरे हत्याकांड में सजायफ्ता लोकेश को नहीं दी जमानत

### अदालत ने जून, 2023 में लोकेश चौधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या मामले में सजायफ्ता लोकेश चौधरी की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। इस हत्याकांड में अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने जून, 2023 में लोकेश चौधरी, सुनील सिंह, धर्मेंद्र कुमार तिवारी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। लोकेश ने निचली अदालत की सजा को हाई कोर्ट में चुनौती दी है।

लोकेश चौधरी ने लालपुर निवासी हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल को अशोक नगर स्थित एक न्यूज कार्यालय में 6 मार्च, 2019 को बुलाया था। विवाद होने पर उनकी हत्या गोली मार कर की गयी थी। मामले को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। हत्याकांड के मुख्य आरोपित लोकेश कुमार चौधरी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार रहा था। उसने दिसंबर, 2020 में कोर्ट में सरेंडर किया था।

# दुष्कर्म पीड़ित मुआवजा के बारे में दी गयी जानकारी

संवाददाता



**रांची।** सोनाहातू प्रखण्ड के बांकू गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा, रांची के एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने लोगों को फ्री लिगल एंड निशुल्क विधिक सहायात के बारे में बताया। किसे विधिक सेवा मिलती है, विधिक सेवा के हकदार कौन है एवं महिलाओं व बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से किस प्रकार का सहायता मुहैया कराया जाता है, इसकी जानकारी दी। उन्होंने मोटर वाहन दुर्घटना में मुआवजा प्राप्त करने की भी जानकारी साझा की। बाल विवाह, बाल मजदूरी, शिक्षा के अधिकार और इसके प्रोविजन के बारे में विस्तार से बताया। दुष्कर्म पीड़िता को प्राप्त होनेवाले मुआवजा के बारे में जानकारी दी गयी व मुआवजा प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया। डालसा के पीएलवी रामेश्वर चौधरी के द्वारा सोनाहातू ब्लॉक क्षेत्र में रहनेवाले लोगों के घरों में जाकर उनके समस्याओं को सुना गया तथा उनके निदान के बारे में बताया गया। लिफलेट एवं पम्पलेट भी लोगों को बांटे गये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरती कुमारी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

डालसा, रांची के पीएलवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इस संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान में प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी विस्तृत जानकारी पीएलवी ने प्रदान किया।

### ज्यादातर क्षेत्रों में पारा और चढ़ेगा , लू के दिन 11 दिन तक और बढ़ सकते है

# मई में भी प्रचंड गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली

### 1901 के बाद से पहली बार ऐसा हुआ कि देश के अधिकतर भागों में अप्रैल में सबसे अधिक दिनों तक लू चली

संवाददाता



**रांची।** अप्रैल में पूर्व, पूर्वोत्तर और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में लंबे समय तक गर्मी और लू चलने की मुख्य वजह गरज के साथ होने वाली बारिश में कमी रही। पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और भारत के निकटवर्ती पूर्वी तटों पर निचले स्तर पर बने चक्रवात रोधी परिस्थितियों की वजह से कम बारिश हुई। इस साल अप्रैल का महीना सबसे गर्म रहा। 1901 के बाद से पहली बार ऐसा हुआ कि देश के अधिकतर भागों में अप्रैल में सबसे अधिक दिनों तक लू चली। मई में भी प्रचंड गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली। इस महीने देश के ज्यादातर क्षेत्रों में पारा और चढ़ेगा और लू के दिन भी बढ़कर 11 दिन तक हो सकते हैं। हालांकि, 2023 को अब तक का सबसे गर्म साल माना जाता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को मई महीने के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अप्रैल के महीने में 5 से 7 और फिर 15 से 30 तारीख के बीच दो दौर में लू चली। औसत अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

महापात्र ने कहा कि पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अप्रैल के महीने में औसत न्यूनतम तापमान 28.12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 1901 से दर्ज किए जा रहे तापमान में यह पहला मौका था कि इन क्षेत्रों में अप्रैल में इतना अधिक न्यूनतम तापमान रहा। उन्होंने यह भी बताया कि 1980 के दशक के बाद से दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान आम हो गया है।

# झारखंड रत्न अवॉर्ड मिलने पर ओम प्रकाश अग्रवाल को दी बधाई

संवाददाता



**रांची।** राजधानी के रांची क्लब में आयोजित झारखंड रत्न सम्मान समारोह मे झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सह अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्यो के लिए झारखंड रत्न अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए श्री अग्रवाल को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। अग्रवाल सभा के प्रवक्ता ने श्री अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा है कि श्री अग्रवाल को झारखंड रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाना मारवाड़ी समाज के लिए बहुत ही गौरव की बात है। उनके समाज सेवा में निरंतर कुशल एवं उल्लेखनीय उपलब्धियां को देखते हुए झारखंड रत्न अवार्ड मिला है, जिससे पूरा समाज उत्साहित है। यह एक सुखद सकारात्मक परिवर्तन है।

उन्हें वर्ष 2023 मे अग्रवाल समाज का सर्वोच्च सम्मान अग्रेसन सम्मान से भी सम्मानित किया गया था।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में थोक सब्जी विक्रेता की मौत

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल सब्जी मार्केट स्थित हरी सब्जियों के थोक विक्रेता 32 वर्षीय अफजल हुसैन की सड़क दुर्घटना में मौत रांची के बूटी मोड़ के समीप में बुधवार की रात्रि हो गयी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अफजल हुसैन बुधवार को बोकारो थर्मल से ओरमांझी थोक मात्रा में तरबूज लाने गया हुआ था। ओरमांझी से एक पिकअप वैन तरबूज बोकारो थर्मल और एक वैन बंगाल भेजकर वह रांची बाइक से जा रहा था कि बूटी मोड़ के पहले एक वाहन की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होकर उसकी मौत हो गयी। अफजल के पिता अख्तर हुसैन भी सब्जी के थोक विक्रेता थे और वर्तमान में उनकी दोनों किडनी फेल होने के कारण वे इलाजरत हैं। अफजल अपने पीछे दो छोटे बच्चे एवं पत्नी को छोड गया है।

### ट्यूब लीकेज के कारण बिजली उत्पादन ठप

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 500 मेगावाट वाले ए पावर प्लांट में ट्यूब लीकेज के कारण गुरुवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे से बिजली उत्पादन का कार्य ठप हो गया है। इस संबंध में बताया जाता है कि यूनिट के बॉटम हॉपर के वाटर वाल्व के पास ट्यूब लीकेज के कारण यूनिट को बंद करना पड़ा। जिस समय यूनिट को बंद किया गया उस समय 430 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था। डीवीसी के जीएम ओएंडएम एस भट्टाचार्य ने कहा कि यूनिट आने में एक दो दिन का समय लग जाएगा।

### सीटू ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल के सीसीएल कारो स्पेशल फेज दो स्थित सीटू कार्यालय में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सीटू के सहायक जिला सचिव अख्तर खान ने की। सर्वप्रथम शिकागो के शहीदों तथा संसार के सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर एनसीओईए के केंद्रीय सहायक महामंत्री सह सीटू के झारखंड राज्य सचिव भागीरथ शर्मा ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण देश में रोजगार भी लगातार सिमट रहे हैं,सार्वजनिक संस्थान बेचे जा रहे हैं, किसानों मजदूरों पर असह्य कानून थोपे जा रहे हैं। स्वास्थ्य,आवास,शिक्षा और भोजन आम लोगों के पहुंच के बाहर होने को है। सीटू इस मजदूर दिवस के अवसर पर मांग करता है कि देश की एकता अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए सांप्रदायिक शक्तियों को बेनकाब करते हुए देश में शासक वर्ग के खिलाफ पैदा हो रहे रूझान को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम में प्रमोद गुप्ता, दशरथ करमाली, टेकामन यादव, रूपलाल कमार, विक्की सिंह, राजू साव, जीतन मांझी मुख्य रूप से उपस्थित थ।

### मजदूर दिवस पर चालकों में बांटे उपहार



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित कमला के मार्डन स्कूल में बुधवार को मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पत्रकार संजय कुमार मिश्रा ने बच्चों को स्कूल लेकर आनेवाले वाहनों के चालकों एवं स्कूल के नन टीचिंग स्टाफ को मिठाई का पैकेट एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर चालकों एवं स्कूल के गैर शैक्षणिक स्टाफों में नरेश, बिनोद, आजाद, अशोक यादव, धर्मेंद्र, सुरेश, सिद्धू, अजय, अवधेश साव, महादेव, कमलेश चैहान, मो नसीब और स्कूल के कर्मचारियों में पिंकी, प्रतिमा देवी, मीना देवी, बेबी, बीना सहित स्कूल की अध्यक्ष नीतिका गायकवाड़, मधुकर गायकवाड़, शुभ हर्ष, कुलदीप आदि थे।

# नामांकन बाद की सभा और देखते ही देखते पुलिस को चकमा दे फरार हो गए जयराम

**बोकारो में रांची के एक मामले में गिरफ्तार करने पहुंची थी पुलिस, हिरासत से भाग निकले, दो समर्थक धराए**

संवाददाता

**बोकारो :** गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद बोकारो पहुंची रांची पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार कर लिया। सभा के दौरान ही जयराम पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। बताया जाता है कि जयराम महतो ने पुलिस ने जनसभा को संबोधित करने की अनुमति मांगी. और पुलिस ने उन्हें सभा को संबोधित करने की परमिशन भी दी, लेकिन इस बीच जयराम महतो पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गए। बता दें, विधानसभा घेराव मामले में वारंट जारी होने के बाद नगड़ी डीएसपी और इंस्पेक्टर बोकारो पहुंचे थे। पुलिस ने नगड़ी थाना के केस संख्या 48/22 में जयराम महतो को गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए नामांकन के बाद गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के बाद उन्होंने जनसभा करने के लिए पुलिस से अनुमति मांगी जिसके लिए पुलिस ने उन्हें यह अनुमति दे दी थी। इस दौरान जयराम महतो ने यह कहा था कि वे सभा को संबोधित करने के बाद पुलिस को सरेंडर करेंगे।

बता दें, इससे पहले वे गिरिडीह लोकसभा सीट के लिए नामांकन करने डीसी दफ्तर पहुंचे थे और इस बीच रांची के नगड़ी थाना के डीएसपी और पुलिस बल के जवान वहां काफी संख्या में उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पहुंची थी। नामांकन को लेकर मौके पर जयराम महतो के कार्यकर्ता भी काफी संख्या में मौजूद थे। लेकिन नामांकन करने के बाद जायराम महतो जैसे ही दफ्तर से बाहर निकले पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इधर, इस मामले में चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है। झारखंड चुनाव आयोग के रवि कुमार ने कहा है कि डिस्टिक एडमिनिस्ट्रेशन से जवाब तलब किया गया है उसके बाद नेगलिजेंस के तहत उनपर कार्रवाई होगी। पुलिस ने जयराम को पुलिस हिरासत से भगाने के आरोप में उनके दो समर्थकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें धनबाद के रहने वाले संजय महतो, रिजवान अंसारी व फरजान खान के नाम शामिल हैं।



### नाम-निर्देशन के चौथे दिन कुल तीन ने लिए पर्चे, अब तक पांच के दाखिल

# गिरिडीह लोस क्षेत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी, बोकारो समाहरणालय में गहमागहमी

संवाददाता

**बोकारो :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए होनेवाले चुनाव को लेकर बोकारो समाहरणालय में प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया लगातार जारी है। इसके कारण समाहरणालय से लेकर आसपास के पूरे इलाके में चुनावी मेला लगा है और भारी गहमागहमी देखी जा रही है। प्रत्याशी अपने संग कार्यकताओं व समर्थकों का हुजूम लेकर पहुंच रहे हैं। जो भी प्रत्याशी आता है, साथ में अपने जिंदाबाद के नारे लगवाते हुए आता है और भीड़ को संभालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। 44-45 डिग्री सेल्सियस वाली गर्मी के बीच चुनावी तापमान भी चरम पर है। इसी क्रम में गुरुवार को राइट टू रिकॉल पार्टी के शिवजी प्रसाद एवं पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रमोद राम ने अपने नामांकन प्रपत्र उपायुक्त सह गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष दाखिल किए।

06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन गुरुवार को नाम निर्देशन के लिए कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निवार्ची पदाधिकारी श्रीमती जाधव ने कहा कि चौथे दिन कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से विधि सम्मत शुल्क भुगतान कर लिया। वहीं, 02 उम्मीदवारों क्रमशः राइट टू रिकॉल पार्टी के शिवजी प्रसाद, पिता- रामाधार प्रसाद, क्वा. न. 403, मुराइडीह, पो. पोचारी, जिला धनबाद तथा पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी के प्रमोद राम, पिता - ठाकुर दास, ग्राम कटनियां, पो. औझाडीह, थाना टुण्डी, जिला धनबाद ने अपने नामांकन प्रपत्र दाखिल किए। जबकि, ईमाम शफी, राकेश रोशन और राजा हक ने अपने प्रपत्र खरीदे। उल्लेखनीय है कि 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 18 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 05 लोगों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।





### बीएसएल में आईएसओ 50001: 2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली का सवेर्लेंस ऑडिट



संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील में तीनदिवसीय ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के सवेर्लेंस ऑडिट आईएसओ 50001: 2018 कार्यक्रम का आयोजन गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित किया गया। मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक श्री कौशिक चक्रवर्ती (टीम लीडर) और विकास गुप्ता (सदस्य) के द्वारा सवेर्लेंस ऑडिट किया जा रहा है। अनुपमा तिवारी, महाप्रबंधक (बिजनेस एक्सीलेंस) ने लेखा परीक्षकों का स्वागत किया। गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) ने ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली तथा सवेर्लेंस ऑडिट के महत्व के बारे में बताया।

आईएसओ 50001: 2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत बोकारो स्टील प्लांट के सी ओ & सी सी, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, हॉट स्ट्रिप मिल, ऊर्जा प्रबंधन विभाग, डी एन डब्ल्यू, आई एंड ए, ई टी एल, सामग्री प्रबंधन और मानव संसाधन विभाग का सवेर्लेंस ऑडिट किया जा रहा है। ऑडिट कार्यक्रम, ऊर्जा प्रबंधन विभाग और बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से संचालित और समन्वित किया जा रहा है।

### पत्थर खदान का पानी पीने को विवश हैं खुटरी पंचायतवासी

# तुपकाडीह में पेयजल की घोर किल्लत



कार्यालय संवाददाता

**बोकारो :** तुपकाडीह में पेयजल की घोर किल्लत हो गई है। यहां के पांच पंचायतवासी तेनु बोकारो नहर का पानी नहाने- पीने में इस्तेमाल करने को विवश हैं। दामोदर नदी के किनारे स्थित मानगो गांव के लोग नहाने के बाद गैलन में पानी भर कर अपने घर ले जाते हैं। वहीं, खुटरी पंचायत भुटकुरु गांववासी पत्थर खदान से पानी लाकर खाना बनाने और पीते हैं। प्यासे जानवर पानी के लिए भटकते रहते हैं। दर्जनों चापाकल ने पानी देना छोड़ दिया है। तालाब चेकडेम जोरिया आदि में पानी नहीं है। पेयजल आपूर्ति विभाग के द्वारा लगाये गए सोलर पानी सिस्टम भी बेकार साबित हुआ।

ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार के गलत काम करने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों ऐसी समस्या उतपन्न हुई है। करोड़ों रुपये की लागत से बना जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना से 10 पंचायत को रोजाना सुबह मिलने वाला सप्लाई पानी गत एक सप्ताह से बंद हो गया है। पानी कब मिलेगा यह बताने के लिए बहु पंचायत पेयजल आपूर्ति विभाग या संवेदक कोई तैयार नहीं है। इधर, जरीडीह बीडीओ जयलाल महतो ने बताया कि 8 पंचायत के मुखिया के साथ बातकर जलापूर्ति शुरू करने का काम हो रहा है।

### डीवीसी मजदूर यूनियन कार्यालय में मई दिवस का आयोजन

**केंद्र के नये श्रम कानूनों से मजदूरों को काफी नुकसान हुआ है**

**नये कानून से ठेकेदार कभी भी मजदूरों की छंटनी कर सकता है**



संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी मजदूर यूनियन कार्यालय में बुधवार को मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। यूनियन के नेता जानकी महतो ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम आरंभ किया। जानकी महतो, भाकपा के अंचल सचिव ब्रज किशोर सिंह, मो मनीरुद्दीन, मो शाहजहां, राज किशोर प्रसाद सिंह आदि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार निरंकुश हो गई है। केंद्र के नये श्रम कानूनों से मजदूरों को काफी नुकसान हुआ है। कहा कि डीजल पेट्रोल और रसोई गैस के मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि के कारण देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। पब्लिक सेक्टर के उपक्रमों को सरकार लगातार बेचने का काम कर रही है, जिससे बेरोजगारी बढ़ती जा रही है।

मजदूरों से 12-12 घंटे काम लिये जा रहे हैं। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की समाजिक सुरक्षा अब खतरे में है। कहा कि ऐसे मे बिना किसी भेदभाव के सभी को मिलकर चुनाव बाद मजदूर विरोधी,किसान विरोधी और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क पर आंदोलन करने की जरुरत है। कहा कि नये कानून से ठेकेदार कभी भी मजदूरों की छंटनी कर सकता है। मजदूरों के ईपीएफ का लाखों-करोड़ों रुपया केंद्र सरकार ने अडानी एवं अंबानी को दे रखा है, जो पूरी तरह से गैर कानूनी है। डीवीसी बोकारो थर्मल में भी मजदूरों का प्रबंधन के नाक के नीचे कंपनियां खुलेआम शोषण कर रही है और प्रबंधन मूक दर्शक बना हुआ है। केंद्र सरकार करोड़ो नौजवानों को रोजगार, शिक्षा, सस्ती मेडिकल सुविधा देने की बात नहीं कर रही, सिर्फ मंदिर मस्जिद की बात कर देश की जनता को भड़काने का काम को रहा है, इसलिए आज मजदूरों में व्यापक एकता बनाकर प्रबंधन हो या सरकार दोनों के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ बड़े आंदोलन करने की जरुरत है। सभा में शिवराम शर्मा, मो मनीरुद्दीन, असीम तिवारी, सत्यजीत राय, गणेश घांसी, पप्पू शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बाल विवाह पर कार्रवाई , रास्ते से बैरंग लौटी बारात

### सीडब्ल्यूसी की पहल : नाबालिग को बधु होने से बचाया गया



संवाददाता

**बोकारो :** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर कार्यरत सामाजिक संस्था सहयोगिनी के शिकायत पर बरमसिया ओपी, चंदनकियारी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग को बाल विवाह होने से बचाया गया। सहयोगिनी संस्था ने बाल कल्याण समिति को लिखित सूचना दी कि चास के झालबरदा बस्ती के एक बच्ची का बाल विवाह एक मई को होने वाला है। उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बाल कल्याण समिति की न्यायिक बेंच ने बाल विवाह निषेध पदाधिकारी सह बीडीओ चंदनकियारी को पत्र लिखकर अविलंब बाल विवाह रोकने को कहा।।जिसकी प्रति उपायुक्त बोकारो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी को दिया गया। बीडीओ की टीम, पुलिस एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा उक्त शादी पर रोक लगाया गया। इस दौरान शादी की सभी तैयारी पूरी कर ली गई थी तथा घर में मेहमानों की भीड़ लगी हुई थी। बाल विवाह रोकने के लिए पहुंची टीम को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बालिका को कूक के समग्र प्रस्तुत भी किया गया जिसके बाद बालिका की माता ने सीडब्ल्यूसी के नाम लिखित पत्र देकर कहा कि जब तक बालिका की उम्र 18 वर्ष पूरी नहीं हो जाती है, तब तक अपनी पुत्री का विवाह नहीं करूंगी। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष शंकर रवानी, सदस्य प्रीति प्रसाद, रेणु रंजन, प्रगति शंकर, मो0 रजी अहमद ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए बाल विवाह को रोका। इस संबंध में सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि बोकारो जिले में बाल विवाह के खिलाफ 150 गांव में 251000 लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण करवाया गया है। तथा बाल विवाह रोकने के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव पंचायत प्रतिनिधियों ,शिक्षकों, स्टेकहोल्डर के साथ मिलकर अभियान चला रहे हैं।

# स्क्रैप का स्ट्रक्चर गिरने से 11केवी का केबुल कटा, बिजली सेवा बाधित

**स्मेलटर्स कंपनी द्वारा पांच नंबर कन्वेयर स्ट्रक्चर कटिंग का कार्य किया जा रहा था**

**बिजली सप्लाई ठप होने से भीषण गर्मी में कॉलोनीवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है**

संवाददाता

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 630 मेगावाट वाले स्क्रैप प्लांट में स्क्रैप कटिंग के दौरान स्ट्रक्चर गिरने से नीचे पावर प्लांट से कॉलोनी को सप्लाई होने वाले 11 केवी का केबल क्षतिग्रस्त हो जाने से कॉलोनी के एक बड़े हिस्से की बिजली सप्लाई ठप हो गई है। घटना गुरुवार दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बी प्लांट स्थित पुराना एडीएम भवन के पास राधा स्मेलटर्स कंपनी द्वारा पांच नंबर कन्वेयर स्ट्रक्चर कटिंग का कार्य किया जा रहा था। कंपनी के द्वारा पूरा स्ट्रक्चर कटिंग करके गिरा दिया गया।

नीचे जमीन पर प्लांट से कॉलोनी को सप्लाई होने वाले 11 केवी का विद्युत केबल स्ट्रक्चर गिरने से क्षतिग्रस्त हो शार्ट सर्किट कर जल गया, जिससे कॉलोनी के एक बड़े हिस्से की बिजली सप्लाई ठप हो गई है। बिजली सप्लाई ठप होने से भीषण गर्मी में कॉलोनीवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। केबल क्षतिग्रस्त होने की सूचना पाकर कॉलोनी सबस्टेशन सहित पावर प्लांट के कामगार जब कार्य करने पहुंचे तो केबल पर बड़ा स्ट्रक्चर गिरा होने के कारण कार्य करना संभव नहीं था।

कामगारों एवं बिजली विभाग के इंजीनियरों ने मलबे के नीचे दबे क्षतिग्रस्त केबुल को बाइपास कनेक्शन करके कॉलोनी की बाधित बिजली सेवा को बहाल करने को लेकर काम कर रहे हैं।

# विश्व श्रम दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह द्वारा कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन में विश्व श्रम दिवस के अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम बिश्नोई के द्वारा मजदूरों के बीच विधिक जागरूकता सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन बड़ा चौक गिरिडीह में किया गया।




इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम बिश्नोई ने उपस्थित श्रमिकों को माननीय झालसा, रांची के द्वारा लांच किए गए प्रोजेक्ट श्रमेव वंदते तथा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा मजदूरों के हित एवं कल्याण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, भवन निर्माण के मजदूरों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में मजदूरों के कल्याण हेतु विभिन्न प्रकार के कानूनी प्रावधानों को समाहित किया गया है। जिसके तहत समान कार्य समान वेतन, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, बेगार प्रथा का उन्मूलन इत्यादि कई अन्य महत्वपूर्ण कानून उल्लेखनीय हैं। मजदूरों को त्वरित न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों में श्रम न्यायालय की स्थापना भी की गई है। मजदूरों को जागरूक करते हुए कहा कि माननीय झालसा, रांची के द्वारा मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा प्रोजेक्ट-श्रमेव वंदते को लांच किया गया है, जिसके तहत असंगठित क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत तमाम मजदूरों के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ उन तक पहुंचाया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सहायता केंद्र संचालित हैं एवं पारा लीगल वालंटियर्स के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कल्याण के लिए उनका निबंधन श्रम विभाग के द्वारा निरंतर करवाया जा रहा है। साथ हीं साथ श्रम विभाग के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ भी उन मजदूरों तथा उनके परिवारजनों तक निरंतर प्रदान किया जा रहा है।

## गांवा बीडीओ व सीओ ने की बीएलओ संग बैठक संपन्न



संवाददाता

**गिरिडीह।** गांवा बीडीओ महेंद्र रविदास व सीओ अविनाश रंजन ने प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को सभी बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता पर्ची वितरण किये जाने का निर्देश दिया गया। चुनाव के दौरान बीएलओ के कार्य एवं दायित्वो पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी बूथों में प्राधानाचार्य के साथ बैठक कर विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं को व्यवस्थित करने पर जोर दिया गया। निर्देश दिया गया कि सभी बूथों का नियमित निरीक्षण कर वहां समय से पहले व्यवस्था को बहाल करें। मौके पर थाना प्रभारी महेश चंद्र, अनिल कुमार, प्रदीप राम, गोपाल रजक, विजय चौधरी, अजय राम, गुलशन आरा, सुधा शर्मा, संजू देवी, गायत्री देवी, चमेली देवी, किरण देवी, सतीश चौधरी, निशान्त टुडू, कार्तिक विश्वकर्मा, संतोष रविदास समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस



**बेरम।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन से संबद्ध एटक द्वारा बुधवार को अपने चंद्रपुरा मोड़ फुसरो स्थित झाकोमयू असंगठित मजदूर यूनियन कार्यालय में विश्व अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। इस मौके पर झाकोमयू के पदाधिकारियों ने असंगठित मजदूरों को मिठाई खिलाकर सम्मान और शुभकामनाएं दी। वक्ताओं ने कहा कि आज हीं के दिन मजदूरों को आठ घंटे मजदूरी तय हुई। जिससे आठ घंटे काम के बाद बाकी समय अपने परिवार के साथ जीने का अवसर मिला। साथ हीं मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तय हुई। जिसके कारण आज मजदूरी और मजदूर परिवार में खुशहाली है। कहा कि हमारी यूनियन आंदोलन कर कोयला मजदूरों या असंगठित मजदूरों को अधिकार दिलाने का काम कराती है और समस्याएं हल कराती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा थापा व संचालन मनीलाल पाल ने किया। इस मौके पर झाकोमयू के शंभूनाथ महतो, मधु पासवान, बिरन लोहार, रामकृत महतो, जगदीश महतो हेमलाल महतो, पुनीत गिरि, गणेश महतो, जय कुमार टुडू, सहदेव मांझी, गिरधारी महतो, लक्ष्मण हांसदा, हीरालाल ठाकुर, महेंद्र मंडल, बालकरण भुइंया, नरेश सिंह, अलिया देवी, अशोक महतो, अर्पित लोहार, डोमन हांसदा आदि उपस्थित थे।

### क्यूटिज क्लब प्ले स्कूल एवं ट्यूशन क्लासेज का उद्घाटन



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल बाजार टांड़ में स्मार्ट क्यूटीज क्लब प्ले स्कूल एवं ट्यूशन क्लासेज का उद्घाटन डीवीसी बोकारो थर्मल के परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी ने विद्यालय में पूजा अर्चना कर व फीता काटकर किया। विद्यालय प्रबंधन के नीरज कुमार इंजीनियर एवं नीतू कुमारी ने बताया कि स्कूल में स्मार्ट डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था की गई है। स्मार्ट क्लासेज के अलावा झूला पार्क सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में बच्चे रहेंगे। बच्चों को लाने व ले जाने के लिए ऐसी वैन की व्यवस्था की गई है। प्ले स्कूल के अलावा कक्षा 1 से 12 तक सारे विषयों के ट्यूशन की व्यवस्था की गई है। ट्यूशन के बच्चों को भी स्मार्ट बोर्ड से डाउन क्लियर करने के लिए हर विषय के मूलभूत व्यवस्था की आवश्यकता होती है। किसी भी टॉपिक में आ रही समस्या को स्मार्ट टॉपिक से समझाया जा सकता है। उद्घाटन समारोह में अतिथियों के स्वागत में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बोकारो जिला संरक्षक भुवनेश्वर प्रसाद साव, बोकारो जिला अध्यक्ष जोधन नायक, मुखिया अंजू आलम, मो० महबूब आलम, पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी व लोग उपस्थित थे।

### मारवाड़ी सम्मेलन ने फुसरो में शुरू किया अस्थायी पनशाला




**बेरमो।** बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा गुरुवार को सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए नया रोड फुसरो स्थित नेमीचन्द गोयल के दुकान के पास अस्थायी पनशाला की शुरूआत की गई। इस मौके पर उपस्थित बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन के वरीय सलाहकार ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि यहां पनशाला खुलने से राहगीरों को इस चिलचिलाती धूप और गर्मी में काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर दिलीप गोयल, शाखा के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार खेमका, उपाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, सचिव नेमीचन्द गोयल, कोषाध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल, सम्मेलन के सदस्य मनोज अग्रवाल, भोलू शर्मा और आस पास के दुकानदार उपस्थित थे।

## इंडी गठबंधन ने गिरिडीह में किया जनसभा का आयोजन



संवाददाता

**गिरिडीह।** कोडरमा के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बिनोद सिंह के नामांकन में शामिल होने गिरिडीह पहुंचे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य की जनसभा बुधवार को पपरावाटांड फुटबाल मैदान में हुई। इस दौरान जनसभा में सीएम के साथ गांडेय प्रत्याशी कल्पना सोरेन, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, कोडरमा प्रत्याशी बिनोद सिंह, आरजेडी नेता गौतम सागर राणा के साथ गिरिडीह इंडी गठबंधन के नेता सतीश केडिया, धनंजय सिंह, राजेश यादव, राजेश सिन्हा, कृष्ण मुरारी शर्मा समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम चम्पाई सोरेन ने कहा कि देश में झारखंड की पहचान खनिजों वाले प्रदेश के रूप में होती है। लेकिन मोदी सरकार ने श्रम कानून में बदलाव कर इस राज्य की परिभाषा हीं बदल दी है। सीएम सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद वो खुद भी प्रयास में रहें कि हेमंत सोरेन की हर योजना सही से लागू रहे।

## जगदीश सिंह स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर में बाल मेला सह प्रदर्शनी का उद्घाटन

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के अंगवाली स्थित जगदीश सिंह स्मारक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बाल मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष आनंद भगत व सचिव सचिन मिश्रा ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सजल मैथी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी एवं कार्य दिखाये। वहीं बच्चों ने कई हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया। अध्यक्ष आनंद भगत व सचिव श्री मिश्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की सृजनात्मक क्षमता को बढ़ाते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यही बच्चे आगे चल कर राष्ट्र के निर्माण में योगदान देंगे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बरगंडा में राहगीरों के लिए की प्याऊ की शुरूआत

### ठंडा पानी के साथ हीं सत्तू का शर्बत, मैंगो शर्बत, व चना-गुड़ कराया जायेगा उपलब्ध : चैम्बर्स

संवाददाता

**गिरिडीह।** भीषण गर्मी को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह की ओर से बुधवार को मजदूर दिवस के मौके पर बरगंडा स्थित वंडर वर्ल्ड के बाहर अस्थायी प्याऊ की शुरूआत की गई।

प्याऊ का उद्घाटन सीसीआई के अध्यक्ष राहुल वर्मन, सचिव विकास गुप्ता, रेड क्रॉस के चेयरमैन अरविंद कुमार व राज टेलीकॉम के रवि कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्याऊ के माध्यम से लोगों को सत्तू का शर्बत, मेंगो शर्बत, ठंडा पानी व चना-गुड़ उपलब्ध कराया गया।



तपती धूप में शीतल पेय मिलने से मजबूरी में बाहर निकलने वाले मजदूरों व राहगीरों ने काफी राहत महसूस किया व इस व्यवस्था के लिए आयोजकों की सराहना की। मौके पर सीसीआई के अध्यक्ष राहुल वर्मन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीतल पेय की व्यवस्था की गई है। जहां हर दिन अलग-अलग फ्लेवर के शीतल पेय उपलब्ध कराए जाएंगे। बताया कि यह अभियान जून महीने तक लगातार जारी रहेगा। मौके पर अमरनाथ मंडल, गोपाल भदानी, सुदीप गुप्ता, मशरुर आलम सिद्दीकी, पिंकी अग्रवाल, अन्नू प्रिया, मनोहर वर्मा, प्रदीप मंडल, अजय कुमार, राहुल कुमार, संटू कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## सीसीआई का प्रतिनिधिमंडल विधुत विभाग के महाप्रबंधक से मिला

### सोलर सीटी को लेकर बात हुई

संवाददाता

**गिरिडीह।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष राहुल बर्मन की अगुआई में एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड बिजली निगम के मुख्य अभियंता सह महाप्रबंधक प्रतोष कुमार व कार्यपालक अभियंता तकनीकी प्रणव तिवारी से मिलकर बिजली संकट में सुधार को लेकर विस्तृत बातचीत की। आम जनों को लाभ पहुंचाने हेतु अच्छे वातावरण में बैठक संपन्न हुई।



जिसमें गिरिडीह को सोलर सिटी बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार व राज्य सरकार के हर घर कनेक्सन योजना को तीव्रता से पहुंचाने हेतु सहमति बनी। इसके अलावे शहरी क्षेत्र में बिजली संबंधित असुविधा के लिए डिविजन वाईज हेल्पलाइन की व्यवस्था बहाल करने की सुविधा सूचना महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किये जाने की बात की गई। शहरी क्षेत्र में बिजली की जो व्यवस्था अभी चरमराई हुई है उसे दुरुस्त करने की बात की गई। इसके अलावे निगम क्षेत्र के कई इलाकों में जले ट्रांसफार्मर व जर्जर विधुत तार को लेकर भी पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। सीसीआई के पदाधिकारियों ने ऊर्जा मित्र के कर्मियों को आई कार्ड लगाकर ही प्रतिष्ठान या आवास में विजीट करने की बात कही गयी। जिस पर अधिकारियों ने भी सहमति जताई। बकाया बिजली बिल की वसूली समेत उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य समस्याओं को लेकर सीसीआई की अगुआई में कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में सीसीआई के सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी आदि शामिल थे।

## फुसरो नप ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में नगर परिषद कार्यालय से मुख्य पथ होते हुए फुसरो बाजार तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। तत्पश्चात मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। फुसरो नगर परिषद प्रशासक द्वारा सभी को 25 मई 2024 को मतदान अवश्य करने हेतु जागरूक किया गया एवं अपने घर के आसपास में भी मतदाताओं को 25 मई को मतदान केंद्र में जाकर अपना मतदान करने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया गया।

## सीसीएल बीएंडके व ढोरी में मनाया गया मजदूर दिवस



संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी व बीएंडके में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। यहां सीसीएल अधिकारी व यूनियन नेताओं ने श्रमिक प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम के रामा कृष्णा सहित अधिकारी व यूनियन नेताओं ने श्रमिक प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की। जीएम श्री कृष्णा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल एक मई को मनाया जाता है। आज हीं आंदोलन के बल पर मजदूरों को आठ घंटे का अधिकार मिला। कहा कि यह दिवस हमें याद दिलाता है कि मजदूर किसी भी समाज के रीढ़ होते हैं। मौके पर जीएम माइनिंग केडी प्रसाद, एसओपी राजीव कुमार, पीओ केएस गेवाल, पीएन सिंह सहित कई अधिकारी व यूनियन नेता मौजूद थे।

इसी प्रकार सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना कार्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। यहां सीसीएल अधिकारी व यूनियन नेताओं ने श्रमिक प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। स्थायी व ठेका मजदूर देश की उन्नति में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## केबी कॉलेज में पक्षियों को पानी पिलाने हेतु लगाए गए सकोरे व जलहरी

संवाददाता

**कथारा।** जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज बेरमो में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के यूनिट एक ने कॉलेज कैंपस के पक्षियों को भीषण गर्मी से निजात दिलवाने हेतु प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में कार्यक्रम पदाधिकारी डा० प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु मिट्टी के सकोरे व जलहरी लगाए। प्यास बुझाने के साथ-साथ एक-एक मुट्ठी अन्न के दाने भी प्रत्येक सकोरे के पास चुगने हेतु डाला। एक दर्जन सकोरे कॉलेज कैम्पस के अंदर भिन्न-भिन्न स्थानों पर रखे गए। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि बढ़ती गर्मी से निजात दिलवाने हेतु हर एक व्यक्ति को पशु पक्षियों की



देखरेख करने की आवश्यकता है। प्रोफेसर इंचार्ज गोपाल प्रजापति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पशु पक्षियों का बड़ा महत्व है। गर्मियों में पक्षियों के जीवन को बचाने के लिए दाना पानी देना जरूरी है। जंतु शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० अरुण कुमार रॉय महतो ने कहा कि गर्मियों में जीव जंतुओं की रक्षा का संकल्प हमें मानवतावाद की ओर ले जाता है। कार्यक्रम पदाधिकारी डा० प्रभाकर कुमार ने कहा कि पानी पिलाना पुण्य का कार्य है।

पुण्य कार्य की ओर एनएसएस स्वयंसेवकों का ध्यान गया है। डॉ० मधुरा केरकेट्टा ने भी सकोरे लगाकर पक्षियों को अन्न के दाने डाले। स्वयं सेवकों में प्रथम कुमार, दानिया फिरदौस, शहजादी शहगूफा, मिलन कुमार गुप्ता, सुमीत कुमार सिंह ने पोस्टर के माध्यम से पंछियों के जीवन बचाव का संदेश दिया। स्लोगन के माध्यम से दानिया फिरदौस ने संदेश दिया। निबंध के माध्यम मिलन कुमार गुप्ता ने संदेश दिया, ग्रैंड फीडर और वाटर फिल्टर बनाकर सुमीत कुमार सिंह ने संदेश दिया।

पंछियों को अन्न, सकोरे व जलहरी लगाने वाले श्रमदान गतिविधि में भाग लेने वाले स्वयं सेवकों में राजनंदिनी कुमारी, कुमकुम कुमारी, अंशु कुमार सिंह, करीना कुमारी, संजना कुमारी, सूरज देव साव, कोमल कुमारी, कशिश कुमारी, मो. दिलबर, तस्लीम अख्तर, राहुल केवट, युवांशी कुमारी, तनीषा कुमारी, तनीषा प्रवीण, शहजादी सहगूफा, प्रज्ञा कुमारी, ट्विंकल कुमारी, रोशनी कुमारी, सोनिया कुमारी, मिलन कुमार गुप्ता, सुमीत कुमार सिंह, आदि उपस्थित रहे। शारीरिक सहभागिता वाले सभी स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र एवम मेडल देकर सम्मानित किया गया। कैम्पस गतिविधि कार्यक्रम में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो० इंचार्ज प्रो० गोपाल प्रजापति, डा० अरुण कुमार रॉय महतो, कार्यक्रम पदाधिकारी डा० प्रभाकर कुमार, डा० राम प्रवेश प्रसाद सिंह, डा० साजन भारती, डा० मधुरा केरकेट्टा, प्रो० संजय कुमार दास, मो० साजिद, पुरुष और महिला स्वयं सेवकों आदि की उपस्थिति रही।

## ढोरी जीएम व कामगारों को बेहतर कार्य के लिए सीसीएल सीएमडी ने किया सम्मानित

संवाददाता

**बेरमो।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल सहित विभिन्न परियोजना में कार्यरत कामगारों को बेहतर काम करने के लिए शील्ड, पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सीएमडी श्री सिंह ने ढोरी एरिया के जीएम श्री अग्रवाल को पिछले वर्ष 2023-24 में सकारात्मक कोयला उत्पादन में वृद्धि के साथ लक्ष्य के विरुद्ध ओबी हटाने व कोयले की उच्चतम ग्रेड प्राप्ति के लिए




सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र के पुरस्कार से सम्मनित किया। वहीं ढोरी खास पीओ रंजीत कुमार को भूमिगत खदान से लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार देकर नवाजा गया एसडीओसीएम के ठेका कर्मी धनंजय सिंह को सर्वश्रेष्ठ शोवेल ऑपरेटर व ठेका कर्मी राममोहन चौहान को सर्वश्रेष्ठ डंपर ऑपरेटर, साहेब राम मांझी व काली मांझी को बेस्ट एसडीएल ऑपरेटर का उपहार दिया गया। यहां महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी बेहतर योगदान देने पर महाप्रबंधक श्री अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

# सांसद व विधायक बदलते रहे, पर सिन्दरी पटेल नगर में जल समस्या जस की तस है

संवाददाता

**सिन्दरी।** सांसद व विधायक बदलते रहे, लेकिन नहीं बदली सिन्दरी पटेल नगर की किस्मत, आज भी बूंद -बूंद के लिए लोग तरस रहे हैं। इस आफत वाली गर्मी में अगर पानी नहीं मिले तो क्या हाल होगा।

यह तो भुक्त भोगी हीं बता सकते हैं। पाईप लाईन बिछा दिया गया है। लेकिन कनेक्शन नहीं मिल रहा है। धनबाद सांसद चाहे रीता वर्मा रही हों, ददई दुबे रहे हों या पशुपतिनाथ सिंह रहे हों। सिन्दरी के विधायक चाहे मासस के आनन्द महतो हों, भाजपा के फूलचंद मंडल एवं इन्द्र जीत महतो रहे हों, सिन्दरी के पटेल नगर के लोगों को पानी की समस्या से निजात नहीं मिला। आगे कब मिलेगा, इसका भी कोई डेड लाइन तय नहीं है। इस आफत वाली गर्मी में अगर पानी नहीं मिले तो क्या हाल होगा, यह तो भुक्त भोगी हीं बता सकते हैं। हाल जानने के लिए आपको बहुत दूर जाने की जरूरत नहीं है।



सिन्दरी इलाके के पटेल नगर में अगर आप चले जाय और पानी की चर्चा कर दें तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ता है। लोग धारा प्रवाह में व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों को कोसने लगते हैं। हालांकि यह समस्या सिर्फ इसी साल की गर्मी की नहीं है। 365 दिन इन इलाकों में पानी की समस्या रहती है। लेकिन यह समस्या कभी चुनावी मुद्दा नहीं बनता। सांसद चाहे कोई भी हो, विधायक चाहे कोई भी हो, मुख्यमंत्री चाहे कोई भी हो, इस समस्या का समाधान अब तक नहीं कर पाया है।चापाकल है तो वह कई दिनों से खराब है। घनबाद नगर निगम के द्वारा मरम्मत नहीं किया गया।

## धनबाद में ईसीआरकेयू ने मनाया मजदूर दिवस

संवाददाता

**धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद शाखा ने हर साल की तरह इस साल भी अपने धनबाद हिल कॉलोनी स्थित शाखा कार्यालय प्रांगण में मई दिवस का आयोजन किया था। जिसके तहत शाखा के शाखा अध्यक्ष एन के खवास के द्वारा झंडात्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित सभी कर्मचारियों को मई दिवस का बैच लगाया गया और उपस्थित लोगों ने अपने वक्तव्य रखे।



इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष एन के खवास के अलावे शाखा सचिव आर के सिंह, सोमेन दत्ता, सुप्रटिव चक्रवर्ती, एस बी सिंह, एम के मुकेश, अभिषेक कुमार, परमेश्वर कुमार, एस मुंजेश्वर राव, यू के पाठक, एस के पाल, मृग भूषण सिंह, रोहित पाठक, इस्लाम अंसारी, एस के महतो, एम के तिवारी, विकाश कुमार, गुड्डू कुमार, धर्मवीर पासवान, रिट लाल गोप, प्रदीपतो सिन्हा, अश्वनी कुमार, एम के मण्डल, मिथिलेश कुमार, महेंद्र कुमार, कौशलेन्द्र कुमार, बिस्वाजीत मुखर्जी और दीपक कुमार उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी तरफ लाइन शाखा के कोचिंग परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम यूनियन शाखा के सचिव जे के साव के द्वारा झंडातोलन का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय संगठन सचिव हाजीपुर नेताजी सुभाष ने अपनी वाणी से मजदूरों को यह बताने का कार्य किया कि मजदूरों के हक की लड़ाई केवल और केवल संगठन के द्वारा हीं लड़ा जाता है क जिसमें एआईआरएफ और ईसीआरकेयु का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष प्रशांत बनर्जी, कोषाध्यक्ष सी एस प्रसाद, डीपू इंचार्ज अभय मेहता, एन के खवास, सुरेंद्र चौहान, अमरजीत यादव, दिलीप कुमार, आरके अजय कुमार, नागेंद्र कुमार, धुरंधर यादव, रीना कुमारी, महुआ चौधरी, मनजीत कुमार, अनुरंजन कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## एक नजर

### निरसा में गुरुदास भवन पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मजदूर दिवस मनाया गया



**कुमारधुबी।** एमपीएल कामगार यूनियन एवं बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने निरसा में गुरुदास भवन पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मजदूर दिवस मनाया। सर्वप्रथम शहीदों के तस्वीरों पर श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद झंडातोलन किया गया। एमपीएल कामगार यूनियन के सचिव महेश मंडल ने कहा कि 1886 में अमेरिका के मजदूर के संघर्ष और शहादत के कारण दुनिया के मजदूरों के 8 घंटा कार्य अवधि की स्वीकृति मिली। मजदूरों के हक और अधिकार के लिए कानून बना। आज पूरा देश मजदूर दिवस मना रहा है। लेकिन मजदूरों की दशा सुधारने की पहल कोई नहीं करता। देश के मजदूर वर्ग अगर खुशहाल होंगे तो देश से गरीबी यूं हीं मिट जाएगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकार मजदूरों को सम्मान जनक मजदूरी सुनिश्चित करे। ताकि एक मजदूर महीने में 20 दिन कमाकर भी अपने परिवार के साथ खुशहाल रह सके।

### महागठबंधन के सिंदरी के कार्यकर्ता सैकड़ों गाड़ियों का काफिला लेकर धनबाद गोल्फ ग्राउंड पहुंचे

**सिन्दरी।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन कार्यक्रम में सिंदरी से हजारों की संख्या में महागठबंधन के कार्यकताओं ने सैकड़ों गाड़ियों का काफिला लेकर सिंदरी राजद- कांग्रेस कार्यालय से धनबाद गोलफ ग्राउंड पहुंचने का काम किया। जुलूस का नेतृत्व महागठबंधन के सभी नेता कर रहे थे। कांग्रेस के संतोष चौधरी, अजय कुमार, पुरतेनदू सिंह, दिलीप मिश्रा, राहुल राज, मिनिस्टर यादव, राजद के मुनेश्वर यादव, ऋषि यादव, सुरेश रावत, प्रदीप पाल, राजू यादव, झामुमो के रामू मंडल, देवाशीष हादसा, राजू मंडल, पवन कुमार, सीपीआई सीपीएम के कृष्ण कुमार महतो, विकास कुमार ठाकुर व सुरेंद्र राय सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने महागठबंधन के जुलूस को लेकर सिंदरी कार्यालय से धनबाद के गोल्फ ग्राउंड पहुंचने का काम किया।

### बाघमारा के अति संवेदनशील 10 नंबर बूथ को लेकर क्षेत्र में फ्लैग मार्च



**धनबाद।** बाघमारा के अंगार पथरा ओपी अंतर्गत क्षेत्र में पड़ने वाली 10 चुनाव बूथों में से एक 280 नंबर बूथ अति संवेदनशील रहने के कारण वहां की स्थिति का जायजा अंगार पथरा ओपी पुलिस एवं सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने मंगलवार की देर रात लिया। टीम का नेतृत्व कर रहे पदाधिकारी ने बताया कि स्थिति को देखते हुए यहां टीम द्वारा रात में फ्लैग मार्च भी किया गया। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के दिशा निर्देश पर यह सब किया जा रहा है तथा संबंधित क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए हमारी टीम कृत संकल्पित है।

## वार्ड पार्षद की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई

**पुटकी।** वार्ड संख्या 9 की दिवंगत पार्षद स्व. सावित्री देवी की तृतीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू व निवर्तमान पार्षद देवाशीष पासवान अकेला मुख्य रूप से थे।करकेन्द गोपालीचक दो नंबर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के समीप लगी दिवंगत पार्षद की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।उपस्थित विभन्न गणमान्य लोगों ने उनके मृदुभाषी स्वभाव ,अदम्य साहस एवं समाजसेवी तथा गरीबों के प्रति अटूट जुनून को याद करते हुए उन्हें जुझारू महिला समाजसेवी बताया एवं उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया। मौके परश्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में पुत्र सुभाष पासवान, संतोष कुमार, एवम अन्य थे।

## बिना नाराजगी के अनुपमा सिंह को जिताना है : अशोक सिंह

संवाददाता

**सिंदरी।** मजदूर दिवस पर इंडी गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन को लेकर सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक शहरपुरा इटक कार्यालय में की गई। इसमें लोकसभा चुनाव के कांग्रेस टिकट के प्रबल दावेदार पेट्रोलियम डीलर एशोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सह कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अशोक सिंह ने कहा कि बिना नाराजगी के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जिताना हीं हमारा उद्देश्य है। इसकी अध्यक्षता सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार ने की।

उन्होंने कहा कि हम सभी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं। अनुपमा सिंह को जिताने के लिए हम लोग जी जान लगा देंगे। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचाने के लिए हम लोग प्रयास कर रहे हैं। वह टिकट नहीं मिलने से नाराज नहीं हैं। अशोक सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का धनबाद के लोगों के प्रति क्या व्यवहार रहा है, यह किसी से छिपी



हुई बात नहीं है। उन्होंने कर्नाटक राज्य के राजग गठबंधन के जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना के सेक्स वीडियो वायरल होने के बाद जर्मनी भाग जाने को मुद्दा बनाया। उन्होंने कहा कि अनुपमा सिंह पढ़ी-लिखी महिला हैं। समझदार हैं, लोगों को साथ लेकर चलने की उनमें क्षमता है। भाजपा या कांग्रेस के वादे सभी पूरे नहीं किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी, सामान्य वर्ग, युवा, महिला सबका ख्याल रखा गया है। अशोक सिंह ने बुधवार को अनुपमा सिंह के नामांकन में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित आम जनता से गोल्फ ग्राउंड पहुंचने की अपील की है।

बैठक में जिला महासचिव सह सिंदरी प्रभारी राहुल राज, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पासवान, जिला महासचिव दिलीप मिश्रा, अजय सिंह, गोपाल धारी, नगर उपाध्यक्ष राज बिहारी यादव, सत्यदेव सिंह,मनोज घोष, विश्वनाथ सिंह, सिद्धार्थ , मुन्ना यादव, पूर्णेंदु सिंह, सतेंद्र सिंह, सोमनाथ दुबे, अशोक वर्मा, मो हाकिम, सियाकांत दुबे, गोपाल धारी, ललन ठाकुर, ओमप्रकाश, राजेश पासवान, संतोष कुमार, नकुल वर्मा, मो राही, सुनीता देवी, मंटी कुमार, शैलेश पंडित, अख्तर अकिल, राजू पांडेय, विजय सोरेन, शिव शंकर यादव, भरत बिहारी यादव, रूबी देवी, सरिता देवी, चमेली देवी, संजय यादव सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आग लगने के बाद क्षेत्र में मची अफरातफरी



संवाददाता

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के ऊपर बाजार स्थित तरुण दत्ता के आवास में आग लग जाने के बाद क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया। वहीं मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।हालांकि आग से किसी तरह की हताहत होने की कोई खबर नहीं है, वही आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया है।

जानकारी के अनुसार तरुण दत्ता के चिरकुंडा स्थित आवास में उनके हीं परिवार के सदस्य द्वारा खाली प्लास्टिक के बोरे का कारोबार किया जाता है, जिस कारण पूरे घर में बोरे की ढेर लगी हुई है। बुधवार की शाम अचानक से आग लग गई, जिस कारण आग की लपटें बढ़ने लगी। आनन फानन में अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी गई। दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। डीवीसी मैथन और एमपीएल ने अपने अपने दमकल को मौके पर भेजा जिससे आग पर काबू पाने का काम किया गया। इधर विभाग के भानु प्रताप सिंह ने बताया कि अंदर की जो स्तिथि है वो काफी भयावह है।

वो तो भगवान ने बचाया नही तो आज बड़ी घटना देखने को मिलती।श्री सिंह ने कहा कि आग के कारणों का पता नही चल पाया है।

## मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने नामांकन पत्र दाखिल किया

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने हजारों समर्थकों के साथ उपायुक्त कार्यलय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पुर्व विधायक अरूप चटर्जी, केंद्रीय सचिव बबलू महतो व मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो शामिल थे। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, झरिया, निरसा तथा धनबाद क्षेत्र से सैकड़ो दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन से मासस के कार्यकर्ता जिला परिषद मैदान पहुंचे एंव उक्त स्थान से खुले जीप में मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, बबलू महतो, पवन महतो व रुस्तम अंसारी सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए सिटी सेंटर पहुंचे। जहां से पैदल मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के नेतृत्व में धैया रानी तालाब होते हुए मेमको मोड़ पहुंचे। वहां सर्वप्रथम शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद पूर्व विधायक आनंद महतो, अरूप चटर्जी, बबलू महतो आदि के साथ उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उसके पश्चाप्त उपायुक्त कार्यालय के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि जब से भाजपा शासन में आई है, देश आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है।

पूंजीपति वर्गों का धन आसमान छू रहा है। वहीं गरीब 5 किलो का अनाज लेकर ठगा महसूस कर रहे हैं। पेट भरने के लिए आम जानता के पास काम नहीं है।किसी प्रकार अपने परिवार का भरण पोषण कर जीविका चला रहे हैं।

## मासस के जगदीश, कांग्रेस की अनुपमा सहित निर्दलीय दीपक कुमार दास ने नामांकन पत्र दाखिल किया

संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धनबाद संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशियों का नामांकन लगातार जारी है। इस क्रम में बुधवार को सर्वप्रथम मार्क्सवादी समन्वय समिति प्रत्याशी जगदीश रवानी ने नामांकन किया। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह सहित एक निर्दलीय ने भी अपना- अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। धनबाद कोयलांचल में तपती गर्मी का भी कोई असर नहीं समर्थकों के उत्साह पर धनबाद कोयलांचल में गर्मी पराकाष्ठा पर है। 42 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान के बाद भी प्रत्याशियों के समर्थकों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।

बुधवार को पूरे हुजूम के साथ पुराने समाजवादी नेता स्व० ए के राय की राजनीतिक पार्टी मार्क्सवादी समन्वय समिति के पूर्व विधायक अरुण चटर्जी सहित अपने तमाम समर्थको के साथ गाजे बाजे सहित बरवाअड्डा



स्थित समाहरणालय भवन पहुंचकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ उनकी पांच सदस्यीय टीम भी मौजूद थी। नामांकन करने के बाद जगदीश रवानी ने कहा कि महंगाई सिर पर चढ़कर नृत्य कर रही है। केवल मुंह में राम-राम जपने से पेट में अनाज नहीं मिलेगा। यह बात गरीबों को समझना होगा। उसके बाद भाजपा की प्रतिद्वंद्वी दल का दावा करने वाली कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने भी गाजे बाजे के साथ 42 डिग्री तापमान में भी बरवाअड्डा स्थित समाहरणालय भवन पहुंच कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर उनके साथ झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व अधिवक्ता सहित उनकी पांच सदस्यीय टीम मौजूद थी।





इसके बाद एक निर्दलीय प्रत्याशी दीपक कुमार दास ने भी अपनी पांच सदस्यीय टीम के साथ पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस प्रकार बुधवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माध्यमिक मिश्रा के समक्ष दाखिल किया।

## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने की है सुदृढ़ व्यवस्था: डीसी

संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के सफल तथा त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी और सुदृढ़ व्यवस्था की है।




उन्होंने कहा कि बोकारो एवं चंदनकियारी में चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान पदाधिकारियों को ईवीएम के साथ सीधे कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम आना है। बोकारो और चंदनकियारी के एआरओ बाजार समिति का भ्रमण कर बोकारो व चंदनकियारी के लिए चिह्नित हॉल का निरीक्षण करे। ईवीएम व चुनाव सामग्री लेकर निर्धारित रूट व निर्धारित वाहन से, रास्ते में बिना रुके, बाजार समिति पहुंचे। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे।

महिला एवं दिव्यांग बूथ के कर्मियों को प्राथमिकता देकर चुनाव सामग्री जमा कराई जाएगी।

न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रीसाइडिंग ऑफिसर की डायरी, फॉर्म 17 ए, 17 डी, ईवीएम पर हैंड्स ऑन, ईवीएम कमिश्निंग, ईवीएम एरर का निराकरण, मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद बैलेट यूनिट में क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे और अपने जिम्मेदारी का पालन करेंगे। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम पहुंचने के लिए रूट की जानकारी रखने, वैकल्पिक रूट की खोज रखने तथा एक बार ट्रायल रन करने का निर्देश दिया। वहीं डीसीएलआर सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने सभी से अपने दायित्व का निर्वाहन कर, संवैधानिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए सुचारू रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने का आह्वान किया।

मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, बोकारो के एआरओ ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ प्रभात दत्ता, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, पुष्कर झा, कुलदीप सहित बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के एआरओ, एईआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## अल्पसंख्यकों के साथ विधान सभा सीट के समय न्याय की होगी भरपाई : अनवर

संवाददाता

**धनबाद।** वर्तमान लोकसभा चुनाव में मौजूदा स्थिति में आई परेशानियां को देखते हुए मजबूरन अल्पसंख्यकों के साथ न्याय नहीं हो सका। लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव में इसकी भरपाई कर दी जाएगी। यह वादा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर ने की है। विदित हो कि धनबाद संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन में कांग्रेस प्रत्याशी देने का निर्णय लेते समय अल्पसंख्यक समुदाय के साथ हुई नाराजगी को पाटने के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर बुधवार को धनबाद पहुंचे। उन्होंने बताया कि बातचीत से अल्पसंख्यक वर्ग से नाराजगी को लेकर समझौता हो गया है। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अल्पसंख्यकों में अब कोई नाराजगी नहीं है। सभी मिलजुल कर मौजूदा प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जोरदार सहयोग करेंगे तथा उन्हें हर कीमत पर जीताने में अपना योगदान देंगे। कांग्रेस नेता शमशेर आलम तथा मुख्तार अहमद ने संयुक्त रूप से कहा कि धनबाद जिले में अल्पसंख्यकों की संख्या की प्रतिशतता 18 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में टिकट बंटवारे में इस वर्ग को नाराज किया जाना न्याय संगत नहीं। लेकिन अब बातचीत हो गई है। आगामी विधानसभा में इसकी भरपाई कर लेने का वादा पार्टी ने किया है।

## सुभाषितम्

**आकाश में उड़ने वाले पंछी को भी अपने घर की याद आती है। - प्रेमचंद**

## कोरोना वैक्सीन पर राजनीति नहीं

कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में माना है कि इस वैक्सीन से कुछ लोगों को दिल का दौरा और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा है। यह वही वैक्सीन है जिसका भारत में बड़े पैमाने पर सीरम इंस्टीट्यूट के जरिए उत्पादन किया गया था। एक निजी संस्थान द्वारा उत्पादित वैक्सीन को न केवल सरकार द्वारा प्रचारित किया गया, बल्कि इसे आईसीएमआर द्वारा प्रमाणित और सुरक्षित भी बताया गया। जबकि सभी जानते हैं कि वैक्सीन का ट्रायल बहुत जल्दबाजी में किया गया था। क्लिनिकल और अन्य परीक्षणों की लंबी और वर्षों-लंबी प्रक्रिया को कुछ महीनों और हफ्तों में यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया गया कि यह समय की आवश्यकता थी। प्रधानमंत्री ने स्वयं सीरम इंस्टीट्यूट का दौरा किया और इसके एमडी अदार पूनावाला के साथ देश को वैक्सीन उत्पादन बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होंने खुद भी टीका लगवाया और देशवासियों से भी टीका लगवाने की अपील की। इसके बाद कोवैक्सिन, कोरवेबेक्स जैसी कई अन्य वैक्सीन भी आईं और लगाई गईं। सरकार ने इसे बड़े पैमाने पर खरीदा और जनता को मुफ्त में सप्लाई किया। पूरे देश में टीकाकरण शिविर आयोजित किये गये। वैक्सीन लेने के लिए लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ा। वैक्सीन प्रमाणपत्र वितरित किए गए और कई सरकारी सेवाओं के लिए यह प्रमाणपत्र अनिवार्य कर दिया गया। यह प्रमाणपत्र आज भी हम सभी के मोबाइल फोन या दराज में मौजूद है। ये सब हुए कई साल बीत गए। कोरोना की कभी-कभी छोटी लहर की चर्चा के अलावा कोई बड़ी लहर नहीं आई है. ऐसा लगता है कि वैक्सीन का असर हुआ है। कोरोना के नए-नए वेरिएंट आते हैं और बिना कोई खास असर दिखाए वापस चले जाते हैं। पुराने वेरिएंट को वैक्सीन से खत्म कर दिया गया है और इम्यूनिटी बढ़ने से नए वेरिएंट को अपनी ताकत दिखाने और बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है, लेकिन दूसरी ओर, अचानक दिल का दौरा, हार्ट अरेस्ट और ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं। आए दिन हमें ऐसी खबरें और वीडियो पढ़ने, देखने और सुनने को मिलते हैं न केवल भारत में, बल्कि ब्रिटेन सहित अन्य देशों में भी, जहां कोविशील्ड का आविष्कार किया गया था। स्ट्रेजेनेका कंपनी ने इसे सबसे पहले कहां बनाया था और किन देशों से लाइसेंस या सहयोग लेकर अन्य देश और उनकी वैक्सीन कंपनियां इसका उत्पादन कर रही हैं। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इनका सबसे बड़ा उत्पादक है और इसकी बनी वैक्सीन पूरी दुनिया में सप्लाई होती है, लेकिन अब एस्ट्राजेनेका मुश्किल में है और उसकी परेशानी का साया सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर भारत सरकार तक दिखाई दे रहा है। चूंकि इन दिनों भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं कोविशील्ड पर एस्ट्राजेनेका के कबूलनामे से विपक्ष को सरकार के खिलाफ नया हथियार मिल गया है। कोविशील्ड के बारे में खतरनाक तथ्य सामने आने से उन विपक्षी दलों को भी नई ताकत मिलेगी जिनके नेताओं ने शुरूआत में इस वैक्सीन का मजाक उड़ाया था और इसे बीजेपी की वैक्सीन बताकर इसे लगवाने से इनकार कर दिया था। हालाँकि बाद में जनता के दबाव में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली, लेकिन कई आम लोगों की तरह वैक्सीन को लेकर उनका संदेह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ था। इनमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख का नाम प्रमुख है। उनकी पार्टी इस चुनाव में भारत गठबंधन का हिस्सा है। जब से एस्ट्राजेनेका द्वारा अदालत में वैक्सीन की खामियों को स्वीकार करना मीडिया में उजागर हुआ है, जिस महिला की कथित तौर पर कोविशील्ड लेने के बाद मृत्यु हो गई, उसके माता-पिता ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के खिलाफ मामला दर्ज करने का फैसला किया है, जिसके एक दिन बाद भारत में वैक्सीन बेचने वाली एस्ट्राजेनेका ने अदालत में स्वीकार किया कि उनका कोविड शॉट एक दुर्लभ दुष्प्रभाव का कारण बन सकता है। एस्ट्राजेनेका का कबूलनामा सामने आने के बाद अभिभावकों को न्याय की उम्मीद है।

## चिंतन-मनन

### राजा की उदारता

**राजा भोज के नगर में एक विद्वान ब्राह्मण रहते थे। एक दिन गरीबी से परेशान होकर उन्होंने राजभवन में चोरी करने का निश्चय किया। रात में वे वहां पहुंचे। सभी लोग सो रहे थे। सिपाहियों की नजरों से बचते हुए वह राजा के कक्ष तक पहुंच गए। स्वर्ण, रत्न, बहुमूल्य पात्र इधर-उधर पड़े थे। किंतु वे जो भी वस्तु उठाने का विचार करते, उनका शास्त्र ज्ञान उन्हें रोक देता। ब्राह्मण ने जैसे ही स्वर्ण राशि उठाने का विचार किया, मन में स्थित शास्त्र ने कहा- स्वर्ण चोर नर्पगामी होता है। जो भी वे लेना चाहते, उसी की चोरी को पाप बताने वाले वाक्य उनकी स्मृति में जाग उठते। रात बीत गई पर वे चोरी नहीं कर पाए। सुबह पकड़े जाने के भय से ब्राह्मण राजा के पलंग के नीचे छिप गए। महाराज के जागने पर रानियां व दासियां उनके अभिवादन हेतु प्रस्तुत हुई। राजा भोज के मुंह से किसी श्लोक की तीन पंक्तियां निकली। फिर अचानक वे रुक गए। शायद चौथी पंक्ति उन्हें याद नहीं आ रही थी। विद्वान ब्राह्मण से रहा नहीं गया। चौथी पंक्ति उन्होंने पूर्ण की। महाराज चौंके और ब्राह्मण को बाहर निकलने को कहा। जब ब्राह्मण से भोज ने चोरी न करने का कारण पूछा तो वे बोले- राजन्, मेरा शाछ्रा ज्ञान मुझे रोकता रहा। उसी ने मेरी धर्म रक्षा की। राजा बोले- सत्य है कि ज्ञान उचित-अनुचित का बोध कराता है, जिसका धर्म संकट के क्षणों में उपयोग कर उचित राह पाई जा सकती है। राजा ने ब्राह्मण को प्रचुर धन देकर सदा के लिए उनकी निर्धनता दूर की दी।**

## आज का राशिफल

**मेष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।
**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।
**मिथुन :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।
**कर्क :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।
**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।
**कन्या :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।
**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी।
**वृश्चिक :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।
**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें।
**मकर :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।
**कुंभ :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेगी।
**मीन :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

# आखिर कब सुनिश्चित होंगे श्रमिकों के समग्र हित



अरुण कुमार दीक्षित

भारत को स्वाधीन हुए 76 वर्ष हो गए हैं। श्रमिकों को अभी तक उनके अधिकार नहीं मिले । मजदूरों के जीवन स्तर में सुधार नहीं आए। मई दिवस अर्थात मजदूर श्रमिक दिवस इस परिश्रमी में वर्ग को समर्पित है। मई दिवस अमेरिका में मजदूरों के आंदोलन से शुरू हुआ था। भारत में इसे 1मई 1923 को मद्रास चेन्नई में मनाया गया। यहां पर भी मजदूर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान ने मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होंने ही मजदूर दिवस का शुभारंभ किया। मजदूर को काम करने के घंटे निर्धारित नहीं थे। समय निर्धारित न होने के कारण श्रमिक वर्ग के सामने बड़ा संकट था। 1 मई 1886 को अमेरिकी मजदूरों द्वारा आंदोलन किया गया। इस आंदोलन से पूरे विश्व के मजदूर वर्ग का लाभ हुआ।


भारत में अनेक मजदूर संगठन है। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) सबसे बड़ा संगठन है। मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने में बीएमएस की बड़ी भूमिका है। पूंजीपतियों, उद्योगपतियों द्वारा मजदूर श्रमिकों को आदर भाव से नहीं देखा जाता। उन्हें समय से मजदूरी नहीं मिलती। उद्योग परिसरों में मजदूरों को उनके रहने की ठीक व्यवस्था नहीं है। पीने का पानी भी ठीक नहीं मिलता। इतना ही नहीं, इन उपेक्षित और राष्ट्र निमार्ता कामगार वर्ग से उद्योगों के मालिक उनके अधिकारी सम्मानजनक ढंग से बात भी नहीं करते। मजदूरों के बीमार होने पर वह इलाज का समुचित प्रबंध भी नहीं करते। प्राथमिक इलाज देने में भी यह उद्योगपति पीछे रहते हैं। मशीन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने या मृत्यु होने पर भी यह उद्योगों के स्वामी मजदूर को किसी भी अस्पताल में बमुश्किल पहुंचा कर गायब हो जाते हैं। परिजनों को सूचना नहीं देते हैं। बीमार होने पर मजदूर को अपनी कंपनी से सीधे निकाल देते हैं।

अनेक ऐसे उद्योग हैं जो शरीर के लिए घातक हैं। इस तरह के उद्योगों द्वारा शारीरिक सुरक्षा के उपकरण भी नहीं दिए जाते हैं । अनेक प्रकार के एसिड केमिकल शीशा आदि की कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों को घातक कैंसर जैसी बीमारियां जकड़ लेती हैं। बीमार हो जाते हैं। कई बार मृत्यु तक हो जाती है। परिणाम स्वरूप पीड़ित मजदूर की नौकरी जाना तय होता है। उद्योग में काम करने वाले मजदूरों की स्थिति भयावह है। इसमें महिला मजदूरों के सामने अपने छोटे बच्चों के पालन पोषण के साथ काम करना भारी कठिनाई भरा है। कृषि क्षेत्र में लगे मजदूरों की भी बड़ी समस्याएं हैं। यह कार्य अल्प समय का होता है। फसल काटने से खलिहान तक काम मिलता है। इसके बाद मजदूर बेकार हो जाते हैं। अब आधुनिक मशीनों का खेती में प्रयोग बढ़ा है। धान और गेहूं, सरसों कपास आदि की फैसले ऐसी हैं जिन्हें मशीन खेत में काटकर काम समाप्त कर देती है। खलिहान अब सूने हो गए हैं। कुशल, अकुशल, अर्ध कुशल, संगठित असंगठित आदि कई श्रेणी के मजदूर हैं। कुछ का अनुबंध होता है। शेष बिना अनुबंध के काम करने को मजबूर होते हैं। एक जानकारी के अनुसार भारत में 38 करोड़ असंगठित निर्माण क्षेत्र के मजदूर हैं। इनमें रेहड़ी-पटरी घरेलू कामगारों को पंजीकृत करने की योजना भारत सरकार ने चला रखी है। इस योजना में ई, श्रम कार्ड 12 अंकों का जारी किया जाता है । बाल श्रमिकों की अधिकता है। बाल श्रमिकों को जहां केंद्र राज्य सरकारें काम करने से रोकती हैं, वहीं उद्योगों और कार्य स्थलों को चिह्नत कर उन्हें मुक्त भी करवाने की जिम्मेदारी है। वहीं दूसरी ओर बाल श्रमिकों के सामने बड़े संकट हैं। किसी बच्चे के पिता-भाई और माता नहीं है तो पीड़ित बच्चों के सामने मजदूरी करना मजबूरी है। एक तरफ बीमार मां को दवा के लिए रुपये जुटाने हैं। दूसरी तरफ बाल मजदूरी अपराध है।

ऐसे में केंद्र राज्य सरकार में बाल श्रमिकों को चिह्नित कर उनके आश्रितों की मदद भी करें तो बाल श्रमिकों की समस्याएं हल हो सकती हैं। कई बाल श्रमिक ऐसे होते हैं जिनके माता-पिता जेल में हैं। कुछ दुर्घटनाओं में अपने मां-बाप को खो चुके हैं। ऐसे बाल मजदूर हैं जो मजदूरी के लिए रात-दिन कड़ा परिश्रम करते हैं। बाल मजदूरी रोकने का अधिनियम 1986 बाल श्रम निषेध बना था, इसमें कहा गया कि किसी कारखाने, खतरनाक खदानों, उद्योगों आदि में 14 वर्ष के उम्र के बच्चों को काम निषेध है। बाद में केंद्र सरकार ने यह उम्र 14 से 18 से कम उम्र पर इसे लागू किया। समान पारिश्रमिक अधिनियम 1951 में पारित हुआ। इसमें कहा गया कि रोजगार या वेतनमान में जाति धर्म लिंग देश के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा ।महिलाओं के सरकारी रोजगार में पदोन्नति के समान औसत दिए जाएंगे। इसमें अब तक कई बार संशोधन भी हो चुके हैं। वर्ष 1976 में बंधुआ मजदूरी में उन्मूलन अधिनियम लागू हुआ। धीरे-धीरे यह अमानवीय मजदूरी प्रथा समाप्त हुई।

खेतिहर मजदूरों के अलावा उद्योगों में कार्य करने वाले कुशल मजदूरों की समस्याएं बड़ी हैं। उद्योगपतियों-पूंजीपतियों के शोषण से श्रमिक वर्ग पीड़ित था। तभी किसान नेता चिंतक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इस विषय पर गहन अध्ययन किया। 23 जुलाई 1955 को श्री ठेंगड़ी ने भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की। भारतीय ग्रंथों में श्रम को प्रतिष्ठा दी गई है। कौटिल्य अर्थशास्त्र में कहा गया है कि किसी भी श्रमिक को कम से कम इतना पारिश्रमिक मिलना चाहिए, जिससे उसका जीवनयापन हो सके। अतिरिक्त मूल्य के सिद्धांत विषय में प्रसिद्ध दार्शनिक विचारक कार्ल मार्क्स कहता है कि वस्तुओं की तरह श्रम शक्ति का भी मूल्य होता है । उसे बाजार में बेचा-खरीदा जाता है। मजदूर को अपने भरण-पोषण निर्वाह के लिए कुछ वस्तुओं की आवश्यकता होती है। मशीन की तरह मजदूर भी जर्जर हो जाता है। उसकी जगह नए आदमी की जरूरत पड़ती है। मजदूर से पूरी क्षमता के अनुसार काम लिया जाता है। मजदूर को रहन-सहन के बहुत नीचे स्तर पर रहना पड़ता है। वह आगे कहता है कि वर्ग संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक स्वयं कामगार वर्ग समाज की बागडोर नहीं संभालेगा। मगर भारत के वैदिक ग्रंथों में यह धारणा नहीं है। यहां प्रत्येक तरह के कला शिल्प को विशिष्ट बताया गया है। रथकार , मूर्तिकार , कृषि कर्म करने वालों को, लकड़ी के काम करने वालों को, मंदिर बनाने वालों को पुष्पमाला बनाने वाले को , मिट्टी के कलश निर्मित करने वाले कुम्हार को भी आदर दिया गया है।

# आखिर इस फर्क को समझना होगा



रमेश शर्मा

सरबजीत सिंह वो निर्दोष भारतीय नागरिक था, जो नशे की हालत में धोखे से पाकिस्तान की सीमा में चला गया। वहां जेल में कठोर यातनायें देकर कैदियों ने उसकी हत्या कर दी। और शव भारत आया तो उसके शरीर के सभी आंतरिक अंग गायब थे। किसी भी सरकार की विदेश नीति और नेतृत्व कैसा होना चाहिए। कहां मानवीय पक्ष को प्राथमिकता हो कहां सख्त तेवर दिखाये जाएं ये दोनों उदाहरण भारत की विभिन्न सरकारों की कार्यशैली में देखने को मिलते हैं। एक उदाहरण निर्दोष नागरिक सरबजीत सिंह का है जो धोखे से पाकिस्तान चला गया। उसे बंदी बनाकर जेल भेज दिया गया जहां तेईस वर्षों तक जेल में कठोर यातनाएं देकर कैदियों ने मार डाला और भारत सरकार केवल विरोध पत्र लिखने के अतिरिक्त कुछ न कर सकी।

भारत का ही दूसरा उदाहरण विंग कमांडर अभिनंदन का है, जो एयर स्ट्राइक के लिए विमान लेकर पाकिस्तान सीमा में गए थे। बंदी बनाए गए लेकिन यह भारतीय नेतृत्व का दबाव था कि केवल 60 घंटों में ही पाकिस्तान ने अभिनंदन को ससम्मान भारत वापस भेज दिया । जिन दिनों सरबजीत पाकिस्तान की जेल में था तब भारत में हर दल की सरकार रही । सबसे लंबी दो सरकारें कांग्रेस की रहीं। पहले प्रधानमंत्री नरसिंहराव की और फिर दस वर्ष मनमोहन सिंह की सरकार रही। पर सरबजीत की भाग्य न बदला। पाकिस्तानी जेल में उसे सतत यातनाएं मिलीं। सरबजीत सिंह का जन्म पंजाब के तरनतारन जिला अंतर्गत गांव भीखीविंद में हुआ था। यह एक किसान परिवार था लेकिन पिता सुलक्षण सिंह ढिल्लो अपने गांव से दूर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग में नौकरी करने लगे। मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण कर सरबजीत गांव लौट आए और खेती करने लगे। अपनी आय बढ़ाने के लिए एक ट्रैक्टर खरीदकर भाड़े पर दूसरे गांवों में भी खेती करने लगे। 1984 में विवाह हुआ और दो बेटियों के पिता बने। जीवन खुशी से बीतने लगा। समय के साथ उन्हें शराब पीने की आदत लग गई और यही आदत पूरे घर का सुख चैन और उनकी जान ले बैठी।

वो 28 अगस्त 1990 का दिन था। वे पाकिस्तान सीमा से लगे गांव में भाड़े पर ट्रैक्टर चला रहे थे। शाम को काम समाप्त कर शराब पी, भोजन किया शाम को लौटने लगे। तब सीमा पर तार की बाड़ नहीं लगी थी। सरबजीत नशे में रास्ता भटक गए और पाकिस्तान सीमा में घुस गए। पाकिस्तानी सेना ने पकड़ लिया। उनपर जासूसी का आरोप लगाकर सात दिन प्रताड़ना दी गई। उनपर आरोप लगाया गया कि वे सरबजीत सिंह नहीं मंजीत सिंह हैं। पाकिस्तान में इस नाम से एक एफआईआर थी। सेना ने इसी नाम से अदालत में पेश किया और आरोप लगाया कि आरोपी सही नाम नहीं बता रहा। अदालत में उन्हें भारतीय गुप्तचर संस्था रॉ का एजेंट बताकर लाहौर, मुल्तान और फैसलाबाद बम धमाकों का आरोपी भी बनाया गया। इन आरोपों पर अदालत ने अक्टूबर 1991 में उन्हें फांसी की सजा सुना दी। सरबजीत सिंह के परिवार ने भारत सरकार से भी संपर्क किया और मानवाधिकार संगठनों से भी। प्रमाण के साथ बताया गया कि वे मंजीत सिंह नहीं सरबजीत सिंह हैं। लिखा-पढ़ी आरंभ हुई। भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने पत्र भी लिखे। इससे फांसी की सजा टलती रही पर सरबजीत रिहा न हो सके। 1990 से 2013 तक यद्यपि भारत में विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारें रहीं। कांग्रेस के नेतृत्व में नरसिंहराव सरकार, मनमोहन सिंह सरकार और भाजपा नेतृत्व में अटलजी की सरकार। लेकिन ये सभी सरकारें राजनीतिक अस्थिरता के दौर में रहीं और पाकिस्तान सरकार पर कोई दबाव नहीं बना सकीं। इसका पूरा लाभ पाकिस्तान ने उठाया।

1990 से लेकर 2013 तक भारत में न केवल निर्दोष सरबजीत सिंह पर क्रूरता हुई अपितु पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी घटनाएं भी बढ़ीं। पाकिस्तान ने अनेक झूठ रचे। फर्जी दस्तावेज तैयार किए। ऐसे गवाह भी खड़े किए कि सरबजीत सिंह ही असली मंजीत सिंह है। और वह खुशी मोहम्मद के नाम से पाकिस्तान में आया था । 2005 में एक दावा तो यह भी किया कि सरबजीत सिंह उर्फ मंजीत सिंह ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इस खींचतान और लिखा-पढ़ी के बीच फांसी की सजा तो टली पर सरबजीत सिंह को रिहाई न मिली। रिहाई की उम्मीद और फांसी की आशंका के बीच सरबजीत सिंह लाहौर सेन्ट्रल जेल में यातना सहते रहे ।26 अप्रैल 2013 को लाहौर जेल के कुछ कैदियों ने सरबजीत सिंह पर हमला बोल दिया। रीढ़ की हड्डी सहित उनके शरीर की कई हड्डियां टूट गईं। बहुत गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया। वे कोमा में थे। हॉस्पिटल में उन्हें वेंटीलेटर पर रखा। 29 अप्रैल 2013 को भारत सरकार ने एक बार फिर पकिस्तान से रिहा करने की अपील की, जिसे पकिस्तान सरकार ने खारिज कर दिया।

एक मई 2013 को जिन्ना अस्पताल के डॉक्टरों ने सरबजीत सिंह को ब्रेनडेड और 2 मई 2013 को मृत घोषित कर दिया। उनका शव भारत आया। भारत में शव का पोस्टमार्टम हुआ। भारतीय डॉक्टर यह देखकर आश्चर्य चकित रह गए कि उनके शरीर के अधिकांश मुख्य अंग निकाल लिए गए थे। क्यों निकाले इसका उत्तर कभी न मिला और न पाकिस्तान ने स्वीकार किया। सरबजीत सिंह के परिवार को पंजाब और केंद्र सरकार ने आर्थिक सहायता दी और पंजाब में तीन दिन का शोक भी घोषित हुआ पर सरबजीत सिंह के प्राण के साथ भारत की प्रतिष्ठा भी न बच सकी।

इस संदर्भ में वर्ष 2019 की उस घटना उल्लेख संभवतः उचित होगा जब एयर स्ट्राइक के दौरान विंग कमांडर अभिनंदन पाकिस्तान में गिरफ्तार हो गए तब भारत सरकार का यह दबाव ही था पाकिस्तान ने केवल साठ घंटे के भीतर सम्मान वापस किया। बाद में अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में कहा गया कि यदि पाकिस्तान विंग कमांडर अभिनंदन को रिहा न करता तो भारत ने पाकिस्तान पर आक्रमण की तैयारी कर ली थी। पाकिस्तान की जेल में जब सरबजीत सिंह की क्रूरता पूर्वक हत्या हुआ तब भारत में मनमोहन सिंह की सरकार थी और जब विंग कमांडर अभिनंदन भारत लौटे तब प्रधानमंत्री श्रीनरेंद्र मोदी की सरकार थी।

# आम चुनाव और मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल



मृत्युंजय दीक्षित

आम चुनाव के मतदान के दो चरण समाप्त हो जाने के बाद सभी राजनीतिक दलों को जनता के मध्य अपनी स्थिति की वास्तविकता का कुछ सीमा तक पता चल गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की सम्भावना वाली भारतीय जनता पार्टी को रोकने के लिए विपक्ष ने एक बार फिर मुस्लिम तुष्टीकरण का विकृत खेल खेलना प्रारम्भ कर दिया है। तथाकथित इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता लगातार भड़काऊ और नफरत भरी बयानबाजी कर रहे हैं, जिसमें अब वोट जिहाद और तालिबान भी आ गया है। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आतंकी फंडिंग मामले में सजा काट रहे यासीन मलिक का फोटो लगाया गया है।

पोस्टर में यासीन मलिक की रिहाई के साथ कांग्रेस को वोट देने की अपील की गई है। हालांकि जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने यह पोस्टर हटा दिया। आतंकी यासीन मलिक कुख्यात अलगवावादी है जिससे 2006 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मुलाकात की थी। अब मलिक आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और अभी उस पर कई और मुकदमे चल रहे हैं। कांग्रेस केरल में प्रतिबंधित पीएफआई जैसे संगठनों का सहयोग ले रही रही है और सनातन विरोधी बयानों पर चुप्पी साधे हुए है।

मुस्लिम तुष्टीकरण का यह खुला खेल कांग्रेस ही नहीं अपितु भारत की सभी वामपंथी और अधिकांश क्षेत्रीय पार्टियां जमकर खेल रही हैं फिर चाहे वो उत्तर प्रदेश हो बिहार हो या पश्चिम बंगाल। विगत 10 वर्ष और अटल जी के कार्यकाल को छोड़ दें तो केंद्र तथा राज्यों में कांग्रेस व उसके गर्भ से निकले दलों व नेताओं ने ही सत्ता पर एकछत्र राज किया। ये सभी धर्मनिरपेक्षता के नाम पर भाजपा को हराने की बात करने वालों तथा कट्टरपंथियों का समर्थन कर मतदान को मजहब के आधार पर प्रभावित किया करते थे। भाजपा द्वारा धर्मनिरपेक्षता की सच्ची रेखा खींचने के बाद इन दलों के नेताओं के सामने अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया है और ये वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक सपा, बसपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दल अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी जैसे माफिया को अपने राजनीतिक लाभ के लिए पाला पोसा करते थे अब उनके लिए फातिहा पढ़ रहे हैं और धूर्तता के साथ उन्हें गरीबों का मसीहा बताकर मुसलमानों का वोट मांग रहे हैं । पहले ये माफिया बूथ लूटकर व मतदान के समय बम, गोलियां दागकर वोट जिहाद किया करते थे अब उनके नेता व गुर्गे इनको शहीद बताकर मुस्लिम समाज को भड़का रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में कायमगंज के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने वोट जिहाद का नारा देकर समाजवादियों की मुश्किल बढ़ा दी है। मारिया आलम खां ने कहा कि हर महिला और हर पुरुष वोट जिहाद करके संविधान बचाने की इस जंग को लड़ेगा। प्रदेश में वोट जिहाद शब्द को लेकर राजनीतिक बयानबाजी अब काफी तल्ख हो गई है। सपा-कांग्रेस गठबंधन हो जाने के कारण इस बार सलमान खुर्शीद का परिवार चुनावी मैदान से भले ही दूर हो गया हो किंतु अपने सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहा है। सलमान खुर्शीद का परिवार कई बार विवादों के घेरे में रहा है। खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद पर दिव्यांगों की सहायता करने के नाम पर घोटाला करने का मुकदमा चल रहा है।

सलमान खुर्शीद बाटला हाउस एनकाउंटर व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं। जब लुईस खुर्शीद को इस बात का आभास हो गया था कि इस बार उनके परिवार को टिकट नहीं मिलने जा रहा तब उन्होंने मीडिया के सामने अपने कार्यकर्ता से कहा था कि अगर कांग्रेस का कोई पदाधिकारी उनसे मिलने आए तो उसे चप्पल से मारें। अब उसी परिवार की भतीजी मारिया एक बार फिर वोट जिहाद की अपील कर रही हैं।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के संभल से पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान वर्क के पोते एवं सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान वर्क अपनी नुक्कड़ सभा के वायरल वीडियो में मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद और शहाबुद्दीन की मौत को कुबार्नी बता रहा है। वीडियो वायरल हो जाने के बाद वर्क पर मुकदमा दर्ज हो गया है। उसके बाद भी वह नहीं रुका और उसने चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमकी देते हुए बयान दिया कि जब वक्त बदलेगा तब बदला लिया जाएगा। बहुजन समाजवादी पार्टी अपनी नैया पार लगाने व जनता के मध्य अपनी उपस्थिति को दर्ज कराने के लिए चुनावी मैदान में अपने युवा कोआर्डिनेटर, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के भतीजे आकाश आनंद के नेतृत्व में रण मे उतरी है और कुछ-कुछ बदली बदली सी नजर आ रही है। पार्टी ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन को फिर से प्राप्त करने के लिए, सवर्णो को खुश करने के लिए रामनाम का विरोध नहीं किया था किंतु वह अब काफी पीछे छूट चुका है।

## दैनिक पंचांग

**03 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.08 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मिथुन | 08.06 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.20 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.36 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.48 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 16.58 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.13 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.29 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.34 बजे से |
| | | कुंभ | 01.21 बजे से |
| | | मीन | 02.54 बजे से |
| | | मेष | 04.24 बजे से |

राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक

शुक्रवार 2024 वर्ष का 124 वां दिन दिशाशूल पश्चिम ऋतु ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 23.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 00.06 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 14.19 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 12.41 बजे तदनन्तर विष्टि 23.25 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 15° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871968
**जूलियन दिन** 2460433.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 23
**विशेष** अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | | रात का चौघड़िया | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 | से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 | से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 | से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 | से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 | से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 | से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 | से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 | से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 | से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 | से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 | से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 | से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 | से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 | से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 | से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 | से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### हुसैनाबाद क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने बूथों का औचक निरीक्षण किया



**हुसैनाबाद/पलामू।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजकीय कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद का बूथ संख्या 125 तथा + 2 बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद का बूथ संख्या 116 का औचक निरीक्षण क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हुसैनाबाद के रामनरेश राम के द्वारा किया गया, जिसमे बिजली,पंखा, रैम्प,मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, शौचालय ,पीने का पानी, का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमे उक्त सारी व्यवस्था उपलब्ध पाया गया। निरीक्षण के क्रम में संकुल साधन सेवी विनय कुमार सिंह, कन्या मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी, + 2 बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद के प्राचार्य प्रेम प्रकाश सिंह, सहायक अध्यापक अविनाश कुमार सिन्हा, दिग्विजय कुमार सिंह, अजय कुमार, विनय कुमार, आदि मौजूद थे।

### पीएम नरेंद्र मोदी का चुनावी जनसभा ऐतिहासिक होगी: अमित

**हुसैनाबाद/ पलामू।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगमी चार मई को पलामू चुनावी दौरे पर आ रहें है। इसकी तैयारी पूरी जोश के साथ किया जा रहा है, उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने शहर के रिद्धि सिद्धि होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही, उन्होंने कहा की श्री नरेन्द्र मोदी आगमी चार मई को चियांकी हवाई अड्डे पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे इस जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिऐ भाजपा परिवार पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्यक गांव में जाकर लोगों को आमंत्रित करने का काम कर रही है , हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी अविनाश बर्मा ने कहा की देश की जनता विकास के नाम पर तीसरी बार श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहती है, हुसैनाबाद विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम भरी मतों से आगे रहेंगे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य बिनोद कुमार सिंह ने कहा की विधान सभा के भाजपा कार्यकर्त्ता पुरी ताकत के साथ लगे हुऐ है, इस बार हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से रिकार्ड मत मिलेगा, पिछली बार से अधिक मतों से पलामू लोकसभा से बीडी राम चुनाव जीतेंगे। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, अशोक सिंह, कर्नल संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह,संतोष सिंह नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता के सहित कई लोग मौजूद थे।

### पुण्यतिथी पर याद किए गए समाजसेवी ललित किशोर सिंह

**हुसैनाबाद /पलामू।** जिला के चर्चित बराही धाम परिसर में समाजसेवी ललित किशोर सिंह की तृतीय पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनके प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया, मौके पर लोगों ने स्वर्गीय ललित किशोर सिंह के कृत्यों को दुहराया। ललित किशोर सिंह शुरू से सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनकी सोच थी की बराही गांव के लोगों शिक्षा के साथ हर क्षेत्र में अपना नाम कमाए। उन्होंने अपने पुत्रों को ऊंच शिक्षा देकर गांव में तीन रत्न खड़ा कर गए है, उनके छोटे पूत्र रंधीर कुमार सिंह ने अपने पिता और अपनी जन्मभूमि बराही धाम में 105फिट दक्षिणमुखी हनुमान जी का प्रतिमा स्थापित कर एक नया कीर्तिमान इस गांव में स्थापित कर दिया है, जो आज झारखंड,बिहार के लिऐ गौरव की बात है, आज इनकी कमी पूरे क्षेत्र के हर समुदाय को खल रही है, इस अवसर पर उनके बड़े पूत्र अजित सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने अपने पिता की पुण्यतिथी की संवेदना व्यक्त की।

### एमके डीएवी के पांच छात्रों ने जेईई मेंस 2024 फेज-क्कमें प्राप्त की शानदार सफलता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज पलामू के पांच छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित देश की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेंस 2024 के द्वितीय चरण में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इनमें राज पांडे पुत्र श्रीराम रवि पांडे 96.3, रोहित कुमार पुत्र सुधीर कुमार शुक्ला 94.73, मुंसत मंसूर पुत्र मंसूर आलम 94.88, आयुष मिश्रा पुत्र वीरेंद्र नाथ मिश्रा 77.02 एवं सृष्टि कुमारी पुत्री राजेश कुमार अग्रवाल 75.019 परसेंटाइल ने सफलता प्राप्त कर जेईई एडवांस में बैठने की योग्यता प्राप्त कर ली है। इनमें से आयुष मिश्रा एवं सृष्टि कुमारी ने इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा दी है। साथ ही साथ इस प्रतियोगी परीक्षा में भी सफलता प्राप्त किया है। जबकि अन्य छात्रों ने एक वर्ष तक स्वाध्याय किया और घर पर ही तैयारी कर यह शानदार सफलता पाई है। छात्रों ने बताया कि उन्होंने 11वीं कक्षा से ही इस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना शुरू कर दिया था। वरिष्ठ छात्रों से एवं अखबार, टीवी इत्यादि से इस के बारे में जानकारी मिली और संकल्प लिया कि हम इसमें अवश्य बैठेंगे और आज यह सुखद परिणाम सामने है। सफल छात्रों को विद्यालय परिसर में ट्रॉफी देकर विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने सम्मानित किया।

# छतरपुर गोलीकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

## अंतरजातीय विवाह से नाराज भाई ने बहन के ससुर को मारी थी गोली

- पुलिस ने अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है



संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पिछले दिनों 29 अप्रैल को छतरपुर के राजकीय बालिका मध्य विद्यालय के गेट के सामने हुई गोलीकांड का छतरपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर की गई छापेमारी में गोली चालन का आरोपी आशुतोष कुमार सिंह उर्फ बूटा व रोशन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, सैमसंग, ओप्पो व वीवो कंपनी का एक-एक स्मार्टफोन, नोकिया कंपनी का एक कीपैड फोन बरामद किया गया है। इस संदर्भ में छतरपुर कांड संख्या 74/2024 दिनांक 2 मई 2024, धारा 25 (-इ)/26/ 35 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी छतरपुर के कवल कुरकुटा गांव के परमदेव सिंह का पुत्र आशुतोष कुमार सिंह व सासाराम के मॉडल थाना न्यू एरिया माईको के बलराम सिंह का पुत्र रोशन सिंह शामिल है। बताया जाता है कि छतरपुर में एक युवक आशुतोष कुमार सिंह अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी बहन के ससुर पर गोली चालान किया था। युवक अपनी बहन के अंतरजातीय विवाह से नाराज था। वह ससुरालवालों से बदला लेना चाहता था। बदला लेने के नीयत से वह अपनी बहन के ससुराल जा रहा था। इस दौरान उसके बहन के ससुर सामने आ गए। भाई ने ससुर पर गोलीबारी कर दी व फरार हो गया। बताते चलें कि पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र में 29 अप्रैल को खैनी कारोबारी संतोष साव को गोली मारी गई थी। संतोष साव के शरीर में दो गोली लगी थी। संतोष साव का इलाज रांची के प्राइवेट अस्पताल में किया जा रहा है।

छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि संतोष साव के बेटे ने अंतरजातीय विवाह किया था। बेटे के ससुराल वाले शादी से नाराज थे। लड़की का भाई संतोष साव के बेटे से बदला लेना चाहता था। एसडीपीओ ने बताया कि घटना के दिन लड़की का भाई बदला लेने की नियत से जा रहा था। इसी क्रम में संतोष साव नजर आया व उसने गोली मार दी। छापेमारी दल में एसडीपीओ नौशाद आलम, इंस्पेक्टर द्वारिका राम, छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल थे।

### डालटनगंज रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार नरक में हुआ तब्दील

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य के ठेकेदार की लापरवाही की वजह से शहर के रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वारा पर नाली का पानी सड़क पर जमा होने के कारण यात्रियों सहित आस पास के दुकानदारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।वही नाली में जमे पानी में गिर कर कई यात्री घायल भी हो चुके है।सड़क पर जमा पानी इतना दुर्गंध दे रहा है की लोग इस रास्ते से नाक पर रूमाल रख कर गुजर रहे है।बताते चले की प्रतिदिन इस मुख्य द्वारा से सैकड़ो यात्री सफर करने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचते है। यात्रियों में यह चर्चा का विषय भी बना हुआ है की डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन की हालत इतनी बदसूरत कैसे हो गई है। रेलवे प्रशासन को तत्काल इस पर ध्यान देकर इस स्थान की सफाई करवानी चाहिए जिससे यात्रियों का आने जाने में परेशानी ना हो।

# मेदिनीनगर : मजदूर दिवस के अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने झामुमो का दामन थामा

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो पलामू के स्थानीय जिला कार्यालय के प्रांगण में सैकड़ों महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस मिलन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की और कार्यक्रम का संचालन झामुमो नेता अविनाश देव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां भी उपस्थित थीं। कांति चंद्रवंशी और बिन्दु देवी के नेतृत्व में आई सभी महिलाओं को महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने झामुमो का अंगवस्त्र दे कर पार्टी में शामिल कराया। मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा ₹आप सभी महिलाओं का झामुमो पार्टी में स्वागत है, महिलाएं घर ही नहीं देश भी चलाना जानती हैं। आज जब हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं तब उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन पार्टी को मजबूती से नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। और साथ ही ये सौभाग्य की बात है की इंडिया गठबंधन ने पलामू की बेटी ममता भुइयां को पलामू लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है। जल्द ही पलामू की बेटी सांसद में जाएगी और पलामू की महिलाओं बेटियों की आवाज बनेगी। पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां ने अपने संबोधन में कहा आधी आबादी का प्रतिनिधित्व हम महिलाएं करती हैं, अब वक्त है अपना हक लेने का। आज सबसे बड़ा मुद्दा है महंगाई और महिलाएं ही सबसे ज्यादा मंहगाई से जूझ रही हैं। आज जिस तरीके से महिलाओं का समर्थन मुझे प्राप्त हो रहा है इससे साफ पता चलता है की पलामू बदलाव चाहता है। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में मैं इस चुनावी मैदान हूं, मेरा क्रमांक 2 पर लालटेन चुनाव चिन्ह है। आज मजदूर दिवस भी है और पलामू से मजदूर जिस तरीके से पलायन करते ये देख मुझे बहुत दुख होता है। सांसद बनते ही मैं पलामू के पलायन की समस्या को दूर करूंगी। भाजपा सत्ता में आ कर संविधान और आरक्षण को खत्म करना चाहती है।₹ इस कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, कमाल खान, वरिष्ठ नेता हाजी ललन युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, अल्पसंख्यक नगर अध्यक्ष सोनम खान, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष राजिया नियाजी, झामुमो में शामिल होने वाली महिलाओं में मंजू कुमारी, सोनी गुप्ता, सुशीला देवी, सीमा देवी, बिंदु, रिंकी देवी, गुलाबी देवी, नीलम देवी सहित सैकड़ों महिलाएं थीं।

### तृतीय चरण के चुनाव प्रशिक्षण की तैयारी पूरी, प्रशिक्षक हुए अपडेट



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** निष्पक्ष व त्रुटि रहित मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन के आदेशानुसार मतदानकर्मियों को तृतीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिनांक 03 मई 2024 से 06 मई 2024 तक हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में दिया जाना निर्धारित है। साथ ही दिनांक 03 मई 2024 को गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में सूक्ष्म प्रेक्षकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसकी सफलता के लिए समाहरणालय के डीआरडीए ब्लॉक 'सी' सभागार में मास्टर प्रशिक्षकों एवं जिला प्रशिक्षकों के लिए अभ्यास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह ,अमरेन्द्र पाठक, प्रधान सहायक रामलखन राम, सौरभ कुमार सिन्हा व दिनेश चंद्र राम के द्वारा मास्टर प्रशिक्षकों को अपडेट किया गया। प्रशिक्षण में शंकाओं का समाधान किया गया तथा प्रशिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण सेल के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद ने प्रशिक्षण में कोई कमी नहीं छोड़ने का निदेश दिया है।

### सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महादान करना अतिआवश्यक : अविनाश

- लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, हमारा देश उतना ही सशक्त होगा
- हम मतदाताओं को न झांसे में पड़ने की जरूरत है

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकतंत्र के महापर्व में 18वें लोकसभा के चुनाव का झारखंड में प्रथम चरण का मत 13 मई को पड़ना है। मत प्रतिशत बढ़ाने या यूं कहें तो 80 फीसदी के पार मतदान कराने को लेकर संत मरियम विद्यालय के शिक्षकों ने चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। अपने-अपने बूथों पर शत-प्रतिशत मतदान कराने को लेकर सभी शिक्षकों ने संकल्प लिया। शिक्षकों को संबोधित करते संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में ही हमारी आजादी है।

लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, हमारा देश उतना ही सशक्त होगा। अतः मतदान के दिन सारे काम-काज छोड़कर पहले मतदान करें, तब जलपान करें, क्योंकि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान का महादान करना अतिआवश्यक है। आगे उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आस्था रखनेवाले हर नागरिक से अपील है कि आप मतदान अवश्य करें और देश को सशक्त और अखंड बनाने अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने हुए हमारे प्रतिनिधि संघीय ढांचे को सुदृढ़ बनाते हुए देश के बड़े पंचायत घर से जनता के भाग्य को लिखते हैं, इसलिए हम मतदाताओं को न झांसे में पड़ने की जरूरत है, न बिकने की जरूरत है, बस निडर होकर मतदान करने की जरूरत है। जब हम निष्पक्ष मतदान करेंगे, तब हमारा संविधान निष्पक्ष रूप से काम करेगा। पुनः आप सबों से अपील है कि तपती धूप के बीच 13 मई को सुरक्षित सबसे पहले घर से निकलें और मतदान केंद्र पर जाएं और निष्पक्ष मतदान करें। लोकतंत्र के पर्व को शानदार तरीके से सेलिब्रेट करें।

### झारखंड एकेडमिक काउंसिल पर परीक्षा फल तैयार करने में की गड़बड़ी का आरोप

# परीक्षा फल में हुई गड़बड़ी की होगी जांच: उपायुक्त

- केजी स्कूल से 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय से 45 छात्राओं ने दी थी परीक्षा जिसमें 38 छात्रा हुए फेल



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा 12वीं के परीक्षा फल का घोषणा किया गया। घोषित परीक्षा फल के बाद मेदिनीनगर स्थित केजी स्कूल की छात्राएं परेशान हो गई। छात्राओं ने बताया कि उनके विद्यालय से 12वीं की विज्ञान संकाय की 45 छात्राओं ने परीक्षा दिया था। इन 45 छात्राओं में 38 छात्राएं फेल हो गई। 38 छात्राएं इस परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं। सभी असफल छात्राओं ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल पर आरोप लगाया है कि कॉपी जांचने से लेकर परीक्षा फल तैयार करने तक में गड़बड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 11वीं की परीक्षा दी थी तो फिजिक्स केमिस्ट्री और बायोलॉजी में हमने 70% तक नंबर लाया था। लेकिन 12वीं की परीक्षा के दौरान प्रायोगिक परीक्षा में 26 से 28 नंबर तक प्राप्त किया है। परंतु सैद्धांतिक परीक्षा में उन्हें 5 से 6 नंबर तक ही छात्राओं को दिया गया है।

इस सवाल को लेकर छात्राओं ने पलामू उपायुक्त से मुलाकात कर सचिव के नाम आवेदन लिखकर फिजिक्स ,केमिस्ट्री, बायोलॉजी के कॉफी के पुनर्मूल्यांकन की मांग की है। उन्होंने अपने आवेदन में उपायुक्त महोदय से विनम्र आग्रह किया है कि हम छात्राओं के भविष्य और जान का ख्याल रखते हुए कॉफी का पुनर्मूल्यांकन कराया जाए।

पलामू जिला उपायुक्त ने छात्राओं की समस्याओं को संज्ञान लेते हुए पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा को निर्देश दिया है कि सभी छात्राओं की सूची मंगाई जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए केजी स्कूल से छात्राओं की सूची मंगाई है। साथी उन्होंने छात्राओं को आश्वासन दिया है कि मूल्यांकन का जांच किया जाएगा। विशेष तौर से उपायुक्त पलामू ने कहा है कि इस घटना की जांच अपने स्तर से स्वयं करूंगा।

केजी स्कूल के 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय के छात्राओं परिणाम को देखते हुए कई सवाल खड़े होते हैं। सवाल यह है कि जिन छात्राओं ने 11वीं की परीक्षा में 70 से 75 नंबर प्राप्त किया उन छात्राओं में आखिर ऐसी कौन सी कमी हो गई जो 12वीं कक्षा की परीक्षा में मात्र 5 से 6 नंबर लाया। कहीं कॉपी का मूल्यांकन करने वाले शिक्षक ने लापरवाही तो नही बरती या फिर जिस स्कूल को सीएम एक्सीलेंट घोषित किया गया है उस विद्यालय के शिक्षकों ने अपने छात्रों को कैसे पढ़ाया।

## सम्मानित

### अटरिया श्री रुद्र महायज्ञ कमेटी की हुई समीक्षा बैठक

# यज्ञ में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले को किया गया सम्मानित

संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के अटरिया गांव में संपन्न हुए श्री रुद्र महायज्ञ संचालन समिति का एक समीक्षा बैठक का आयोजन की गई। जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष देवनारायण तिवारी व संचालन दिलीप तिवारी ने की। आयोजित समीक्षा बैठक में यज्ञ के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले संस्थान व सेवा कार्य में लगे लोगों को धन्यवाद दिया गया। कलश यात्रा अटरिया गांव से तोलरा गांव स्थित कोयल तक गई थी। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसे लेकर ज्ञानचंद पांडेय के द्वारा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल की बस, भंडार माउंट टेरा पब्लिक स्कूल विनोद पांडेय, तुकबेरा रेड रोज पब्लिक स्कूल व डालटनगंज आशीर्वाद एयरलाइंस आदि को ओर से बस मुहैया कराया गया। यज्ञ कमेटी की ओर से इनका आभार प्रकट किया गया। वहीं अटरिया गांव में निवास करने वाले लोगों के के पूर्वजों का तोलरा गांव हैं। जहां जलयात्रा में शामिल हुए श्रद्धालुओं के लिए तोलरा गांव के लोगों की ओर से जलपान, फल, शरबत, ठंडा पानी इत्यादि की व्यवस्था किया गया था। इस कार्य में तोलरा के शिक्षाविद प्रयाग तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, उपेंद्र तिवारी, मखीरन तिवारी, सुमंत तिवारी, उज्जवल तिवारी, बिट्टू तिवारी, रोहित तिवारी, संजय तिवारी आदि का सराहनीय योगदान था। अटरिया व तोलरा गांव के लोग एक हीं गोत्र परिवार से होने के नाते आपस में गले मिलकर एक दुसरे का स्वागत किए। गुरी सर्वेश्वरी समूह की ओर यज्ञ में श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था किया गया था।

> जलयात्रा में शामिल हुए श्रद्धालुओं के लिए तोलरा गांव के लोगों की ओर से जलपान, फल, शरबत, ठंडा पानी इत्यादि की व्यवस्था किया गया था

इस सेवा कार्य में लगे लोगों के प्रति यज्ञ कमेटी ने आभार प्रकट किया। समीक्षा बैठक में यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष श्री देवनारायण तिवारी, सचिव दिलीप तिवारी, संयोजक कन्हैया तिवारी, सुनील तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष नलिन रंजन तिवारी, कोश प्रमुख राहुल तिवारी, जितेंद्र तिवारी आदि लोग शामिल हुए।

### बीएमसी नेउरा उर्दू मध्य विद्यालय में संध्या चौपाल का आयोजन

# ज्यादा मतदान से देश अधिक मजबूत होगा: नितेश

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर उर्दू उत्क्र. मध्य विद्यालय बी.एम.सी. नेउरा में मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी बतौर मुख्य अतिथि नितेश भास्कर व विशिष्ट अतिथि अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के अतिरिक्त दर्जनाधिक अधिकारी गण क्रमशः शांति माड़ी, राधेश्याम, ओहमंती, जमीला, मो. नईयर अली शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक एम.जे. अजहर ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नितेश ने कहा कि देश की तरक्की और मजबूती के साथ आम जनों की खुशहाली के लिए प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जितना ज्यादा मत पड़ेंगे, भारत उतना ही अधिक मजबूत होगा।

हमारा कर्तव्य है कि हम सभी एक- दूसरे को मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर वीरेंद्र, रामप्रवेश, दीनानाथ, आले हसन, मो. हसन, मीना, मुनिया, सहित सभी बीएलओ, कई वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाएं, स्वयं सेवी संस्थाओं के सदस्य गण व सैकड़ों आम ग्रामीणों के साथ युवा मतदाता उपस्थित हुए।

## एक नजर

### दुर्घटना में युवक घायल, हार्ट अटैक से पत्नी की मौत

**नवादा।** नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के जोरावरडीह-नीमिया मोड़ के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना की सूचना जैसे ही युवक की पत्नी को मिली वह इस सदमा को बर्दाश्त नहीं कर सकी और मौके पर ही उसकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। थाना क्षेत्र के बन्दैली कला गांव निवासी सहदेव यादव का 26 वर्षीय पुत्र कौआकोल बाजार से बाइक से अपना घर जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसके दोनों पैर में उसे गंभीर चोट लगी। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उसे कौआकोल पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे नवादा रेफर कर दिया गया। इस घटना की सूचना जैसे ही अखिलेश की पत्नी लगभग 22 वर्षीय नीतू देवी को मिली,वह इस सदमा को बर्दाश्त नहीं कर सकी और मौके पर ही हार्ट अटैक हो जाने से उसकी मौत हो गई।

### जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये

**सहरसा।** जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने सदर अस्पताल सहरसा का निरीक्षण कर अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी ली। उक्त अवसर पर कतिपय बिंदुओं के संदर्भ में सुधार निमित यथोचित दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने आपातकालीन कक्ष, बर्न वार्ड, एक्स रे, सी टी स्कैन, प्रसव वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई एवम बच्चा वार्ड में स्वास्थ्य सुविधाओं/ चिकित्सीय सुविधाओ की उपलब्धता का अवलोकन किया। उन्होंने लू से बचाव हेतु वार्ड/चिकिस्तीय सुविधाओ की एवम आवश्यक दवा के बारे मे जानकारी ली एवम सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस के आलोक में अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया की प्रचंड गर्मी से प्रभावित व्यक्तियों को ससमय आवश्यक चिकित्सीय सुविधा दी जाए,किसी भी प्रकार को कोताही न हो इसका निश्चित रूप से ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी विभिन्न वार्डो में गए।

### पिस्टल सटाकर बाइक लूटी, लुटेरों ने फोड़ा सर

**नवादा।** नवादा जिले कौआकोल थाना क्षेत्र के कदहर-चन्द्रदीप पथ पर महापुर मोड़ के पास एक युवक की तीन बदमाशों ने पिस्टल सटाकर बाइक छीन लिया एवं विरोध करने पर लाठी से पीटकर सर फोड़ दिया। इस सम्बंध में पीड़ित युवक द्वारा कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना रात्रि 10 बजे की बताई जाती है। पीड़ित युवक कौआकोल थाना क्षेत्र के भोरमबाग गांव निवासी स्वर्गीय प्यारे महतो के पुत्र रमेश कुमार ने बताया कि जब वे महापुर गांव से अपने घर हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक से लौट रहे थे,तभी महापुर मोड़ के पास चन्द्रदीप की ओर से एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर बाइक रुकवा दिया। एक बदमाश ने उन्हें पिस्टल सटाकर बाइक की चाभी छीन लिया तथा दूसरे ने उनके सर पर लाठी से प्रहार कर दिया । तीसरा उनका नोकिया कम्पनी का छोटा मोबाइल छीनकर बाइक और मोबाइल लेकर तीनों फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित युवक के द्वारा कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### नेपाली बैक से 1.32 करोड़ की लूट करने वाले तीन अपराधी मोतिहारी में गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने नेपाल में हुए नोबॉल को-ऑपरेटिव बैंक से 1.32 करोड़ लूट में शामिल 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अपराधियों के पास से लूट के 18 लाख 23 हजार 200 नेपाली रुपया के साथ हथियार, जिंदा कारतूस सहित अन्य समान बरामद किया है। पकड़े गये अपराधियों ने पूछताछ के दौरान नेपाली बैक में लूट के साथ ही पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया व ढाका में तीन इलेक्ट्रॉनिक दुकान में हुए चोरी कांड में भी अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। पुलिस छापेमारी में जुटी है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना प्रप्त हुई कि कुछ अपराधी हथियार के साथ इक्क्ठा है,जिसके बाद रक्सौल डीएसपी धीरेन्द्र कुमार,सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार व पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। गठित टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए घेराबंदी कर दरपा थाना क्षेत्र के तीनकोनी में छापेमारी कर 17 लाख 28 हजार 200 नेपाली रुपया के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया।

### आकाश से आया एक रहस्यमयी गोला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जमुरिया थाना इलाके में एक अजीबो-गरीब घटना घटी है। यहां आसमान से एक रहस्यमयी गोलाकार चीज बिल्डिंग से टकराकर जमीन के अंदर घुस गई है। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे हुई इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि वह चीज धातु की बनी हुई थी। इकरा गांव के कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया कि सुबह नौ बजे उन्होंने दो गोल धातु की वस्तुएं आसमान से तेज गति से नीचे आती देखीं। इनमें से एक ने गांव निवासी अनिल बाद्यकर के दोमंजिला मकान की छत का एक हिस्सा ध्वस्त कर दिया। इसके बाद यह मिट्टी में घुस गया। दूसरा गोला मगाराम बाद्यकर नामक निवासी के आंगन में गिरा है। इससे घर की बेटी झूलन बाद्यकर चोटिल हुई है। उनके शरीर के कई हिस्से जल गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह गोला भी आंगन में गिरने के बाद धरती के अंदर समा गया। जमुरिया थाने की पुलिस जांच में जुट गई है।

# मोदी ने अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक ऊंचा किया : राजनाथ

दुनिया के लोग भारत की बातों को बड़े गौर से सुनते हैं



एजेंसी

**पटना/सारण।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि भाजपा सरकार में देश का प्रभाव बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऊंचा किया है। आज दुनिया के लोग भारत की बातों को बड़े गौर से सुनते हैं।

राजनाथ सिंह ने सारण से भाजपा उम्मीदवार राजीव प्रताप रूड़ी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारों को आपने देखा है। केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि देश के किसी ना किसी राज्य में आतंकी घटनाएं होती रहती थीं, लेकिन आज भाजपा सरकार में आतंकी घटनाएं बंद हैं, जम्मू-कश्मीर में कभी छिटपुट ऐसी घटना भले सामने आ जाए। उन्होंने मोदी सरकार के कदम की सराहना की और कहा कि आपको रक्षा मंत्री होने के नाते आश्वस्त करता हूं कि देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। आज देश के पास वो ताकत है कि भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार जाकर भी मार सकता है। ये हमारी ताकत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव प्रताप रूड़ी ने अपने क्षेत्र में जमकर सेवा की है। रूड़ी अपने क्षेत्र में ज्यादा काम करते हैं। रूड़ी को सबका भरपूर समर्थन मिलना चाहिए। रूड़ी बहुत कुशल पायलट हैं, अपने प्रतिद्वंदी को हवा में ही उड़ा देंगे। यही नहीं जहां भी एनडीए के उम्मीदवार हैं वहां उनको समर्थ दीजिए। उन्होंने कहा कि रूड़ी सिर्फ सांसद नहीं एक बड़ी हस्ती भी हैं। इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए अब तक आपने जिताया है तो फिर मौका दीजिए। इससे पहले सारण के सांसद और इस सीट से भाजपा उम्मीदवार रूड़ी ने अपना नामांकन दाखिल किया। पत्नी और दोनों बेटियों के साथ वो समाहरणालय पहुंचे। नामांकन के लिए निकलने से पहले उन्होंने घर में पूजा-अर्चना की।

### तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर की धमकी

# हिंदुओं को गंगा में बहा देंगे



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान से पहले सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक का वीडियो वायरल हुआ है। उनका नाम हुमायूं कबीर है। मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक कबीर ने देशभर के समूचे हिंदू समुदाय को गंगा नदी में बहाने की धमकी दी है। गुरुवार को सामने आए इस वीडियो में वह कहते सुने जा सकते हैं, तुम लोग 70 फीसदी हो और हम लोग 30 फीसदी, लेकिन तुम लोगों को दो घंटे में गंगा में नहीं बहा दिए तो राजनीति छोड़ दूंगा।

इसे लेकर भाजपा ने ममता बनर्जी की पार्टी की मंशा पर सवाल खड़ा किया है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि तृणमूल विधायक का यह बयान हिंदुओं के समूल नाश की साजिश का संकेत है। दरअसल हुमायूं कबीर का जो वीडियो वायरल हुआ है ममता बनर्जी के बेहद खास नेताओं में शामिल कबीर ने कहा है, तुम लोग (हिंदू) 70 फीसदी हो और हम लोग भी 30 फीसदी हैं। यहां पर तुम काजीपाड़ा का मस्जिद तोड़ोगे, बाकी मुसलमान हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहेंगे, यह कभी नहीं होगा। भाजपा को मैं यह बता देना चाहता हूं कि यह कभी भी नहीं होगा। दो घंटे के अंदर ही भागीरथी (गंगा) नदी में बहा न सके तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

# भारत की दुनिया में बज रहा डंका: नड्डा



एजेंसी

**अररिया।** अररिया के सिकटी विधानसभा क्षेत्र के धर्मगंज मेला ग्राउंड में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।

जे.पी.नड्डा ने सबसे पहले मद्नेश्वरनाथ और सुंदरनाथ महादेव को नमन करते हुए आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु को याद किया। उन्होंने मोदी जी के दस साल के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का बताया। दूसरी तरफ राजद और कांग्रेस के पुराने शासनकाल को लूट खसोट, कुशासन और खुद के परिवार का कल्याण करने वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि दस सालों में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गई है। दुनिया आज हमसे दवा खरीद रही है।भारत दुनिया में सबसे सस्ती, असरदार और किफायती दवा बना रही है। जिसके कारण दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पेट्रोकेमिकल के क्षेत्र में भारत का निर्यात 106 प्रतिशत बढ़ गया है। मोबाइल पहले विदेश से आता था और अब 97 फीसदी मोबाइल भारत में बन रहा है। उन्होंने प्रतिदिन 29 से 30 किलोमीटर नेशनल हाईवे सड़क निर्माण की बात करते हुए अब तक 55 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किए जाने की बात कही। वही प्रतिदिन 26 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के बिछने और अब तक 52 हजार किलोमीटर रेल का विद्युतीकरण होने की बात कही।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोरोना काल को याद करते हुए कोरोना की मार को सौ साल की सबसे बड़ी आपदा करार देते हुए कहा कि अमेरिका, यूरोप, रूस सहित दुनिया के देश जब फेल हो गए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक करोड़ 40 लाख लोगों का जान बचाई।जो काम अमेरिका जैसे देश नहीं कर पाए उसे मोदी जी ने लॉकडाउन लगाकर साबित कर दिया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वह खुद प्रदेश और देश में स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं।पहले हालत यह थे कि टेटनस की दवा को भारत आने में 27 साल लग गए। वही डिप्थीरिया की दवा को आने में 30 साल लगे।जबकि ट्यूबरक्लोसिस की दवा के भारत आने में 24 साल लगे। इतना ही नहीं जापानी बुखार का दवा आने में सौ साल लगे हैं। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी 2019 को पहले कोरोना का केस आया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टास्क फोर्स की बैठक कर महज 9 माह के अंदर दो करोड़ वैक्सीन का डोज देने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को भारत वैक्सीन देने का काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत भारत में 80 करोड़ और बिहार के एक करोड़ 70 लाख लोगों को लाभ लाभ मिलने की बात करते हुए कहा कि यह योजना 5 सालों तक चलेगी।

# भीषण गर्मी में राहत की बारिश का संदेश, क्या गिरेगा तापमान?

### पूर्वी मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना



संवाददाता

**कोलकाता।** मौसम विभाग ने दिया भीषण गर्मी में राहत भरी बारिश का संदेश। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि इससे बिल्कुल राहत मिलेगी या नहीं। मौसम कार्यालय के मुताबिक रविवार को दो तटीय जिलों पूर्वी मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

उत्तर 24 परगना में मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम कार्यालय ने कहा कि सोमवार और मंगलवार को कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर बारिश के साथ वज्रपात भी हो सकता है। मौसम कार्यालय ने कहा कि बारिश के परिणामस्वरूप तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। हालांकि, अगले दो से तीन दिनों तक जिलों में गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। गुरुवार को झारग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर, बांकुरा, दुई बर्दवान और बीरभूम में बहुत तीव्र गर्मी की प्रभाब थी। इस बीच, उत्तर बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर और मालदा में गुरुवार को लू जारी थी। शनिवार को दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कलिम्पोंग, अलीपुरद्वार और कूचबिहार में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। रविवार से उत्तर बंगाल के सभी जिलों में बारिश की संभावना है। इस बीच, गुरुवार को कोलकाता का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

# युवक की हत्या, अपराधियों की तलाश में जुटी पुलिस

### मृतक इमामुद्दीन नारकेलडांगा का रहने वाला था

संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता में एक युवक की हत्या! पता चला है कि मृत युवक का नाम इमामुद्दीन है। वे कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। गुरुवार की सुबह छह-सात बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। इमामुद्दीन की धारदार हथियार से हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाया गया, कांग्रेस इस मामले को लेकर आयोग का दरवाजा खटखटाने जा रही है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, ये भयानक 'हत्या' करीब 5:30 बजे कायजर स्ट्रीट इलाके में हुई। इमामुद्दीन पर हमला कर बदमाश भाग गए। उन्हें मौके से बचाया गया और एनआरएस अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक इमामुद्दीन नारकेलडांगा का रहने वाला था।

इस घटना को लेकर पुलिस ने बताया कि 13 अप्रैल को इमामुद्दीन का मोहम्मद असरफ नाम के शख्स से विवाद हुआ था। उस वक्त उनके साथ फखरुद्दीन नाम का एक और युवक था। ये सभी जमीन कारोबार से जुड़े थे। उस बिजनेस के पैसों के बंटवारे को लेकर इमामुद्दीन को असरफ से दिक्कत थी।

उस विवाद के बाद फखरुद्दीन और इमामुद्दीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। जिसके आधार पर फखरुद्दीन को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन इमामुद्दीन भाग निकला। इसके बाद से ही पुलिस उसे पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही थी। आज सुबह इमामुद्दीन कारोबार संबंधी समस्या सुलझाने गए थे। तभी उन पर हमला हुआ। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# बंगाल: माध्यमिक परीक्षा के रिजल्ट घोषित कूचबिहार के चंद्रचूड़ सेन राज्य में अव्वल



एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा परिषद् की ओर से गुरुवार को माध्यमिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया। कूचबिहार जिले के चंद्रचूड़ सेन ने राज्य में टॉप किया है। वह कूचबिहार के रामभोला हाईस्कूल के छात्र हैं। इन्हें 700 में कुल 693 (99 प्रतिशत) अंक मिले हैं। इस वर्ष कुल 86.31 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है। टॉप टेन में 57 परीक्षार्थी शामिल हैं। दूसरे स्थान पर पुरुलिया जिला स्कूल के साम्यप्रिय गुरु रहे जिनका प्राप्तांक 692 (98.96 प्रतिशत) है।

तीन उम्मीदवारों को तीसरा स्थान मिला है। बालुरघाट हाईस्कूल, दक्षिण दिनाजपुर के छात्र उदयन प्रसाद, न्यू इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट हाईस्कूल, बीरभूम की छात्रा पुष्पिता बंशुरी और नरेंद्रपुर रामकृष्ण विद्यालय, दक्षिण 24 परगना के छात्र नायरितरंजन पाल ने 691 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है। रामकृष्ण मिशन मल्टीपर्पज स्कूल, कामारपुकुर, हुगली के छात्र तपोज्योति मंडल ने चौथा स्थान हासिल किया। प्राप्त अंक 690 (98.57 प्रतिशत)।

पूर्वी बर्धमान के पारुलदंगा नसरतपुर हाई स्कूल के छात्र अर्घ्यदीप बसाक ने पांचवां स्थान हासिल किया है। प्राप्त अंक 689 (98.43 प्रतिशत) है।

छठे स्थान पर चार छात्र हैं। दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट हाईस्कूल के छात्र कृष्णु साहा, मालदा के मोजमपुर हाई स्कूल के छात्र मोहम्मद शहाबुद्दीन अली, पश्चिम मेदिनीपुर के मेदिनीपुर कॉलेजिएट स्कूल के छात्र कौस्तव साहू और नरेंद्रपुर रामकृष्ण स्कूल के छात्र ओलिव गायेन ने 688 (98.29 प्रतिशत) अंक हासिल किया।

सातवें स्थान पर सात छात्र हैं। दक्षिण दिनाजपुर से तीन छात्र। बालुरघाट गर्ल्स हाई स्कूल के अवृत घटक और अर्पिता घोष, बालुरघाट हाई स्कूल के सतवत डे ने 687 (98.17 प्रतिशत) अंक हासिल किए। इसके अलावा, सरोजिनी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, बीरभूम के छात्र आरट्रिक साव, ज्ञानदीप विद्यापीठ हाई स्कूल, पूर्वी मेदिनीपुर के छात्र सुपम कुमार रॉय, विवेकानन्द आश्रम स्कूल के छात्र कौस्थव मल, नरेंद्रपुर रामकृष्ण मिशन स्कूल, दक्षिण 24 परगना की छात्रा आख्या ने भी सातवां स्थान हासिल किया।

आठवें स्थान पर चार छात्र हैं। बर्दवान विद्यार्थी भवन गर्ल्स हाई स्कूल, पूर्वी बर्दवान की छात्रा इंद्राणी चक्रवर्ती, बर्दवान म्यूनिसिपल हाई स्कूल की छात्रा देबज्योति भट्टाचार्य, मेदिनीपुर मिशन गर्ल्स स्कूल, पश्चिम मेदिनीपुर की छात्रा तनुका पाल, कृष्णानगर कॉलेजिएट स्कूल, नादिया की छात्रा हृदयी मल्लिक।

# संदेशखाली मामला: सीबीआई ने दाखिल की रिपोर्ट अदालत ने राज्य को सहयोग करने का दिया निर्देश




एजेंसी

**कोलकाता।** संदेशखाली मामले में सीबीआई ने कलकत्ता हाई कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ के समक्ष सीलबंद लिफाफे में जांच की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत की है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना होगा।

सीबीआई ने कोर्ट से शिकायत की है कि राज्य भूमि रिकॉर्ड से जुड़े मामलों में सहयोग नहीं कर रहा है। उसके मुताबिक, जमीन कब्जाने से जुड़ी 900 शिकायतें मिली हैं। यदि राज्य आवश्यक सहयोग प्रदान नहीं करता है तो जांच में देरी होगी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने कहा कि राज्य को जांच में आवश्यक सहयोग देना होगा। मामले को लेकर सीबीआई ने राज्य से कुछ दस्तावेज मांगे हैं। हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि एक हफ्ते के अंदर वो सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिए जाएं।

10 अप्रैल को हाई कोर्ट ने संदेशखाली मामले में की सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए राज्य सुप्रीम कोर्ट गया लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया। मुख्य न्यायाधीश ने गुरुवार को टिप्पणी की, "सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप नहीं किया। यह वांछनीय है कि राज्य को सहयोग करना चाहिए।"

वहीं, कोर्ट ने संदेशखाली के कुछ संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया। साथ ही हाई कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली की सड़कों पर लाइटें लगाई जाएं। कोर्ट ने राज्य को 15 दिनों के भीतर आदेश लागू करने को कहा। आरोप है कि राज्य ने अब तक इस बारे में कुछ नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि आदेश पर अमल नहीं करने पर कोर्ट की अवमानना का मामला दर्ज किया जायेगा। आदेश को तुरंत लागू करने का आदेश दिया गया है।

# बेपटरी हुई मालगाड़ी, परिचालन बाधित



एजेंसी

**पटना।** बिहार के दरभंगा जिले में एक मालगाड़ी बेपटरी हो गयी। यहां बेला मोड़ स्थित रैक पॉइंट पर मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना के बाद रेल परिचालन बाधित रहा। साथ ही बेला-मनीगाछी रूट पूर्णत बाधित हो गया है। दरअसल, दरभंगा रैक पॉइंट पर जा रही मालगाड़ी के डिब्बे गुरुवार देर रात में डीरेल हो गए थे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे उक्त जगह से आवाजाही शुरू की जा सकी।घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी अभियंताओं के एक दल के साथ मौके पर पहुंच कर पटरी को दुरुस्त करने के प्रयास में लगे है। फिलहाल एक बोगी को पटरी पर लाया गया है। दुर्घटना के बाद से अप लाइन से कुछ गाड़ियों को पास कराया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच की जांच की जा रही है। मालगाड़ी के इन डिब्बों में सीमेंट लोड किया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीआरएम भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जांच करने का आदेश भी जारी किया है। समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम आलोक अग्रवाल ने रेलवे यार्ड में शंटिंग के दौरान मालगाड़ी के सीमेंट भरे तीन कोच के बेपटरी होने पर कहा कि उक्त मालगाड़ी जबलपुर से दरभंगा पहुंची थी। इसमें सीमेंट की बोरियां लदी हुई थी। मालगाड़ी को जब शंटिंग के लिए ले जाया जा रहा था इसी दौरान तीन कोच बेपटरी हो गयी। डीआरएम ने बताया कि घटना के समय से कंगवा गुमटी से आवागमन भी बाधित हो गया था। कोच के अंदर सीमेंट के रखने में लेवलिंग ठीक नहीं होने के कारण कोच असंतुलित होकर एक तरफ बेपटरी हो गया। दरभंगा एवं समस्तीपुर के एआरटी (एक्सीडेंटल रिलीफ ट्रेन) के सहयोग से इसे पटरी पर पहुंचा दिया गया।

एक नजर

## कनाडा ने 2024 टी20 विश्व कप के लिए घोषित की टीम, साद बिन जफर होंगे कप्तान



**ओटावा।** क्रिकेट कनाडा ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए गुरुवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। ऑलराउंडर साद बिन जफर आईसीसी टूर्नामेंट में कनाडाई टीम का नेतृत्व करेंगे। ऑर्थोडॉक्स स्पिनर और कप्तान साद टीम में अनुभव का खजाना लेकर आएंगे, साथ ही बल्लेबाज आरोन जॉनसन और तेज गेंदबाज कलीम सना के भी टीम में शामिल किया गया है। टीम में सिर्फ चार खिलाड़ी 30 साल से कम उम्र के हैं। निखिल दत्ता और श्रीमंथा विजयरत्ने को टीम में जगह नहीं मिली है। इस बीच, तजिंदर सिंह आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए रिजर्व के तौर पर यूएसए और वेस्टइंडीज जाएंगे। आगामी आईसीसी इवेंट टी20 विश्व कप में कनाडा की पहली भागीदारी होगी। साद की टीम को सह-मेजबान अमेरिका, भारत, पाकिस्तान और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। उत्तरी अमेरिकी टीम 1 जून को डलास में यूएसए के खिलाफ अपने टूर्नामेंट की शुरूआत करेगी।

## स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में हारे रोनी ओ'सुलिवन



**लंदन।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रोनी ओ'सुलिवन बुधवार को स्टुअर्ट बिंगहैम से 13-10 से हारकर स्नूकर विश्व चैम्पियनशिप से बाहर हो गए। सात बार के विश्व चैंपियन ने सोमवार को शेफील्ड में रयान डे को 13-7 से हराकर रिकॉर्ड 22वीं बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन रिकॉर्ड आठवीं बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने की उनकी उम्मीद एक कठिन क्वार्टर फाइनल के बाद खत्म हो गई, क्योंकि 2015 के विश्व चैंपियन बिंगहैम ने आखिरी छह फ्रेम में से पांच फ्रेम अपने नाम कर लिए। इस हार के बाद रोनी विश्व की नंबर 1 रैंकिंग भी खो देंगे जो उन्होंने अप्रैल 2022 से हासिल की थी जबकि मार्क एलन पहली बार इस सूची में शीर्ष पर होंगे। इस बीच, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जड ट्रम्प भी सेमीफाइनल में पहुंचने में असफल रहे। 2019 के विश्व चैंपियन ट्रम्प को क्वालीफायर जैक जोन्स ने 13-9 से हरा दिया। जोन्स पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने क्रूसिबल में अपने दूसरे दौरे में एक कदम और आगे बढ़ते हुए अपने करियर में दूसरी रैंकिंग इवेंट सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## डॉर्टमुंड ने चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में पेरिस सेंट-जर्मेन को हराया



**बर्लिन।** निकोलस फुलक्रग के निर्णायक गोल की बदौलत बोरूसिया डॉर्टमंड ने बुधवार रात चैम्पियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में पेरिस सेंट जर्मेन पर 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। मैच की शुरूआत बराबरी की रही, दोनों टीमों ने मौके बनाए। डॉर्टमंड के लिए ओस्मान डेम्बेले और मार्सेल सबित्जर के पास गोल करने के मौके थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। मैच के 36वें मिनट में निको श्लोटरबेक ने पीएसजी बॉक्स में एक सटीक क्रॉस दिया, जो फुलक्रुग के पास पहुंचा, जिन्होंने पीएसजी के गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाते हुए गोल कर डॉर्टमंड को बढ़त दिला दी। डॉर्टमुंड ने दबाव बनाए रखा और मध्यांतर तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। पीएसजी ने ब्रेक के बाद अपना हमला तेज कर दिया, जिसमें किलियन एमबाप्पे और अचरफ हकीमी ने कुछ ही मिनटों के भीतर पोस्ट पर शॉट मारा, लेकिन बराबरी करने से चूक गए।

# एफआईएच प्रो लीग में घोषित भारतीय महिला टीम में झारखंड के चार खिलाड़ी

● झारखंड की सलीमा टेटे संभालेंगी भारतीय हॉकी टीम की कमान ● अर्जेंटीना के खिलाफ 22 मई को भारतीय टीम खेलेगी पहला मैच



● निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमार और दीपिका सोरेंग शामिल हैं

● दो चरणों में बेल्जियम और इंग्लैंड में होगी

● टूर्नामेंट का पहल चरण बेल्जियम में 22 मई को शुरू होगा और 26 मई तक चलेगा

संवाददाता

**रांची।** भारतीय हॉकी ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग के लिए घोषित 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में चार खिलाड़ी झारखंड के चुने गए हैं। भारतीय टीम की कमान झारखंड के सिमडेगा की सलीमा टेटे संभालेंगी। टीम की उपकप्तान नवनीत कौर हैं। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की कमान संभालने वाली झारखंड के सिमडेगा की सलीमा टेटे को हाल ही में प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। भारतीय टीम में झारखंड की चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमार और दीपिका सोरेंग शामिल हैं।



सलीमा टेटे ने वर्ष 2017 में बेलारूस के खिलाफ राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया था। वर्ष 2018 के युवा ओलंपिक खेलों में भारत ने सलीमा की कप्तानी में रजत पदक जीता था। वर्ष 2021 में वह भारतीय ओलंपिक टीम का हिस्सा थी।

उल्लेखनीय है कि एफआईएच प्रो लीग इस बार दो चरणों में बेल्जियम और इंग्लैंड में होगी। टूर्नामेंट का पहल चरण बेल्जियम में 22 मई को शुरू होगा और 26 मई तक चलेगा। इसके बाद टूर्नामेंट का दूसरा चरण इंग्लैंड में 1 जून से शुरू होकर 9 जून तक चलेगा। इस लीग में भारत 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इसके अलावा भारतीय टीम दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, ग्रेट ब्रिटेन और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी। भारत रैंकिंग में फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है।

## कूल्हे की चोट के कारण चल रहे मैड्रिड ओपन से हटे जननिक सिनर

**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी जननिक सिनर कूल्हे की चोट के कारण चल रहे मैड्रिड ओपन से हट गए हैं, आयोजकों ने बुधवार को उक्त घोषणा की। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने मंगलवार को चौथे दौर में करेन खाचानोव को हराया था और आज एटीपी मास्टर्स 1000 स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होना था। टूर्नामेंट ने एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की, जननिक सिनर ने दाएं कूल्हे की चोट के कारण मुटुआ मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया है। परिणामस्वरूप, वह गुरुवार को फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ अपना क्वार्टर फाइनल मैच खेलने के लिए कोर्ट पर नहीं उतरेंगे। मैड्रिड में तीसरी बार खेल रहे 22 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी का इस साल 28-2 का रिकॉर्ड है। सिनर ने मियामी में अपना दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब और ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी पहली बड़ी चैंपियनशिप अर्जित की। वहीं, 2022 रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से चूकने के बाद, कनाडा के ऑगर-अलियासिमे अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां उनका सामना 30वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका या तीसरी वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव से होगा।

# आयरलैंड और इंग्लैंड सीरीज के लिए पाकिस्तान की टी20 टीम घोषित, हारिस रऊफ की वापसी

लाहौर। एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। स्टार तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की टीम में वापसी हुई है। रऊफ कंधे की चोट के कारण हाल ही में समाप्त हुई न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर रहे थे। रऊफ के अलावा तेज गेंदबाज हसन अली की भी टीम में वापसी हुई है जो 20 ओवर की सीरीज के लिए आयरलैंड और इंग्लैंड का दौरा करेंगे। पाकिस्तान की पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति ने न्यूजीलैंड सीरीज में हिस्सा लेने वाले अधिकांश खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है। सलमान अली आगा को हाल ही में ब्लैक



कैप्स के खिलाफ सीरीज के दौरान रिजर्व में रखा गया था, लेकिन उन्होंने 18 सदस्यीय टीम में अपनी जगह बनाई है। चोट के कारण न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर रहने वाले आजम खान को टीम में शामिल किया गया है। इस बीच, न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट से पीड़ित मोहम्मद रिजवान को भी टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम आयरलैंड और इंग्लैंड में टीम की अगुआई करेंगे।

**दौरे के कार्यक्रम:-**

**आयरलैंड श्रृंखला:** 10 मई: पहला टी20, डबलिन; 12 मई दूसरा टी20, डबलिन; 14 मई: तीसरा टी20, डबलिन।

**इंग्लैंड श्रृंखला:** 22 मई: पहला टी20, लीड्स; 25 मई: दूसरा टी20, बर्मिंघम; 28 मई: तीसरा टी20, कार्डिफ; 30 मई: चौथा टी20, लंदन।

**पाकिस्तान टीम :** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सैम अयूब, सलमान अली आगा, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

# जयपुर : राजस्थान बैडमिन्टन संघ का कैलेण्डर घोषित

जयपुर। एजेंसी

राजस्थान बैडमिन्टन संघ ने अपनी साधारण सभा की बैठक में राजस्थान बैडमिन्टन कैलेण्डर को अंतिम रूप दिया। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए राज्य प्रतियोगिता के लिए नकद पुरस्कार तीन लाख से बढ़ाकर सवा पांच लाख किया हैं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग व चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार की घोषणा की है। राजस्थान बैडमिन्टन संघ के सचिव केके शर्मा ने गुरुवार को बताया कि राज्य बैडमिन्टन संघ की साधारण सभा की बैठक पिछले दिनों जोधपुर में सम्पन्न में हुई, जिसमें राजस्थन बैडमिन्टन संघ के 2024-25 कैलेण्डर के अनुरूप पहली प्रतियोगिता राज्य रैंकिंग बैडमिन्टन प्रतियोगिता पुरुष व महिला वर्ग में 11 से 15 जुलाई को जोधपुर में कराने का निर्णय किया गया। वहीं राज्य जूनियर अन्तरजिला बैडमिन्टन प्रतियोगिता जोकि 19 वर्ष में होगी वो जयपुर 2 से 7 अगस्त तक आयोजित होगी। सीनियर व जूनियर प्रतियोगिता के आधार पर सीनियर व 19 वर्ष टीम का चयन होगा जो नॉर्थ जोन चैम्पियनशिप में भग लेगी। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष वर्ग में राज्य सब-जूनियर बैडमिन्टन चैम्पियनशिप भीलवाड़ा में 27 से 31 अगस्त तक आयोजित होगी। वहीं 17 वर्ष वर्ग में राज्य सब-जूनियर बैडमिन्टन प्रतियोगिता कोटा में 9 से 13 अगस्त को आयोजित होगी। 11 एवं 13 वर्ष वर्ग में सब-जूनियर प्रतियोगिता 11 से 15 अक्टूबर को अजमेर में आयोजित होगी। राज्य सीनियर बैडमिन्टन चैम्पियनशिप 29 नवम्बर से तीन दिसम्बर तक बीकानेर में आयोजित होगी।



### खिलाड़ियों को पुरस्कर दिया जाएगा

बैठक में खिलाड़ियों को और अधिक प्रोत्साहन के लिए नकद पुरस्कार सीनियर वर्ग में 1 लाख 25 हजार, 19 वर्ष वर्ग में 1 लाख, 17 वर्ष वर्ग में 1 लाख, 15 वर्ष वर्ग में 1 लाख, 11 वर्ष एवं 13 वर्ष वग में 1 लाख रुपये कुल मिलाकर 5 लाख 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार रखा गया है। रैंकिंग में प्रथम स्थान पाने वाले को 21 हजार, द्वितीय स्थान वाले 15 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार वहीं राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 51 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 41 हजार तथा तृतीय स्थान वाले को 31 हजार रुपये का नगद पुरस्कर दिया जाएगा।

मास्टर्स बैडमिन्टन चैम्पियनशिप 15 से 19 जनवरी 2025 को बीकानेर में आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं में राज्य संघ आयोजित करने वाले जिला संघों को राज्य संघ से शटल, मेडल एवं सर्टिफिकेट दिये जाएंगे।

केवल उक्त पुरस्कार जूनियर एवं सीनियर वर्ग के लिए लागू होंगे, मास्टर्स प्रतियोगिता के लिए लागू नहीं होंगे। मास्टर्स प्रतियोगिता में राजस्थान टीम जो भाग लेगी उसको टी-शर्ट प्रदान किये जाएंगे। प्रतियोगिता में एन्ट्री फीस एकल छह सौ व युगल 1200 रुपये की गई हैं, वहीं वॉकओवर समय पर नहीं करने पर एक हजार रुपये की पेनल्टी रखी गई है।

# उबेर कप 2024: क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से हारी भारतीय महिला बैडमिंटन टीम

चेंगदू। एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम को एकल खिलाड़ियों के शानदार प्रयास के बावजूद गुरुवार को उबेर कप 2024 के अभियान क्वार्टर फाइनल में पूर्व चैंपियन जापान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ इस टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त हो गया। सभी अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में, भारतीय युवा दल ने कनाडा और सिंगापुर पर दो शानदार जीत के साथ अंतिम आठ चरण में जगह बनाई थी। शुरूआती एकल मैच में, विश्व की 11वें नंबर की खिलाड़ी अया ओहोरी ने अश्मिता चालिहा को



एक घंटे सात मिनट तक चले मैच में 21-10, 22-24, 21-15 से शिकस्त दी।

इसके बाद नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की विश्व नंबर 4 जोड़ी ने राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को 21-8, 21-9 से हराकर जापान की बढ़त को दोगुना कर दिया।

अंतिम एकल मुकाबले में इशरानी बरुआ ने पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा को अच्छी चुनौती दी और शुरूआती गेम में 14-11 की बढ़त भी बनाई, लेकिन अनुभवी जापानी खिलाड़ी ने अगले 11 में से 10 अंक जीतकर बाजी पलट दी।

दूसरा गेम भी पहले गेम जैसा ही रहा क्योंकि दोनों खिलाड़ी 9-9 तक बराबरी पर रहीं, उसके बाद ओकुहारा ने बढ़त बना ली और अंत में 21-15, 21-12 से मैच अपने नाम कर क्वार्टर फाइनल में जापान को जीत दिला दी। थॉमस कप खिताब का बचाव कर रही भारतीय पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में चीन से भिड़ेगी।

# वाणिज्य

यूपीआई जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए हुआ समझौता

## एनपीसीआई ने यूपीआई के लिए बैंक ऑफ नामीबिया के साथ किया समझौता

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की विदेशी शाखा ने गुरुवार को बैंक ऑफ नामीबिया (बीओएन) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौता नामीबिया के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) जैसी त्वरित भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए किया गया है। एनपीसीआई ने एक बयान में बताया कि अफ्रीकी राष्ट्र में यूपीआई जैसी वास्तविक समय भुगतान प्रणाली विकसित करने के लिए बैंक ऑफ नामीबिया के साथ अपनी साझेदारी महत्वपूर्ण है। ये अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूपीआई के लिए किसी केंद्रीय बैंक के साथ हमारा पहला सहयोग है। हम ह्यमेड इन इंडियाह्न तकनीक के साथ नामीबिया के नागरिकों की



सहायता के लिए उत्साहित हैं। दोनों देशों के बीच हुए समझौते का उद्देश्य भारत की यूपीआई प्रौद्योगिकी और अनुभवों का लाभ उठाकर नामीबिया को अपने वित्तीय परिवेश तंत्र को आधुनिक बनाने में मदद करना है। इस समझौते में घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय भुगतान तंत्र के साथ पहुंच, सामर्थ्य व संपर्क और अंतर-संचालन में सुधार करना शामिल है। इस मौके पर एनपीसीआई इंटरनेशनल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा कि इस प्रौद्योगिकी को सक्षम करने से देश को डिजिटल भुगतान परिदृश्य में संप्रभुता प्राप्त होगी। इसके साथ ही बेहतर भुगतान अंतर-संचालन एवं वंचित आबादी के लिए बेहतर वित्तीय पहुंच से लाभ होगा।

बैंक ऑफ नामीबिया के गवर्नर जोहान्स गवाक्सैब ने कहा कि हमारा मकसद वंचित आबादी के लिए पहुंच और सामर्थ्य को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि 2025 तक भुगतान साधनों की पूर्ण अंतर-संचालनीयता हासिल करना, वित्तीय क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना और एक सुरक्षित एवं कुशल राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली सुनिश्चित करना है।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 205 अंक उछला

नई दिल्ली। एजेंसी

इस हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में बढ़त दिख रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 205.15 अंक यानी 0.28 फीसदी की उछाल के साथ 74,687.93 अंक पर ट्रेंड कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का (निफ्टी) भी 64.65 अंक यानी 0.29 फीसदी की बढ़त के साथ 22,669.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान बीपीसीएल, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, अडाणी एंटरप्राइजेज और कोल इंडिया के शेयरों में तेजी जारी है, जबकि कोटक महिंद्रा बैंक, हिंडाल्को, मारुति सुजुकी, डिवीज लैब्स, भारती एयरटेल,



विप्रो और इंफोसिस के शेयर कमजोरी पर ट्रेंड कर रहे थे। हालांकि, निफ़्टी आईटी इंडेक्स मामूली कमजोरी पर कारोबार कर रहा है, जबकि बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी दिख रही है। उल्लेखनीय है कि एक मई को मजदूर और महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर शेयर बाजार बंद था। इससे पहले 30 अप्रैल को शेयर बाजार में गिरावट के साथ बंद हुआ था। सेंसेक्स 189 अंक की गिरावट के साथ 74,482 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 38 अंक की गिरावट के साथ 22,604 के स्तर पर बंद हुआ था।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में पहले के मुकाबले कुछ गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य घटकर 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 83.88 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 79.43 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## अडाणी पोर्ट्स का चौथी तिमाही में मुनाफा 77 फीसदी बढ़कर 2,014 करोड़ रुपये




नई दिल्ली। एजेंसी

अडाणी समूह की कंपनी अडाणी पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का मुनाफा 76.87 फीसदी बढ़कर 2,014.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एपीएसईजेड ने गुरुवार को शेयर बाजार को जानकारी दी कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसकी एकीकृत कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा जनवरी-मार्च तिमाही में कुल व्यय बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76.87 फीसदी बढ़कर 2,014.77 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में कंपनी को 1,139.07 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

## एक नजर

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कॉलेज के बच्चों से की अपील



**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के कैंट विधानसभा में स्वतंत्र कॉलेज में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ आनंद त्रिपाठी की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने कॉलेज के बच्चों से पूरे परिवार के साथ निकल कर समूह में मतदान करने और कराने की अपील की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग गौ सेवा संयोजक शरद चंद्र, भाग सामाजिक सद्भाव प्रमुख डॉ धनंजय गुप्ता,पूर्व पार्षद व सिंधी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष नानक चंद्र, सामाजिक कार्यकर्ता दर्पण सहित वक्ताओं ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। दर्पण ने कहा कि आज स्कूल कॉलेज के बच्चे लोकतंत्र के पर्व में अपनी भूमिका निभाने के लिए क्या कर सकते हैं, इस पर छात्रों एवं वक्ताओं ने कहा कि अपने परिवार के सभी सदस्यों को सुबह के वक्त मतदान के लिए प्रेरित कर सकते हैं। अपने घर में सभी मतदाता को बूथ तक पहुंचा सकते हैं। और आखिर में मम्मी पापा, भाई बहन के साथ सेल्फी भी खिंचवा सकते हैं। जिसे अपने फेसबुक, ट्वीट अकाउंट पर पोस्ट कर सकते हैं।

### लायंस क्लब ने लगाया मेडिकल कैंप

**ऋषिकेश।** लायंस क्लब रॉयल ने देहरादून रोड स्थित अभिनव फ्यूल में गुरुवार को एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में देहरादून के मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टर्स की टीम ने निःशुल्क चिकित्सा जांच की। डॉक्टर्स की टीम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनंदिता, न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. दृष्टि गुप्ता, जनरल फिजिशियन और नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अर्चना शामिल रहीं। क्लब अध्यक्ष सुशील छाबड़ा ने बताया कि लायंस क्लब एक सामाजिक संस्था है। हमारा क्लब समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत रहता है। क्लब द्वारा पांच रुपये में भोजनसेवा पिछले 15 दिन से छोटी सब्जी मंडी के सामने चल रही है। इसी क्रम में क्लब द्वारा गुरुवार को एक विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अथिति राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने रिबन काटकर किया।

### सड़क पर खड़ी ट्रक में घुसी बाइक, युवक गंभीर

**मीरजापुर।** चील्ह थाना क्षेत्र के चेतगंज चौकी अंतर्गत चील्ह-गोपीगंज मार्ग पर मझगवां स्थित आरा मशीन के सामने सड़क पर खड़ी हाईवा (ट्रक) में पीछे से बाईक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां उसकी हालत गंभीर है। ।वासी रोहित कुमार मौर्य (25) मौर्या बुधवार की देर रात बाइक से रिश्तेदार के घर पुरजागिर जा रहा था। मझगवां गांव के पास आरा मशीन के सामने पहुंचा ही था कि सड़क पर खड़ी हाईवा ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को हिरासत में लेते हुए घायल बाइक सवार को मंडलीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जबकि हाईवा चालक घटना के बाद मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

### पट्टीदारों में जमीनी विवाद में जमकर चले लाठी डंडे, दो लोगों की मौत

**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के पल्टूपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पट्टीदारों में गुरुवार की सुबह मारपीट हो गई। जिसमें दो लोगों को गंभीर चोटें आयीं। आनन-फानन में परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल ले गए,जहां पर दोनों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग और भी घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पल्टूपुर गांव में दशरथ यादव एवं शेषनाथ यादव के बीच पट्टे की जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। गुरुवार की सुबह दशरथ यादव अपनी पट्टे की जमीन पर मढ़हा रख रहे थे कि शेषनाथ यादव अपनी जमीन बताकर रोकना शुरू किया और देखते ही देखते लाठी डंडों एवं लोहे की राड से जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में दशरथ यादव(60), भाई सुभाष यादव(40), भरत लाल यादव(44) पुत्रगण पारसनाथ यादव एवं सुनील यादव पुत्र दशरथ यादव(23), अमित यादव पुत्र भरत लाल यादव(13) घायल हो गए। सभी घायलों को उठाकर दो घंटे बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसठी इलाज के लिए ले जाया गया।

### वर्कशॉप के बाहर खड़ी दो कारों में लगी आग

**श्हरिद्वार।** मंगलौर थाना क्षेत्र में मंडावली-नारसन बार्डर के पास बालाजी वर्कशॉप के बाहर खड़ी दो कारों में आधी रात को आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। इस घाटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। कार जलकर राख हो गईं। जानकारी के अनुसार बीती आधी रात फायर यूनिट मंगलौर को मंडावली-नारसन बार्डर के पास बालाजी वर्कशॉप के बाहर दो कारों में आग लगने की सूचना मिली। टीम घटनास्थल पर पहुंची और कार में लगी आग को बुझाया। दोनों पुरानी कारें अमरेश कुमार निवासी मंडावली की बताई जा रही है।

# आपदा के लिए विशेष राहत पैकेज के नाम पर केन्द्र से एक धेला नहीं मिला : राजेश

● वर्तमान सरकार ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का पैकेज प्रभावितों को प्रदान किया



**शिमला। एजेंसी**

तकनीकी शिक्षा एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धमार्णी ने वीरवार को भाजपा नेताओं पर पलटवार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले साल आई भयंकर आपदा में भाजपा का योगदान शून्य है। धमार्णी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने विशेष राहत पैकेज के नाम पर हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावितों को एक धेला नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपने सीमित संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का पैकेज प्रभावितों को प्रदान किया, जिससे उन्हें मुश्किल घड़ी में बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को फिर से बसाने के लिए राज्य सरकार ने वर्षों से चले आ रहे राहत एवं पुनर्वास नियमों में बदलाव किया, क्योंकि पुराने नियमों के अनुसार मिलनी वाली मुआवजा राशि बहुत कम थी।

इस मामूली राहत से किसी भी आपदा प्रभावित के लिए अपने घर का पुनः निर्माण करना संभव नहीं होता है। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मुआवजे राशि में ऐतिहासिक बढ़ौतरी कर पूरे देश के समाने एक मिसाल पेश की।

राजेश धमार्णी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से राज्य के लगभग 25,000 आपदा प्रभावित परिवारों को फिर से बसाया है। राहत पैकेज के तहत घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर मिलने वाली 1.30 लाख रुपए की सहायता राशि को 7 लाख रुपए किया गया। आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने वाले मकान की मुआवजा राशि को 6000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा राहत पैकेज पहली बार दिया गया और किसी भी आपदा की स्थिति में प्रभावितों को मिलने वाला यह सबसे अधिक उदार पैकेज है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपदा के समय केवल मात्र राजनीति की और प्रदेश की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने पर लाए गए विधानसभा प्रस्ताव का समर्थन न कर आपदा प्रभावितों के जख्मों पर नमक छिड़का।

उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में केन्द्र से विशेष राहत पैकेज प्राप्त करने में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू बार बार केन्द्रीय मंत्रियों से मिलते रहे जबकि भाजपा के तीनों सांसदों ने एक बार भी यह मुद्दा संसद तथा प्रधानमंत्री के समक्ष नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि जिनका आपदा प्रभावितों की सहायता में कोई योगदान नहीं है वे राज्य सरकार से सवाल पूछने की हकदार नहीं है।

### अलवर में पानी के लिए जिंदगी बनी जंग प्रशासन लाचार

अलवर। शहर में दिन में सूरज के गर्म तेवर और हर एक घर की चौखट पर सिर्फ नाम मात्र पानी। पिछले कई वर्षों से शहर के यही हालात है। यहां के वाशिंदे बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। सरकारी आती-जाती रहीं, लेकिन वायदों और आश्वासनों के अलावा जलदाय विभाग के अधिकारियों के पास ठोस धरातल पर साकार होने वाली कोई योजना नहीं है। चुनाव में कभी चंबल का पानी तो कभी ईआरसीपी का मुद्दा गूंजता रहा है, लेकिन बेचारी जनता हरबार पानी नहीं मिलने पर प्रदर्शन कर अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। शहर में जल संकट का फिलहाल ना तो प्रशासन के पास कोई बंदोबस्त है ना ही जनप्रतिनिधियों के पास कोई स्थाई समाधान है। पानी के लिए शहर के वाशिंदे स्वयं के स्तर पर जद्दोजहद कर रहे हैं। सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के नेता केवल बयानवीर बनकर बयानों से जनता के प्यासे कंठों को तर कर रहे हैं तो वहीं जलदाय विभाग के अधिकारियों का वही पुराना रोना शहर वासियों के लिए विकराल समस्या बनकर खड़ा है।

## वर्तमान शिक्षा नैतिक मूल्यों के बिना अधूरी : डॉ. गिरीश

**रायपुर। एजेंसी**



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के नैतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के लिए शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में गुरुवार को आयोजित समर कैम्प का शुभारम्भ इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल, आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल ने कहा कि पहले घर में माता-पिता और बुजुर्गों से जो शिक्षा मिलती थी वह आज नहीं मिल पा रही है। नैतिक शिक्षा के अभाव में हम बच्चों को भविष्य में मिलने वाली असफलता के लिए तैयार नहीं कर पा रहे हैं। फलस्वरूप बच्चे अपने जीवन को ही समाप्त कर लेते हैं। वर्चुअल शिक्षा पर ज्यादा निर्भर होने के कारण परिवार में वैचारिक लेन-देन का अभाव सा हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में टिके रहने के लिए आशा और निराशा दोनों का सामना करने की शक्ति हमारे अन्दर होनी चाहिए। इसलिए पारम्परिक शिक्षा पद्धति में नैतिक शिक्षा को शामिल करने की जरूरत है।

आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने कहा कि जीवन में अनेक समस्याएं आएंगी किन्तु उन चुनौतियों से घबराकर दूर नही भागना है। बल्कि उनका सामना कर आगे बढ?ा है। तभी हम सफल कहलाएंगे। उन्होंने बतलाया कि घड़ी को अंग्रेजी में वाच कहते हैं। इसका एक-एक शब्द हमें शिक्षा देता है। पहला शब्द है डब्लू जो कि हमें बतलाता है कि वाच युअर वर्ड अर्थात अपने शब्दों पर ध्यान दो। सबसे मीठा बोलो। कटु वचन न बोलो। फिर है -ए शब्द जो कहता है कि वाच युअर एक्शन अर्थात अच्छे कर्म करो। फिर आता है -टी शब्द जो कहता है कि वाच युअर थॉट्स। सदैव सबके लिए शुभ सोचो। फिर है सी अर्थात वाच युअर कैरेक्टर। हमारा व्यवहार ठीक हो। अन्त में है-एच शब्द जो कहता है कि वाच युअर हार्ट अर्थात इस जगत में जितने प्राणी हैं उन सबके साथ प्रेम से रहना।

रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि आज बच्चों के सामने जीवन को महान बनाने का कोई लक्ष्य नहीं है। जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान शिक्षा महज जीविकोपार्जन का माध्यम बनकर रह गई है। ऐसे समय पर ब्रह्माकुमारी संस्थान एकमात्र ऐसा संगठन है जहॉं पर मानव मात्र को दैवी गुणों से सम्पन्न बनाने का कार्य किया जा रहा है।

राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि बाल्यावस्था जीवन का सबसे अनमोल समय है। इस समय हम जैसा चाहें वैसा अपने संस्कारों और विचारों को ढाल सकते हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ दैवी गुणों को धारण करने पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए। तब ही उनका व्यक्तित्व सम्पूर्ण और आकर्षक बन सकेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी ने किया।

## आस्ट्रेलियाई मंत्री का भारतीय जासूसों के निष्कासन पर टिप्पणी करने से इनकार

**मेलबर्न। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने बुधवार को चार साल पहले दो भारतीय जासूसों को गुप्त रूप से ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित करने के मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अच्छे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार हुआ है। एक टीवी साक्षात्कार के दौरान ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स से पूछा गया कि क्या दो भारतीय जासूसों के गोपनीय तरीके से निष्कासन संबंधी ऑस्ट्रेलियाई न्यूज मीडिया और द वाशिंगटन पोस्ट की खबरों के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया का मित्र माना जा सकता है। चाल्मर्स ने कहा, मैं किसी भी तरह से इस तरह के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा, भारत के साथ और इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, दोनों पक्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में यह और घनिष्ठ हुआ है और यह अच्छी बात है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को संवाददाता

● भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अच्छे हैं, वर्षों में उनमें और सुधार हुआ है

सम्मेलन में भारत द्वारा कथित जासूसी के बारे में सवालों को टाल दिया और कहा कि वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है, जो चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड सुरक्षा वार्ता के सदस्यों के रूप में घनिष्ठ सैन्य संबंध विकसित कर रहे हैं। क्वाड (चार पक्ष वाले सुरक्षा संवाद) में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं।

द वाशिंगटन पोस्ट, द्यद सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड और ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प ने अज्ञात सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए जासूसों की पहचान रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के कर्मियों के रूप में की है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में फिलिस्तीन समर्थकों ने भवनों पर कब्जा किया

**वाशिंगटन। एजेंसी**



अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक भवनों में फिलिस्तीन समर्थकों ने कब्जा कर लिया है। हालात को काबू करने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी है। पुलिस ने हिंसा से निपटने के लिए सैकड़ों फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में हालात की भयावहता पर विस्तार से चर्चा की है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में बढ़ती हिंसा से निपटने के लिए पुलिस बुलाई गई है। लगभग सारे अमेरिका में यही हालात है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने डेरा डाल दिया है। कई शैक्षणिक भवनों को अपने कब्जे में ले लिया है। वह यहां से हटने के लिए तैयार नहीं हैं। इन परिसरों में पुलिस दाखिल हो चुकी है। लॉस एंजिल्स का कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय हिंसक झड़पों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 200 प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने उस भवन को निशाना बनाया जहां फिलिस्तीनी समर्थक जमे हुए हैं। इस समूह ने भवन को गिराने का प्रयास किया।

यहां कई घंटे तक दोनों पक्षों में भीषण टकराव हुआ। दोनों पक्ष भिड़ गिए और एक-दूसरे पर रसायनों का छिड़काव किया। इस हालात पर मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि न्यूयॉर्क में लगभग 300 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें कोलंबिया के छात्र भी शामिल हैं। कोलंबिया स्कूल के अध्यक्ष ने पुलिस से स्नातक स्तर की पढ़ाई पूरी होने तक परिसर में रहने का आग्रह किया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग दो सप्ताह में अमेरिकी परिसरों में 1,600 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है।

## सीएम ने शिप्रा नदी में लगाई डुबकी, नदी में गंदगी का मसला उठाने वालों को दिया संदेश

**उज्जैन। एजेंसी**



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार सुबह उज्जैन पहुंचे। उन्होंने यहां शिप्रा नदी में डुबकी लगाई। इस डुबकी के जरिए मुख्यमंत्री ने शिप्रा में गंदगी का मसला उठाने वालों को संदेश भी दिया। बता दें कि पिछले दिनों कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेश परमार शिप्रा में गंदगी का उल्लेख करते हुए नदी में उतरे थे और पानी का आचमन भी किया था। दरअसल, मोक्षदायिनी शिप्रा नदी शुद्धिकरण का मुद्दा लोकसभा चुनाव में भी गरमाया हुआ है। बीते सप्ताह रामघाट पर पानी की पाइप लाइन फूटने और सीवेज चैंबर ओवरफ्लो होने से गंदा पानी शिप्रा नदी में मिल गया था। इसके बाद कांग्रेस इस मुद्दे पर आक्रामक हुई थी। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी महेश परमार ने नदी में डुबकी लगाकर भाजपा को घेरा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अरबों रुपया खर्च करने के बाद भी नदी के ये हाल हैं। तब भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया ने इसे नौटंकी करार दिया था। गुरुवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव उज्जैन आए। वे शिप्रा नदी पर पहुंचे और डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र उज्जैन दक्षिण में प्रचार प्रसार कर कार्यकताओं की बैठक लेंगे। वे उज्जैन में अपने बूथ क्र. 60 पर जनसंपर्क करेंगे। यहां 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठों को आयुष्मान भारत के तहत फार्म भरवाएंगे। साथ ही नव मतदाता व लाभार्थियों से मिलेंगे।

### खाई में गिरे युवक को फायर कर्मियों ने बचाया

लोहाघाट। खाई में गिरे एक युवक के लिए फायर ब्रिगेड की टीम देवदूत बनकर आई। फायर कर्मियों ने रात के अंधेरे में कड़ी मशक्कत के बाद युवक को खाई से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। इससे युवक की जान बच गई। लोहाघाट ब्लॉक के ईड़ाकोट क्षेत्र में बुधवार देर रात एक युवक फिसल कर 500 फीट गहरी खाई में जा गिरा। आपातकालीन नंबर 112 से मिली सूचना पर लोहाघाट से फायर कर्मी एफएसएसओ चंदन राम के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचे। एफएसएसओ चंदन राम ने बताया कि लोहाघाट का रहने वाला रवि नाम का युवक अपने दोस्तों के साथ घूमने ईड़ाकोट क्षेत्र में गया था, तभी वह फिसल कर 500 फीट नीचे लोहावती नदी के किनारे जा गिरा। सूचना पर फायर टीम मौके पर पहुंची तथा गहरे अंधेरे में टोर्च की मदद से फायर टीम बड़ी मुश्किल से गहरी खाई में उतरी और घायल युवक को स्ट्रेचर व रस्सी की मदद से करीब एक घंटे के कठिन रेस्क्यू के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। और लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू काफी कठिन था, लेकिन फायर कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया।

**योजना**

**बोरवेल खुले पाए गए तो उसके मालिक पर दर्ज होगी एफआईआर**

## योजना में लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही करें: कलेक्टर

**रीवा। एजेंसी**

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बुधवार को नल-जल योजनाओं की प्रगति तथा पेयजल व्यवस्था की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिन नल-जल योजनाओं का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है, उनका कार्य 15 मई तक पूरा कराकर उसे ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कराएं। शेष नल-जल योजनाओं का कार्य 31 मई तक पूरा कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई नल-जल योजनाओं की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। जिन ठेकेदारों की प्रगति 15 प्रतिशत से कम है तथा समयावधि लगभग पूरी हो रही है उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें। प्रत्येक घर को नल का

● हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराएं



कनेक्शन देने के लिए तैयार कार्ययोजना में जिन गांव की बस्तियाँ छूट गई हैं उनके पूरक प्रस्ताव 15 मई तक अनिवार्य रूप से शासन को प्रेषित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने के कारण भूजल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। पेयजल की आपूर्ति के लिए जहाँ तक संभव हो सतही जल का उपयोग करें। हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराएं। साथ ही वाहन एवं अन्य संसाधनों के साथ हैण्डपंप सुधार के लिए दल तैनात करें। विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर पेयजल व्यवस्था के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छोटी-मोटी कठिनाई के कारण जो नल-जल योजनाएं बंद हैं उन्हें सुधारकर तत्काल चालू कराएं। पूर्ण नल-जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराएं। नल-जल योजनाओं से नल कनेक्शन के बाद ग्राम पंचायत निर्धारित राशि की वसूली करे। लक्ष्य में 70प्रतिशत से अधिक वसूली करने वाली ग्राम पंचायतों को जिला खनिज मद से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पूरे जिले में 30 अप्रैल तक अभियान चलाकर अनुपयोगी और खुले बोरवेल बंद कराए गए हैं।

## पांच चरण में मतदान कराने में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद : शरद

**मुंबई। एजेंसी**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि देश में सात चरणों और महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनाव करवाने में चुनाव आयोग की भूमिका संदेहास्पद है। इसके साथ ही चुनाव में मतदान का प्रतिशत घटना और भी चिंताजनक है। एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार से नाराज है, इसी वजह से उनकी भीड़ हमारी सभाओं में दिखती है। मोदी को महाराष्ट्र में पिछले साल की तुलना में कम सीटें मिलेंगी। गर्म मौसम का असर मतदान पर पड़ रहा है। चुनाव आयोग को इस



दिशा में उपाय योजना करने की जरुरत है। शरद पवार ने सवाल उठाया कि चुनाव आयोग ने देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव क्यों कराये? इसका समाधानकारक उत्तर चुनाव आयोग नहीं दे सका है। महाराष्ट्र में भी इससे पहले कभी पांच चरण का मतदान नहीं हुआ था। पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में अलग-अलग चरणों में चुनाव क्यों? एक चरण में भी चुनाव कराए जा सकते थे।

मोदी बार-बार महाराष्ट्र आ रहे हैं ताकि उन्हें ज्यादा जगहों पर जाने का मौका मिल सके, जानबूझ कर पांच चरणों में चुनाव कराए गए। शरद पवार ने दावा किया कि मतदान प्रतिशत कम होना भी चिंताजनक है। गर्म मौसम का असर है। शहरी मतदान में महाराष्ट्र के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। लोग मोदी सरकार से नाराज हैं। लोग हमारे दौरे में हिस्सा ले रहे हैं।

# एक नजर

## बीडीओ ने सेक्टर के मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व बीएलओ सुपरवाइजर के साथ की बैठक



**गिद्दी।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ड़ाड़ी के द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, एवं बीएलओ सुपरवाइजर के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार के साथ-साथ सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए।बैठक में सभी बूथों से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। साथ ही किसी भी बूथ पर अभी भी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो उसे दो दिन में जाँच कर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। ताकि इस पर आवश्यक कार्रवाई ससमय किया जा सके।

## 14 लोस हजारीबाग क्षेत्र के लिए मो. मोइन उद्दीन अहमद और मो. सिराज ने नामांकन दर्ज किया





## स्व. राजाराम सोरेन के निधन पर शोक सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का होगा आयोजन



**गोला(रामगढ़)।** गुरुवार को डाक बंगला परिसर गोला स्थित गुनगुन पैलेस में एक बैठक कर सामाजिक संस्था (गट्र्स) के केन्द्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े भाई झारखंड आंदोलनकारी स्व. राजाराम सोरेन का आकस्मिक निधन विगत दिनों हो गई, जिनकी शोक सभा सह श्रद्धांजलि कार्यक्रम दिनांक 05/05/2024 दिन रविवार को गट्र्स प्रधान कार्यालय गोला डाक बंगला में सुबह 9 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गट्र्स संस्था के संस्थापक सदस्य भागीरथ महतो, संस्था के युवा संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती, संस्था के प्रोग्राम संचालक मो. इरफान उल्लाह, काँग्रेस नेता बजरंग महतो, आंदोलनकारी संघर्ष समिति जिला अध्यक्ष कार्तिक महथा, रंजीत करमाली, मृत्युंजय पोद्दार, बाबला भाई, आदित्य महतो कार्यालय प्रभारी, मो. परवेज एवं संस्था के सभी पदाधिकारी साथियों सभी संस्थाओं के साथी तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षाविद्, मजदूर एवं किसानों से अपील की गई कि सभी लोग क्षेत्र के महान आंदोलनकारी, समाजसेवी, गरीबों एवं मजलूमों की आवाज रहे स्व. राजाराम सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने ज्यादा से ज्यादा लोग पहुँचे।

## लापता बुजुर्ग का शव झारखंड इस्पात फैक्ट्री के सामने जंगली टोंगरी में मिला



**गिद्दी।** थाना क्षेत्र के झारखंड इस्पात फैक्ट्री के समीप स्थित मांझी होटल के बगल के जंगली टोंगरी से गुरुवार को एक सप्ताह से लापता वृद्ध का शव सड़ी गली अवस्था में बरामद हुआ। बताया जाता है कि लाश को वाहन चालकों ने शौच जाने के क्रम में दुर्गंध होने के बाद देखा। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली लोगों की भीड़ शव कों देखने पहुंच गई। जानकारी मिलने पर पहचान करने अरगड्डा न्यू कॉलोनी से अशोक प्रसाद उक्त स्थल पर पहुंचे। शव की पहचान गंजी और गमछे से किया गया। मृतक के पुत्र अशोक प्रसाद ने बताया कि मेरे 72 वर्षीय सीसीएल से सेवानिवृत पिता अवधेश प्रसाद बीते 25 अप्रैल कों घर से दुकान जाने के लिए निकले थे। बहुत खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला था। वे सीसीएल से 2014 में सेवानिवृत्त हुए थे।काफी खोजबीन के बाद गुरुवार कों उनका मृत शरीर झारखंड इस्पात के सामने जंगली टोंगरी जंगल क्षेत्र से बरामद किया गया। वही रामगढ़ एवं गिद्दी पुलिस ने संयुक्त रूप से जांच पड़ताल किया। मामले को लेकर गिद्दी पुलिस ने युडी केश दर्ज करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेज दिया हैं। मौके पर गिद्दी थाना के अनिल सिंह, समाजसेवी दिलीप भुईया, दिलीप पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

# टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन ने मतदाता जागरूकता सत्र का आयोजन किया

संवाददाता

**वेस्ट बोकारो/(रामगढ़)।** टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन ने 30 अप्रैल को टाटा स्टील फाउंडेशन, वेस्ट बोकारो के सहयोग से टाटा स्टील फाउंडेशन के कोंफ्रेस हाल में मतदाता जागरूकता सत्र का आयोजन किया' जिसका उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों को चुनाव में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करने और इस संबद्ध में जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदन कुमार, उपायुक्त, रामगढ़ थे।

इस अवसर पर आशीष गंगवार, सब- डिवीजनल ऑफिसर, रामगढ़, रवीद्र कुमार गुप्ता ,डेप्युटी इलैक्शन ऑफिसर, रामगढ़,राजेश कुमार, चीफ, सीईपी, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील, संजय



कोंगारी, ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस, मांडू और मुद्दसत नजर मंसूरी, सर्कल ऑफिसर, मांडू उपस्थित थे।

इस अवसर पर चंदन कुमार उपायुक्त, रामगढ़ ने लोगो से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील करते हुए कहा की आम चुनाव - 2024 में इस बार रामगढ़ जिले का मतदान का लक्ष्य 85 % है। और जिले के हर मतदाता का यह कर्तव्य है की वो अपने मतदान का प्रयोग कर एक जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाएँ। जिला प्रशाशन ने सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की है। टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन ने भी अपने क्षेत्रों के बूथो पर पीने का पानी, व्हील चेयर और शौचालय की व्यवस्था की है जो सरहनीय है।

इस मौके पर आशीष गंगवार, एसडीओ रामगढ़, रवीद्र कुमार गुप्ता ,डेप्युटी इलैक्शन ऑफिसर, रामगढ़, राजेश कुमार, चीफ, सीईपी, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील ने भी मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में नागरिक भागीदारी और सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

रवीद्र कुमार गुप्ता ,डेप्युटी इलैक्शन ऑफिसर, रामगढ़ ने उपस्थित सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलवाई।

सत्र में रिश्ता प्रोजेक्ट के किशोरों द्वारा एक मनोरम नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया, तथा सत्र में मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम के अंत में हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसका आरंभ चंदन कुमार उपायुक्त, रामगढ़ ने किया।

## कोडरमा लोस से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने नामांकन दाखिल किया



संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार वह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को गिरिडीह के उपायुक्त सह कोडरमा लेकसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कोडरमा विधानसभा की विधायक डॉ नीरा यादव, अर्पणा सेन गुप्ता, लुईस मरांडी, अमित यादव, रंधीर सिंह विधायक सहित, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डेय, पूर्व विधायक मनोज यादव, प्रणव वर्मा कोडरमा के भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी कोडरमा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रामचंद्र सिंह, रवि मोदी सहित भारी संख्या में लोग नामांकन कक्ष के बहार खड़े थें नामांकन के बाद गिरिडीह के झंडा मैदान में हजारों की संख्या में जन-समूह के समक्ष एक जन सभा का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा की उमड़े जन सैलाब को देखकर यह साफ पता चलता है की कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित है साथ ही उन्होंने बड़े विश्वास के साथ कहा की झारखण्ड की सभी सीटों पर भाजपा और आजसू की जीत सुनिश्चित है साथ ही पुरे देश में नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है।

## पिथोरिया क्षेत्र में कुछ विद्यालयों द्वारा सरकारी आदेश की अवहेलना

**पतरातू ।** ज्ञात हो कि भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार के द्वारा आदेश जारी किया गया है कि *नर्सरी से वर्ग आठ* तक के बच्चों की कक्षाएं स्थगित रहेंगी। लेकिन पिठौरिया क्षेत्र के कुछ विद्यालयों ने सरकारी आदेश को अनदेखा करते हुए या यू कहे की सरकार के इस आदेश की अवहेलना करते हुए कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को ह्व३ँङ्ग४३ वल्लाङ्ग१ इस भीषण गर्मी में भी स्कूल बुला रहे हैं।

ये कुछ निजी विद्यालयो के मालिको ने अपने निजी लाभ के लिए इस भीषण गर्मी में बच्चों के स्वास्थ के साथ खिलवाड कर रहे हैं और सरकार के आदेश को चुनौती दे रहे हैं। ग्रामीणों ने सरकार से अनुरोध किया है की सरकार को इस पर संज्ञान लेते हुए त्वरित कारवाई करनी चाहिए।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है।

इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कनक तिर्की के द्वारा गुरुवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह के नेतृत्व में जेएसएलपीएस दीदियों द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता पुस्तक व बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गर्व₹ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान बीएलओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाने वाले बाजार हाटों में घूम घूम कर सभी मतदाताओं को आगामी 20 मई 2024 को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने की अपील किया गया।

## तीन अभियुक्त के हथियार के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को बुधवार को गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ जिला में रांची से कुछ अपराधकर्मी मोटरसाईकिल से हथियार से लैश होकर किसी घटना को अंजाम देने लिए आने वाले है और घटना को अंजाम देकर वापस भागने वाले हैं। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ० विमल कुमार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी थाना प्रभारी, रामगढ़ जिला को एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

साथ ही संबधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक को निगरानी करने हेतू निर्देशित किया गया। उक्त आदेश के आलोक में सभी थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र मे गहनतापूर्वक एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इसी क्रम में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक पतरातू एवं पतरातू थाना पुलिस द्वारा पतरातू -खलारी



मुख्य मार्ग पर एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। खलारी से पतरातू की ओर आ रही एक काले नीले रंग की डिस्कवर मोटरसाईकिल सं0 जेएच01 आर 2171 सवार तीन व्यक्ति पुलिस बल को देख मोटरसाईकिल पीछे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। गुरूवार को इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया की पुलिस बल द्वारा मोटरसाईकिल सं0 जेएच01 आर 2171 पर सवार तीनों व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस बल द्वारा पकडे. गऐ तीनों व्यक्ति का नाम-पता पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया रमेश मुंडा, उम्र करीब 39 वर्ष पिता-स्व बीरू मुंडा सा० हिरिंग , रूपण हांसदा उम्र करीब 28 वर्ष पिता-बदु मांझी, सा-पंडरिया और बलतु मांझी उम्र करीब 35 वर्ष, पे- बदु मांझी, सा-पंडरिया तीनों थाना बुड़मु, जिला-रांची बताया। पकड़े गए व्यक्तियों की विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में 1. एक लोडेड देसी कट्टा, एक 7.65 एमएम का देसी पिस्टल 3. 315 एमएम का दो 2 जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# समाज के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : अग्रवाल

संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव में मारवाड़ी समाज की भूमिका क्या होगी समाज की लगातार अनदेखी करने वाले नेताओं और पार्टियों को किस तरह से सबक सिखाना है और मारवाड़ी समाज की मान-सम्मान के लिए समाज को कैसे एकजुट किया जाए इसको लेकर रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन की कार्यकारणी की एक बैठक जिला अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता व प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया कि उपस्थित में बुधवार 1 मई को स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मारवाड़ी समाज की मारवाड़ी धर्मशाला में 12 मई को बैठक रखी जाय बैठक में रामगढ़ जिला मारवाड़ी समाज के सभी लोगों को आमंत्रित किया



जाए समाज की विशाल बैठक कर यह संदेश दिया जाए की दूसरे समाज की तरह ही मारवाड़ी समाज भी एकजुट है और अपने मान सम्मान और अधिकार के लिए कुछ भी करने को तैयार है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय मंत्री बिमल बुधिया ने कहा कि मारवाड़ी समाज की अनदेखी करने वाली पार्टियों व नेताओ को मुंह तोड़ जवाब देने का समय आ गया है।

चुनाव में अगर मारवाड़ी समाज अपनी एकजुटता का परिचय देता है और यह प्रण लेता है कि हम लोग लोकसभा व विधान सभा चुनाव में उसी पार्टी और नेता को समर्थन देंगे जो मारवाड़ी समाज के साथ कदम पर कदम मिलाकर चलने का वादा करेगा मारवाड़ी समाज के किसी व्यक्ति के ऊपर अगर मुसीबत आती है तो उसकी मदद करेगा तो पार्टी और नेता अपने आप सुधार जायेगे। अभी जो परिस्थितियों है उसके अनुसार किसी की पार्टी का नेता उम्मीदवार मारवाड़ी समाज से केवल वोट पाने की उम्मीद रखता है काम आने के वक्त अपना पल्ला झाड़ लेते हैं ऐसी पार्टी और नेताओं से मारवाड़ी समाज को दूरी बनाकर रखना है।

## होली चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव सह फेट का आयोजन

**झुमरी तिलैया।** बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल द्वारा वार्षिकोत्सव और फेट का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। स्कूल द्वारा कार्यक्रम का नाम आगाज 2.0 रखा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रानी झांसी की जीवनी, श्री राम और सबरी की कहानी पर प्रकाश, बूगी वूगी डांस सहित कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावकगणों के सम्मान में एक शानदार गीत की प्रस्तुति की गई।

छात्रों के अभिभावकगण सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम को देखने के लिए स्कूल परिसर पर पहुंचे व कार्यक्रम का आनंद उठाया` कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह कोडरमा विधान सभा क्षेत्र की नेत्री शालिनी गुप्ता होली चाइल्ड स्कूल के संरक्षक निर्मल कुमार ओझा, प्रिंसिपल प्रियंका ओझा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## विद्यालयों में अवस्थित बूथों का बीडीओ ने किया निरीक्षण



संवाददाता

**गिद्दी।** डाडी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशांत कुमार मुखर्जी द्वारा प्रखंड के गिद्दी समेत कई बूथों का निरीक्षण किया गया। और मुलभुत कमियों कों दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

इस क्रम में बसकुदरा प्राथमिक विद्यालय, रेलीगढा दो तल्ला प्राथमिक विद्यालय, आदर्श मध्य विद्यालय बालक गिद्दी ए,उर्दू विद्यालय गिद्दी ए,कन्या मध्य विद्यालय गिद्दी ए ,सीसीएल ऑफिसर्स क्लब गिद्दी ए,राजकीय मध्य विद्यालय हेसालोंग में अविस्थित बूथों का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा किया गया।

जिन बूथों में कमियां पाई गई हैं। उसे दुरस्त करवाने हेतु संबंधितों को निर्देश दिया गया।उक्त निरीक्षण के क्रम में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, पंचायत सचिव, बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# मतदान संपन्न कराने को लेकर अधिकारियों संग डीसी ने की बैठक

संवाददाता

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर अब तक हुए कार्यों की बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में टाउन हॉल रामगढ़ में समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से रामगढ़ जिले में मतदान संपन्न कराने



को लेकर किए जा रहे कार्यों की क्षेत्रवार संबंधित अधिकारियों से समीक्षा की गई वहीं उनके द्वारा समीक्षा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मौके पर उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता मतदान के दिन सुनिश्चित रखने, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने, शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने, जिले के विभिन्न सीमाओं पर बनाए गए चेकनाकों के माध्यम से नियमित जांच अभियान चलाने, उड़न दस्ता दलों द्वारा चलाए जाने वाले जांच अभियानों आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित कार्यों के दौरान कोई भी दुविधा सामने आने पर त्वरित वरीय अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर उसे दूर करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा भी निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर कई आवश्यक जानकारियां उपस्थित अधिकारियों को दी गई। बैठक के दौरान जिला स्तरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने मरकच्चो प्रखंड का किया दौरा

संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा द्वारा प्रखंडवार मतदान केंद्रों, क्लस्टर प्वाइंट व इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम पर मूलभूत सुविधाएं, रूट चार्ट, मतदान कर्मियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था/विधि व्यवस्था इत्यादि की जानकारी ली जा रही है। इस क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज द्वारा मरकच्चो प्रखंड का दौरा किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मरकच्चो प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती व पहाड़ों



के बीच बसे गांव में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इन सभी मतदान केन्द्रों पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था, मतदाताओं के लिए वाहनों की व्यवस्था, मतदान केन्द्रों पर शेड की व्यवस्था समेत मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली पानी शौचालय इत्यादि की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इन मतदान केन्द्रों पर सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करेंगे। मतदान कर्मियों को मतदान कराने में किसी प्रकार की दिक्कतें न हो, ख्याल रखेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999